CamScanner

CamScanner

6:28 pm 0 KB/s 47%

**OSHO Hindi Speech**
Aadi Guru · 8h

https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=122145480272011873&id=61550356216985&mibextid=Nif5oz

**Aadi Guru**
8h

ओशो ने मंदिर और पूजा पद्धति का विरोध क्या मूर्तियों का विरोध किया उसकी पूजा होने लगी उसकी तस्वीरें की पूजा होने लगी गौतम बुद्ध ने भी उसका विरोध किया बड़े-बड़े गौतम बुद्ध की मूर्तियां बनने लगी कभी ने उसका विरोध किया कबीर का मंदिर बनने लगा उसकी भी मूर्तियां खड़ी हो गई

सनातन धर्म में तुम्हारे मंदिर तुम्हारी मूर्ति पूजा इतनी विशेषता होती है कि उसके जैसा कोई शस्त्र नहीं है जितने भी इसका विरोध किया वह स्वयं कहीं ना कहीं मूर्ति बनाकर तस्वीर बनाकर इस पद्धति का आज हिस्सा बन चुका है इसीलिए तुम कभी भी अपने मंदिर अपनी पूजा पद्धति अपनी मूर्तियों का विरोध ना करो इससे तुम्हारी अज्ञानता ही फैलेगी अपने मंदिर अपनी पूजा पद्धति अपनी संस्कृति अपने योग को समझने का प्रयास करो स्वयं से किसी के भी बहकावे मत आओ किसी की भी बातों में मत आओ इसे सही तरीके से समझने का प्रयास करो

आदि आदि

CamScanner

किसी की उन्नति, वैभव को देखकर ईर्ष्या मत करो क्योंकि आपकी ईर्ष्या से दूसरों पर तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा मगर आपका स्वभाव जरूर विगड़ जाएगा। किसी दूसरे की समृद्धि या उसकी किसी अच्छी वस्तु को देखकर यह भाव आना कि यह इसके पास ना होकर मेरे पास होनी चाहिए थी, बस इसी का नाम ईर्ष्या है।

ईर्ष्या सीने की वो जलन है, जो पानी से नहीं अपितु सावधानी से शांत होती है। ईर्ष्या की आग बुझती अवश्य है किन्तु बल से नहीं, विवेक से। ईर्ष्या वो आग है जो लकड़ियों की नहीं अपितु आपकी खुशियों को जलाती है।

अत: संतोष और ज्ञान रूपी जल से इसे और अधिक भड़कने से रोको ताकि आपके जीवन में खुशियाँ नष्ट होने से बच सकें। जलो मत साथ- साथ चलो। क्योंकि खुशियाँ जलने से नहीं अपितु सदमार्ग पर चलने से मिला करती है।

CS CamScanner

CamScanner

पृथ्वी एक समग्र धर्म की प्रतीक्षा कर रही है। एक ऐसे धर्म की, जिसके मंदिर में सभी द्वार हों। एक ऐसे धर्म की जो मस्जिद भी हो, मंदिर भी हो, गिरजा भी हो, गुरुद्वारा भी हो। ऐसा मंदिर बनना ही चाहिए। बिना ऐसे मंदिर बने आदमी का अब कोई भविष्य नहीं है।

OSHO

CamScanner

**ओ'शो मंडली, दिवाने, मस्ताने, पागल**

2d ·

प्रेम और वासना

प्रेम! प्रतिक्षण बढ़ता है, जो प्रेम घटने लगे वह प्रेम नहीं वासना होगी!

वासना प्रतिक्षण घटती है। वासना का स्वरूप है; जब तक तुम्हें अपना काम-पात्र न मिले, बढ़ती हुई मालूम होती है। तुम एक स्त्री को चाहते हो, वह न मिले तो कामवासना बढ़ती जाती है, उबलने लगती है, सौ डिग्री पर ज्वर चढ़ जाता है, भाप बनने लगते हो, सारा जीवन दांव पर लगा मालूम पड़ता है; और मिल जाए! उसी पल से घटना शुरू हो जाती है। वासना का लक्षण यह है! जब तक न मिले तब तक बढ़ती है; मिल जाए, घटने लगती है।

प्रेम का लक्षण यह है! जब तक न मिले तब तक तुम्हें पता ही नहीं कि प्रेम क्या है; जब मिलता है तब बढ़ता है। प्रेमी पात्र जैसे ही मिलता है वैसे ही बढ़ता जाता है। प्रेम सदा दूज का चांद है, पूर्णिमा का चांद कभी होता ही नहीं; बढ़ता ही रहता है; ऐसी कोई घड़ी नहीं आती जब घटे! प्रेम सतत वर्द्धमान, सतत विकासमान है, सतत गतिमान है! कहीं ठहरता ही नहीं, प्रवाहरूप है। प्रतिक्षण बढ़ता है, विच्छेद-रहित है। विच्छेद कभी होता ही नहीं। मिलन हुआ? सदा को हुआ। मिलन हुआ? शाश्वत हुआ। जब तक मिलन नहीं हुआ! तब तक विच्छेद है, मिलन होते ही फिर कोई विच्छेद नहीं, प्रेम सूक्ष्म से भी सूक्ष्म है, प्रेम से ज्यादा सूक्ष्म और कुछ भी नहीं, प्रेम शून्य का संगीत है..!!

ओशो

CS CamScanner




CamScanner


जो मुझे प्रेम करते हैं उनकी संख्या भी बड़ी है,
और जो मुझे घृणा करते हैं उनकी संख्या तो
बहुत बड़ी है। और मैं दोनों के प्रति आभारी हूं।
क्योंकि जो मुझे प्रेम करते हैं वे तो मेरे रस में डूबेंगे ही
डूबेंगे, जो मुझे घृणा करते हैं वे आज नहीं कल,
कल नहीं परसों राह से किताब को उठाकर पढ़ेंगे।
उनके भी बचने का उपाय नहीं है। उन्होंने घृणा करके
ही अपने आप, मेरे साथ संबंध जोड़ लिया।
यूं नाराजी में जोड़ा है, मगर संबंध तो संबंध है।
मैं तुम्हारी मनःस्थिति समझ सकता हूं,
तुम्हारा प्रेम समझ सकता हूं।
लेकिन तुम्हें भरोसा दिलाना चाहता हूं,
कि तुम्हारे प्रेम के सहारे ही
जिंदा हूं, अन्यथा मेरे लिए
कोई जीने का कारण नहीं है।
ओशो
कोपलें फिर फूट आईं-(प्रवचन-08)

CamScanner

CS CamScanner




CS CamScanner


osho
मन बनिया बान न छोड़े
(प्रवचन-11)
मन से जो मुक्त है,
वह परमात्मा से युक्त हो जाता हैं।
मन से जो शून्य है,
वह परमात्मा से पूर्ण हो जाता हैं।

CamScanner

ओ शो वाणी

Manish Agrawal · 1d ·

सूक्ष्म नाक का अर्थ-भारतीय दर्शन में 3 शरीरों की बात कही गई है। स्थूल शरीर,सूक्ष्म शरीर,कारण शरीर। एक संत ध्यान द्वारा उन शरीरों की बनावट देख पाता है और अपनी मौत के बारे में जान पाता है। 💯




CamScanner



ओशो
जीवन रहस्य

ओशो
निर्वाण
समूह

जिस दिन से यह जिंदगी व्यर्थ दिखाई पड़नी शुरू हो जाए, उस दिन मैं कहूंगा आपकी असली जिंदगी शुरू हुई, आपका असली जन्म शुरू हुआ। और उस तरह के आदमी को ही द्विज, दि ट्वाइस बॉर्न! जनेऊ डालने वाले को नहीं। क्योंकि जनेऊ तो किसी को भी डाला जा सकता है। द्विज हम कहते रहे हैं उस आदमी को जो इस दूसरी जिंदगी में प्रवेश कर जाता है। एक जन्म है जो मां –बाप से मिलता है, वह शरीर का ही हो सकता है। एक और जन्म है जो स्वयं की खोज से मिलता है, वही जीवन की शुरुआत है।

CamScanner

ओशो

ये करो,
ये न करो,
आत्मा क्या है?
परमात्मा क्या है?
ये जंजाल में मत पड़ो,
सिर्फ
ध्यान करो!

CS CamScanner

CamScanner

9:46 pm 6 KB/s VoLTE 4G 31%

काली सुंदर है, सुंदरतम है!
हिंदुओं ने एक बड़ी अनूठी कल्पना की है। हिंदुओं से ज्यादा कल्पनाशील, काव्यात्मक कोई जाति पृथ्वी पर नहीं है। उनके काव्य बड़े गहरे हैं। तुमने कभी देखी #काली की प्रतिमा? वह मां भी है और मौत भी। काल मृत्यु का नाम है, इसलिए काली; और मां भी है, इसलिए नारी। सुंदर है, मां जैसी सुंदर है। मां जैसा सुंदर तो फिर कोई भी नहीं हो सकता। अपनी तो मां कुरूप भी हो तो भी सुंदर मालूम होती है। मां के संबंध में तो कोई #सौंदर्य का विचार ही नहीं करता। #मां तो सुंदर होती ही है। क्योंकि अपनी मां को कुरूप देखने का अर्थ तो अपने को ही कुरूप देखना होगा, क्योंकि तुम उसी के विस्तार हो। तो काली सुंदर है, सुंदरतम है। लेकिन फिर भी गले में नरमुंडों की माला है! सुंदर है, पर काली है--काल, मौत!

पश्चिम के विचारक जब इस प्रतीक पर सोचते हैं, तो वे बड़े चकित होते हैं कि स्त्री को इतना #विकराल क्यों चित्रित किया है! और तुम उसे मां भी कहते हो! और इतना विकराल!

इतना विकराल इसलिए कि जिससे जन्म मिला है, उसी से मृत्यु की शुरुआत भी हुई। विकराल इसलिए कि जन्म के साथ ही मौत भी आ गई है। तो मां ने जन्म ही नहीं दिया, मौत भी दी है। तो एक तरफ वह सुंदर है मां की तरह, स्रोत की तरह। और एक तरफ अंत की तरह, काल की तरह अत्यंत काली है। गले में नरमुंडों की माला है, हाथ में कटा हुआ सिर है, खून टपक रहा है, पैरों के नीचे अपने ही पति को दबाए खड़ी है।

स्त्री के ये दो रूप--कि वह #जीवन भी है और #मृत्यु भी--बड़ा गहरा प्रतीक है। क्योंकि जहां से जीवन आएगा, वहीं से मृत्यु भी आएगी; वे दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। और जैसा हिंदुओं ने इस बात को पहचाना, पृथ्वी पर कोई भी नहीं पहचान सका।

– #ओशो

भजगोविन्दम् मूढ़मते प्रवचन - ०८

CS CamScanner

CS CamScanner




CamScanner

लोग आपकी कदर तभी करेंगे.

जब आप उनको उन्हीं..

की तरह अनदेखा करना सीख जाओगो...!!

CamScanner


रास्ते पर
एक खूबसूरत स्त्री आपको दिखाई पड़ी।
आपने अपने मन में कहा, शाबाश कल्लू!
और चले। चल पड़े आप।
उस वक्त थोड़ा स्मरण करें।
स्मरण करें
कि वह जो स्त्री है सामने,
वहां भी कृष्ण हैं।
और स्मरण करें अपने भीतर
कि वहां जो,
जिसको आप कल्लू कह रहे हैं,
वहां भी कृष्ण हैं।
और फिर देखें कि
बीच में वह जो
सम्मोहन पैदा हुआ था वासना का,
वह एकदम गिर जाता है
या नहीं!
फौरन गिर जाएगा।
अचानक आप पाएंगे
कि कोई अंधेरा बीच से उठ गया;
कोई पर्दा बीच से हट गया।
कोई चीज बीच से टूट गई,
सरक गई, तत्काल।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शनअ.7 प्र.83/06
प्रकृति और परमात्मा

CamScanner

**ओशो का हिन्दी साहित्य**

Rahul Kumar Ojha · 3h ·

लंका में एक मंदिर है, जहां बुद्ध का दांत पूजा जा रहा है। और वैज्ञानिकों ने खोज की है और वे कहते हैं यह बुद्ध का दांत ही नहीं है। बुद्ध की तो बात छोड़ो, यह आदमी का ही दांत नहीं है। वह किसी जानवर का दांत है। मगर बौद्ध मानने को तैयार नहीं हैं। और उनको भी दिखायी पड़ता है कि इतना बड़ा दांत आदमी का होता ही नहीं। इस ढंग का दात आदमी का नहीं होता। वैज्ञानिकों ने सब परीक्षण करके तय कर दिया है कि किस तरह के जानवर का दात है। मगर पूजा जारी है!
वे कहते हैं : सदा से चली आयी है; हम छोड़ कैसे सकते हैं! सदियां मूढ़ थीं? पच्चीस सौ साल से हम इसको पूजते हैं! किसी को पता नहीं चला, आपको पहली दफा पता चला! पूजा जारी रहेगी। अस्थियां पूंजी जाती हैं। राख पूंजी जाती है। लाशें पूजी जाती हैं। और जीवंत का तिरस्कार होता है! आदमी बहुत अदभुत है!
जब बुद्ध जिंदा होते हैं, तब पत्थर मारे जाते हैं। और जब बुद्ध मर जाते हैं, तब पूजा होती है! जब क्राइस्ट जिंदा थे, तो सूली लगायी। और जब अब मर गए हैं, तो कितने चर्च! लाखों चर्च! कितनी चर्चा! जितनी किताबें जीसस पर लिखी जाती हैं, किसी पर नहीं लिखी जातीं। और जितने पंडित—पुरोहित जीसस के पीछे हैं, उतने किसी के पीछे नहीं। और जितने मंदिर जीसस के लिए खड़े हैं, उतने मंदिर किसी के लिए नहीं हैं। आधी पृथ्वी ईसाई है!

ओशो।

CamScanner

औरत की खूबसूरती
मर्द की कामुकता
पर निर्भर करती है !
जितना अधिक
मर्द कामूक होगा
औरत उतनी ही
सुंन्दर लगेगी
@osho deep thought


CamScanner

जिसने भीतर की वासना ओ के
सारे कपडे उतार के फेक दिये हो
वोही तो दिगम्बर हे

CamScanner

CamScanner


ओशो कहते हैं- जीवन एक शाश्वत तीर्थ है।
कोई लक्ष्य नहीं है. यह एक शुद्ध यात्रा है.
इसलिए इसका आनंद है. जीवन पूर्ण विराम
के बारे में कुछ नहीं जानता। अहोभाव

CamScanner

हम सड़क पर भीख मांगते आदमी को तो कहते हैं, बुरा है। तेरे पास हाथ-पैर मजबूत हैं, क्यों भीख मांगता है? लेकिन कभी हम अपने संबंध में नहीं सोचते कि मेरी चेतना पूरी ठीक है-फिर मैं क्यों भीख मांग रहा हूं? क्यों कृष्ण के, राम के, बुद्ध के दरवाजे पर खड़ा हूं?



osho universal - dhaval parmar

ओशो

शून्य के पार

CamScanner

**फरीद**

10 Mar 2016 ·

कागा रे कागा रे
कागा सब तन खाइयो, मेरा चुन-चुन खाइयो मांस।
दो नैना मत खाइयो, मोहि पिया मिलन की आस।।

#फरीद जी भक्ति में तल्लीन अपनी प्रार्थना में कहते हैं:-
हे काग अर्थात कौवे, तू मेरा सारा शरीर चुन-चुन कर खा लेना
किंतु मेरी दो आंखें मत खाना क्योंकि मुझे ईश्वर के दर्शन करने हैं।।

CS CamScanner

CamScanner

CS CamScanner



CamScanner

मौत तो नियति है, होकर ही रहेगी, शरीर में छिपी है। ऐसा थोड़े ही है कि तुम सत्तर साल के बाद एक दिन अचानक मर जाते हो। सत्तर साल तक मौत तुम्हारे शरीर के भीतर फैलती है, बड़ी होती है, विकसित होती है, एक दिन तुम्हें पूरा घेर लेती है, ग्रस लेती है। मौत शरीर का हिस्सा है। मौत शरीर का धर्म है, होकर रहेगा। जब जन्म हो गया, तो अब मौत से नहीं बचा जा सकता। जब जन्म हो गया, तो मौत हो गयी। जन्म एक हिस्सा है, मौत दूसरा हिस्सा, एक ही ऊर्जा के।



ओशो : अष्टावक्र महागीता

CS CamScanner



जन्म से कोई धार्मिक नहीं होता;
ईसाई होता है, जैन होता है,
मुसलमान होता है, हिंदू होता है;
धार्मिक नहीं होता।
धर्म की खोज तो व्यक्ति की
निजता की खोज है

Osho

सहज योग--(प्रवचन--02)

CamScanner

🌹The truth of Life 🌹
Raj Malhotra · 13 Oct

"ओशो" प्रेम नमन 🙏🌹🙏

"ओशो" के वचनों से प्रेरित : "उपनिषद" का अर्थ ही है-गुरु के निकट जाकर सुनना। आज भी यह वचन सार्थक है। ज्ञान के ग्राहक बनने से परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग सरल होता है।




CamScanner

"एक बार भी कोई पूर्ण हृदय से कह पाए- 'जो तेरी मर्जी -उसके जीवन से दुख विदा हो जाता है। 'मेरी मर्जी में चिंता है, भय है। 'उसकी मर्जी में शांति है, आनंद है।"

अहोभाव

ओशो

CamScanner

**सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन**

Reels · 3d ·

सब आया एक ही घाट से, उतरा एक ही बाट।
बीच में दुविधा पड़ गयी, हो गए बारह बाट।।
घाटे पानी सब भरे,औघट भरे न कोय।
अवघट घाट कबीर का,भरे सो निर्मल होय।।
हिन्दू कहूं तो हूँ नहीं,मुसलमान भी नाही।
गैबी दोनों बीच में,खेलूं दोनों माही।।
साहेब बंदगी🙏🙏🙏,साहेब!
#कबीरवाणीअमृत #कबीरवाणीअमृत
#सदगुरु_कबीर_साहेब_वाणी_वचन #कबीरअमृत #माला_फेरत
#कबीरयात्रा #कबीरसागर #कबीरसाखी #कबीरभजन
#Kabir_is_God

CamScanner

11:53 pm 29 KB/s 3%

Like Comment Share

अहोभाव
2d ·

अहोभाव

## जोखिम उठाने की हिम्मत

झूठ तो अपने ऊपर शक्कर चढ़ाकर आएगा। सत्य तो जैसा है वैसा है- नग्न! जो लोग झूठ के आदी हो गए हैं, वे सत्य से तो आंखें चुराएंगे; सत्य उनकी जीभ को जमेगा ही नहीं। सत्य तो उन्हें बहुत तिक्त मालूम होगा, कड़वा मालूम होगा। झूठ तुम्हारे अहंकार को पुष्ट करते है। इसलिए झूठ को स्वीकार कर लेना, आसान है; आसान क्या सुखद है, प्रीतिकर है। सत्य को स्वीकार करने के लिए साहस चाहिए। सत्य को स्वीकार करने के लिए साहस ही नहीं, दुस्साहस चाहिए! सत्य को स्वीकार करने के लिए जोखिम उठाने की हिम्मत चाहिए इसलिए सत्य के सामने कोई झुकता नहीं। झुकना पड़ेगा! झुकना कौन चाहता है? कोई नहीं झुकना चाहता। सत्य के सामने झुकने को जो राजी है, वही धार्मिक व्यक्ति है। मैं उसी को संन्यासी कहता हूं, लेकिन सत्य के सामने वही झुक सकता है, जिसके भीतर ध्यान की किरण उतरी हो और जिसने देखा हो कि मैं तो हूं ही नहीं। बस उस मैं के न होने में ही झुकना है। झुकना कोई कृत्य नहीं है। झुकना तुम्हारा कोई संकल्प नहीं है।
ओशो

CamScanner

मैं तुम्हें समाज-सेवक
नहीं बनाना चाहता।
और न मैं तुम्हें समाज-सुधारक
बनाना चाहता हूं।
और न मैं चाहता हूं कि तुम
कोई दुनिया भर में क्रांति करने के
महान अभियान में लग जाओ।
मैं तुम्हें छोटा सा काम दे रहा हूं --
लेकिन सबसे बड़ा काम है वह --
तुम आत्म-क्रांति में लगो।
आत्म-क्रांति ही एकमात्र
मौलिक क्रांति है और
उसी क्रांति के आधार पर
जगत में कोई दूसरी क्रांति
हो सकती है।
जबतक आत्म-क्रांति नहीं होती,
सभी क्रांतियां असफल हैं।

CamScanner

आचार्य श्री रजनीश

अहोभाव

The Last Testament, भाग-6, प्रवचन-14

**मौन की चरम अवस्था**
**जहां एक विचार भी नही उठता,**
**जहां तुम्हारी चेतना की झील में**
**एक लहर भी नही होती।**

CS CamScanner

तुम चाहे लाख दिये और मोमबत्तिया जलाओ,
इनसे तुम्हारे जीवन में रौशनी होने वाली नहीं है|
असली दीवाली तो उस दिन ही समझना जिस
दिन तुम्हारे भीतर का दिया जले,उससे पहले
तो सब अंधकार ही समझो|और राम के घर
लौटने से तुम्हारा क्या लेना देना,बात तो उस
दिन बनेगी जब तुम अपने घर अपने भीतर
लौटोगे|तो बाहर की रौशनी और त्योहारो में
मत उलझना भीतर की रौशनी को जगाने के
उपाय खोजो|घर के द्वार खोलने से धन नहीं
मिलेगा,मन के दरवाजे खोलो जिनके खुलते
ही खजाने प्रगट हो जाते है|बाहर तो
भटकाव है भीतर है समाधान|बाहर तो
सिर्फ हार है असली त्यौहार तो भीतर है|

CS CamScanner

11:50 pm 17 KB/s 4%

अमावस की रात पूर्णिमा उगे भीतर तो जीवन का जो विरोधाभास है वह साफ हो जाता है। कितना ही अंधेरा हो, घबड़ाना मत, *अमावस की रात भी निर्वाण घटा है।* और कितनी ही गंदी कीचड़ हो, घबराना मत, कमल खिले हैं। और मिट्टी का दीया हो तो चिंता मत करना कि मिट्टी के दीए में क्या होगा? ज्योति जल सकती है। *मिट्टी पृथ्वी का हिस्सा है, ज्योति आकाश का।* इसलिए ज्योति हमेशा ऊपर की तरफ भागती रहती है। ज्योति हमेशा ऊर्ध्वगामी है।" इन पटाखों को सुनते हैं? कभी तुमने सोचा कि पूरी दुनिया में सभी संस्कृतियों में, हर समाज में उत्सव के लिए कुछ दिन क्यों रखे होते हैं? *उत्सव के ये कुछ दिन एक सांत्वना है, एक ** *क्षति पूर्ति है** क्योंकि समाज ने तुम्हारे जीवन से उत्सव छीन लिया है, और उसकी क्षति पूर्ति किसी और चीज से न की जाए तो तुम्हारी जिंदगी संस्कृति के लिए खतरनाक सिद्ध हो सकती है। हर संस्कृति तुम्हें उसके बदले में कुछ देती है ताकि तुम दुख और उदासी में पूरी तरह से डूब न जाओ।
ये सांत्वनाएं झूठी हैं। ये पटाखे और ये दीये जो बाहर जल रहे हैं तुम्हें हर्ष और उल्लास से नहीं भर सकते। वे बच्चों के लिए ठीक हैं; लेकिन तुम्हारे लिए वे एक परेशानी हैं। हां, तुम्हारे *अंतर-जगत में अहर्निश दीये* जल सकते हैं, गीत-संगीत बज सकते हैं, आनंद की फूलझड़ियां फूट सकती हैं। सदा ध्यान रखो, समाज जब महसूस करता है कि तुम्हारे भीतर का दमन एक खतरनाक तरीके से फट पड़ सकता है अगर उसकी क्षति पूर्ति न की जाए, तब तुम्हारे अंदर के दमन को बाहर निकालने का कोई न कोई रास्ता निकालता है। यह वास्तविक उत्सव नहीं है, और यह सच्चा नहीं हो सकता। सच्चा उत्सव तुम्हारे जीवन से निकले, तुम्हारे जीवन का अंतरंग हिस्सा हो। और *सच्चा उत्सव कैलेण्डर के अनुसार नहीं हो सकता* कि नवंबर की पहली तारीख पर तुम उत्सव मनाओगे।

आश्चर्य! पूरे साल भर तुम दुखी रहो और पहली नवंबर को तुम अचानक नाचते-गाते हुए अपने दुख से बाहर आ जाओ। या तो वह दुख झूठा था या पहली नवंबर झूठी है; दोनों एक साथ सच नहीं हो सकते। और एक बार यह तारीख निकल जाए तो तुम वापस अपने दुख भरे काले गड्ढे में गिर जाओगे – हर कोई अपनी पीड़ा में डूबा हुआ, हर कोई अपनी चिंता में घिरा हुआ। नहीं, *जीवन एक अनवरत उत्सव होना चाहिए, पूरे वर्ष दीयों का समारोह।* तभी तुम विकसित हो सकते हो, खिल सकते हो।

CamScanner

11:49 pm 27 KB/s 4%

मिट्टी का दीया बनाते हैं दीपावली में और उसमें ज्योति जलाते हैं। वह प्रतीक है इस बात का कि *मिट्टी के दीये में अमृत ज्योति* संभाली जा सकती है। मिट्टी के दीये में अमृत ज्योति जल सकती है। भारत में दीवाली मनाए जाने के दो कारण हैं। एक तो *हिंदुओं* का कारण है और एक *जैनों* का कारण है। हिंदुओं का कारण तो बहुत बहुमूल्य नहीं हैं लेकिन जैनों का कारण जरूर बहुमूल्य है। हिंदू तो मनाते हैं - **दीपावली, लक्ष्मी की पूजा का त्योहार, धन की पूजा का त्योहार। इससे ज्यादा भौतिकवाद और क्या होगा?*

लोग चांदी के सिक्के रखकर इनकी पूजा करते हैं। और ये ही भले लोग दुनिया भर में घोषणा करते हैं कि भारत जैसा धर्मिक देश नहीं है। *दुनिया के किसी भी कोने में धन की पूजा नहीं होती सिवाय भारत को छोड़कर* । लक्ष्मी की पूजा नहीं होती। अमेरिकन जो डॉलर का दीवाना है वह भी डॉलर को रखकर पूजा नहीं करता। वह भी इस बात को मूढ़तापूर्ण समझेगा। लक्ष्मी की पूजा इस पुण्यभूमि में ही होती है, इस धर्म भूमि में ही होती है। *इस देश का सबसे बड़ा त्योहार है दीपावली, और सबसे बड़ा त्योहार समर्पित है चांदी के सिक्कों के लिए!* धन की पूजा और त्याग की बातें! जैनों का कारण ज्यादा सार्थक है।
*जैन दीपावली इसलिए मनाते हैं कि उस रात अमावस की रात महावीर निर्वाण को उपलब्ध हुए।* उस रात मिट्टे के दीये में, *मृण्मय दीये में चिन्मय ज्योति* जगी। इसलिए दीये जलाते हैं। उनकी बात तो सार्थक मालूम पड़ती है। मगर वह भी बात है, जैन भी करते तो हैं पूजा चांदी के ही सिक्कों की। *जैन घरों में भी लक्ष्मी की ही पूजा होती है। औपचारिक रूप से दूसरे दिन* निर्वाण लाडू चढ़ा देते हैं भगवान पर कि लो, तुम्हारा भी निपटारा कर देते हैं। रात को पूजा करते हैं चांदी के सिक्कों की, सुबह भगवान पर निर्वाण लाडू चढ़ा देते हैं तुम से भी छुटकार ले लिया। चलो तुम भी ले लो। मौलिक अर्थ में तो बात महत्त्वपूर्ण थी। इसलिए भी महत्त्वपूर्ण थी, कि *बुद्ध को तो ज्ञान हुआ पूर्णिमा की रात।* समझ में आता है कि पूर्णिमा की रात कोई पूर्णता को उपलब्ध हो जाए। *पूरा चांद आकाश में हो और भीतर भी पूरा चांद आ जाए।* *महावीर का निर्वाण हुआ अमावस की रात।* यह ज्यादा महत्वपूर्ण है, इसमें ज्यादा काव्य है और ज्यादा अर्थवत्ता।

CamScanner


अष्टावक्र ने कहा है :
आंख खुली रहे तो भीतर आंख बंद रहती है।
आंख बंद हो जाये तो भीतर आंख खुल जाती है।
ये बाहर की पलकें परदा बन जायें,
तुम्हारी आंख बाहर से थोड़ी देर के लिए बंद हो जाये,
तो भीतर जिसे तुम तलाशते हो,
जिसकी प्यास है, वह मौजूद है।
सरोवर दूर नहीं है।
anamcara Ramesh
मछली सागर में प्यासी!
Osho
अष्टावक्र: महागीता-54
साक्षी, ताओ और तथाता

CamScanner

CamScanner

जब तक मां कर्तव्य करती है
तभी तक वह
ईश्वर के रूप में रहती है
पर
जब वह अधिकार जताती है
तो फिर वह
इंसान के रूप में आ जाती
है।

CamScanner


“ सुख़ ”
कहीं मिलेगा..
इस भ्रांति का
नाम संसार है !
Subhash Hooda
सुख़ अभी है
और यहीं है ..
इस बोध का नाम
निर्वाण है !
..गौतम बुद्ध
SH

CamScanner

7:54 am 0 KB/s VoLTE 4G 100%

Swami Lokeshanand · 1m ·

जैसे एक ही बिजली दो प्रकार से मारती है, एक चिपका कर मारती है तो दूसरी झटका देकर फेंक मारती है। ऐसे ही एक ही मोह दो प्रकार से मारता है। मोह राग बन कर चिपका कर मारता है तो विमोह द्वेष बन कर फेंक मारता है।

तुम कहते हो कि मोह से कैसे बचूं? तो यह बताओ कि रेलगाड़ी की खिड़की से जो दृश्य जगत चलता हुआ दिखाई देता है, तुम उस पर विशेष ध्यान न दो, तो तुम्हारी वृत्ति कहीं टिकती है? नहीं टिकती। क्यों? क्योंकि दृश्य आया और गया, तुम में किसी दृश्य का कोई संकल्प ही न उठा। पर तुमने जैसे ही किसी दृश्य पर ध्यान दिया कि संकल्प उठा, वृत्ति उठी, मन दौड़ा और मोहजनित राग या द्वेष हुआ। ऐसे ही संसार के किसी भी दृश्य पर विशेष ध्यान न दें तो संकल्प उठेगा ही नहीं, मोह कैसे होगा?

यदि आप कहें कि ध्यान तो देना ही पड़ता है, ध्यान बिना दिए काम कैसे चलेगा? तो जिस वस्तु पर ध्यान दो, उसे अपना मत समझो। जिसे तुम अपना न समझोगे, उससे भी मोह नहीं होगा। किसी बैंक कर्मचारी को देखो। वह नोट गिनता है, बड़े ध्यान से एक एक नोट गिनता है, रोज लाखों रुपए का लेन-देन करता है, पर न लेते हुए सुख मानता है, न देते हुए दुख पाता है। बस लेता है, देता है। क्यों? क्योंकि अपना नहीं मानता। हम भी ऐसा ही अपने जीवन में करें तो सुख दुख कैसे हो? मोह कैसे हो? राग द्वेष कैसे हों?

यह भी नहीं होता तो दूसरा काम करो। नासिका के अग्रभाग को देखो। नासिका माने नाशिका। नाशवान से आगे देखो। अविनाशी की ओर बढ़ो। तब नाशवान से मोह नहीं होगा। यह भी सरल ही है। बस भगवान का कोई एक नाम राम या ओऽम् जपने लगो। नाम जप से भगवान की कृपा प्राप्त होती है। भगवान कृपा करते हैं तो किन्हीं संत से मिलवा देते हैं। फिर संत के मार्गदर्शन में साधन करने से संत की कृपा मिलती है और संत कृपा करते हैं तो भगवान से मिलवा देते हैं। तो आप नाम जप में लगें।

सुना है कि एक बार रसगुल्ले ने चीनी से कहा- बहन तूं कितनी अभागी है। मैं शीशे की अलमारी में सजा कर रखा रहता हूँ, पर तूं एक गोदाम से दूसरे गोदाम में ही पटकी जाती रहती है। चीनी बोली- भाई तूं फूल मत। तूं जो कुछ भी है मेरे ही कारण है। मैं तुझमें न रहूँ तो तूं गुल्ला ही रह

CS CamScanner

जब मन भटकना छोड़ दे
वोही समाधि अवस्था है,
वही से ध्यान की शुरूआत
यदि मन पे काबू पा लिया
समस्याएँ खत्म और
आनंद ही आनंद शुरू

CamScanner

7:28 am 0 KB/s 100%

छोटी–छोटी चीजें असली कठिनाई की हो जाती हैं। जान देना हो तो क्षण में मामला निपट जाता है,कि कूद गए पानी में पहाड़ी से, कि चले गए समुद्र में एक दफा हिम्मत करके, कि पी गए जहर की पुड़िया–यह क्षण में हो जाता है। इतने तेज जहर हैं कि तीन सैकंड में आदमी मर जाए, बस जीभ पर रखा कि गए, एक क्षण की हिम्मत चाहिए। लेकिन दो साल चुप बैठे रहना बिना जिज्ञासा, बिना प्रश्न,बोलना ही नहीं, शब्द का उपयोग ही नहीं करना–यह ज़रालंबी बात थी मगर फंस गया था। कह चुका था कि सब लगा दूंगा तो अब मुकर नहीं सकता था, भाग नहीं सकता था। स्वीकार कर लिया, दो साल बुद्ध के पास चुप बैठा रहा।

जैसे ही राजी हुआ वैसे ही दूसरे वृक्ष के नीचे बैठा हुआ एक भिक्षु जोर से हंसने लगा। मौलुंकपुत्त ने पूछा : आप क्यों हंसते हैं?

उसने कहा : मैं इसलिए हंसता हूं कि तू भी फंसा, ऐसे ही मैं फंसा था। मैं भी ऐसा ही प्रश्न पूछने आया था कि ईश्वर है और इन सज्जन ने कहा कि दो साल चुप। दो साल चुप रहा,फिर पूछने को कुछ न बचा। तो तुझे पूछना हो तो अभी पूछ ले। देख, तुझे चेतावनी देता हूं, पूछना हो अभी पूछ ले, दो साल बाद नहीं पूछ सकेगा।

बुद्ध ने कहा : मैं अपने वायदे पर तय रहूंगा, पूछेगा तो जवाब दूंगा। अपनी तरफ से भी पूछ लूंगा तुझसे कि बोल पूछना है? तू ही न पूछे, तू ही मुकर जाए अपने प्रश्न से तो मैं उत्तर किसको दूंगा?

दो साल बीते और बुद्ध नहीं भूले। दो साल बीतने पर बुद्ध ने पूछा कि मौलुंकपुत्त अब खड़ा हो जा, पूछ ले।

मौलुंकपुत्त हंसने लगा। उसने कहा : उस भिक्षु ने ठीक ही कहा था। दो साल चुप रहते–रहते चुप्पी में ऐसी गहराई आई; चुप रहते–रहते ऐसा बोध जमा, चुप रहते–रहते ऐसा ध्यान उमगा; चुप रहते–रहते विचार धीरे–धीरे खो गए, खो गए, दूर–दूर की आवाज मालूम होने लगे; फिर सुनाई ही नहीं पड़ते थे, फिर वर्तमान में डुबकी लग गई और जो जाना.....बस आपके चरण धन्यवाद में छूना चाहता हूं। उत्तर मिल गया है, प्रश्न पूछना नहीं है।

CamScanner




CamScanner




CamScanner

r. Manoj Kumar Singh Assistant Professor Department
eography Udai Pratap Autonomous College Varanasi
॥ રામ ॥
असत्य पर सत्य की, बुराई पर
अच्छाई की जीत हो।
अधर्म पर धर्म की और अन्याय
पर न्याय की विजय हो
यही दशहरा की परिभाषा है।

CamScanner

यह पृथ्वी एक बड़ा पागलखाना है ।

इसमे से जागो, इसमे से अगर नहीं जागे ।

तो बार - बार मोत आएगी,

ओर तुम बार - बार इस पागलखाने में

फेंक दिए जाओगे । Oshoravi

CS CamScanner


रावण का मतलब अहंकार...
अहंकार को जलाने के बजाय
पुतला फूँकते हैं,
अपने अंदर के रावण को कब
जलाओगे??
12
3 comments
Like
Comment
Share

CamScanner

मस्ती एक फ़क़ीर की,
पढ़ा गयी ये पाठ..
गाँठ में जिसके कुछ नहीं,
उसके है बस ठाठ..
अरमां तमाम उम्र के सीने में दफ़्न किए हुए
हम चलते फिरते लोग मजारों से कम हैं क्या

CamScanner



जलालुदीन रूमी एक सूफी फकीर हुए। जब वो जवान थे तो खुदा से कहा मुझे इतनी ताकत दे कि दुनिया को बदल दूँ। खुदा ने कोई जवाब नहीं दिया। फिर समय बीता। रूमी ने कहा खुदा इतनी ताकत दे कि मैं अपने बच्चों को बदल सकुं। फिर कोई जवाब नहीं मिला। रूमी जब बूढ़ा हो गया उसने कहा कि खुदा इतनी ताकत दे कि मैं खुद को बदल सकुं। तब खुदा ने कहा कि रूमी ये बात तो जवानी में पूछता तो कभी की क्रांति घट जाती। दुनिया में सबसे ज्यादा कलेश यही है, पत्नी अपने पति को बदलना चाहती है, पति अपनी पत्नी को, माँ बाप अपने बच्चों को,, बस इसी जद्दोजहद में जीवन बीत जाता है।पर कोई अपने आप को बदलना नहीं चाहता।

CS CamScanner

lifefacts0.9 • Original audio

# टॉपर बनने का राज।

1. कुर्सी या टेबल पर बैठकर पढ़ें।

2. लेट कर पढ़ाई ना करें।

3. टीवी के सामने पढ़ाई ना करें।

4. पढ़ते समय फोन को दूर रखें दे।

5. टॉपिक को लिखते भी जाएं।

6. टॉपिक को कम से कम 3 बार रिपीट करें।

7. ग्राफ चित्र आदि की मदद से पढ़ें।

8. पढ़ते समय पाठ्य अनुसार विचार करें।

9. टॉपिक को रटने से बचें।

10 पोस्ट अच्छी लगे तो हमें subscribe करें।

CamScanner

CamScanner




बिस्तर पर पड़े-पड़े भी मोक्ष तक पहुचा जा सकता है। लेकिन तब आलस्य को साधना बना लेना जरूरी है।
और तब आलस्य के प्रति सजग हो जाना जरूरी है। भीतर साक्षी जग जाना चाहिए। साक्षी के लिए न तो कर्म की जरूरत है, न अकर्म की, जो भी हो रहा है, उसके प्रति साक्षी होने की जरूरत है,
विटनेसिंग की जरूरत है।
आप अगर आलसी है, तो आलस्य के प्रति सजग हो, उसे देखो।

ओशो

गीता दर्शन

CamScanner


It takes half your life
before you discover life is
a do-it-yourself project.

CamScanner




CamScanner



बुद्ध कहते हैं, जीवन का एक ही उपयोग है कि महाजीवन उपलब्ध हो जाये। अगर जीवन उपकरण बन जाता है, साधन बन जाता है महाजीवन को पाने के लिए,परमात्म-जीवन को पाने के लिए, तो ही उसका उपयोग हुआ। उसका और कोई उपयोग नहीं है।

ओशो

CamScanner




CS CamScanner

@ahobhav_
जब ध्यान सघन होता है तो तुम जागृत होते हो
और जब ध्यान क्षीण होता है तो तुम मूर्छित होते हो।
ओशो अहोभाव

CamScanner

11:58 am 0 KB/s VoLTE 4G 83%

मैं तुमसे यह नहीं कहता हूँ कि तुम जाओ और ध्यान का प्रचार करो, मैं तुमसे कहता हूँ——जाओ और ध्यान को जीओ। जोर जीने पर है। उस जीने में जो तुम्हें मिलेगा, जो गंध तुमसे उठेगी, वही अगर प्रचार बन जाए तो बन जाए, लेकिन चेष्टा से कोई प्रचार नहीं करना है। नहीं तो अक्सर यह हो जाता है कि लोग भूल ही जाते हैं कि ध्यान करना है, ध्यान का प्रचार करने में मजा लेने लगते हैं। असल में प्रचार करना इतना सस्ता और सरल है, ध्यान करना कठिन मालूम होता है। यह भूल ही जाते हैं कि अपना ध्यान हुआ या नहीं हुआ। दूसरे को ज्ञान देने का मजा ऐसा है। क्योंकि ज्ञान देने में तुम्हारे अहंकार की बड़ी तृप्ति होती है कि देखो, मैं ज्ञानी और तुम अज्ञानी। जब भी तुम किसीको ज्ञान देते हो, तुम ज्ञानी और वह अज्ञानी।

कोई आयोजन नहीं करना है? बहुत आयोजन हो चुके मनुष्यजाति के इतिहास में आदमी को अच्छा बनाने के, सब असफल हो गये हैं। अब कोई आयोजन अच्छा बनाने का मत करना। आदमी अच्छा है जैसा है। तुम अगर और इससे बेहतर हो सकते हो तो हो जाओ। बस तुम्हारे बेहतर हो जाने से ही कोई क्रांति की प्रक्रिया शुरू होती है, शृंखला शुरू होती है। एक दीये से दूसरा दीया जल जाता है, दूसरे से तीसरा दीया जल जाता है। और हम आशा कर सकते हैं कि अगर असली दीये जलते रहेंगे तो कभी यह पूरी पृथ्वी दीपमालिका बन सकती है। मगर जोर—जबरदस्ती नहीं।

और प्रचार जोर—जबरदस्ती है। वह बड़ी सूक्ष्म प्रक्रिया है लोगों के ऊपर थोपने की। नहीं, थोपना नहीं—न ध्यान, न संन्यास। आविर्भाव होने दो। अपने—आप आने दो।

सहजस्फूर्त जो है, वही सुंदर है, वही सत्य है, वही शिव है।

आज इतना ही।

ओशो

संतो मगन भया मन मेरा
प्रवचन - १४

CamScanner




वह जिसको भी आत्यंतिक सत्य की खोज है और जिसको भी जान लेना है कि क्या है गहरे से जीवन का सत्य, जिसको भी पहचान लेना है उसे जिसे परमात्मा कहें,
जिसे भी मुक्त हो जाना है :-- उसे सबसे पहले अपनी झूठी प्रतिमा को तोड़ना पड़ता है। अपने ही हाथों से अपनी ही मूर्ति का भंजन करना होता है। # ओशो #

CS CamScanner

11:51 am 0 KB/s VoLTE 4G 84%

6

Create story
Deepak Dang

**Osho international** is at **OSHO International Meditation Resort**.
34m ·

जिसको तुम प्रेम करते हो, उसको जहर पिला सकते हो। अगर तुम्हारे अहंकार के विपरीत हो जाए उसका व्यवहार। तुम उसे गोली मार दे सकते हो। जिसकी ज़रा ज़रा सी बातों की तुम चिंता करते हो, कि उसके पैर में मोच न आ जाए, इसकी फिक्र लेते हो, उसको तुम पहाड़ से ढकेल दे सकते हो। तो तुम्हारा प्रेम प्रेम नहीं है। जो प्रेम घृणा बन सकता है, वह प्रेम नहीं है। प्रेम और घृणा कैसे बन सकता है!
तुम्हारी घृणा क्या है? तुम्हारे प्रेम का ही शीर्षासन करता हुआ रूप है। जिनके द्वारा तुम्हारे अहंकार में बाधा पड़ती है, उनसे तुम्हें घृणा, जिनसे तुम्हारे अहंकार में सहयोग मिलता है, उनसे तुम्हें प्रेम।
अहंकार के जाते ही न तो तुम्हारी घृणा बचेगी, न तुम्हारा तथाकथित प्रेम बचेगा। दोनों विलीन हो जाएंगे। और तब एक नए, एक बिल्कुल नवीन प्रेम का सूत्रपात होता है। उस प्रेम का जो दिव्य है, उस प्रेम का जो प्रार्थनापूर्ण है, उस प्रेम का जो परमात्मा की ही आभा है।
ईर्ष्या, घृणा, लोभ, मोह, मत्सर, ये सब अहंकार की ही अलग अलग प्रतिछवियां हैं। अहंकार बहुरूपिया है। लोभ का क्या अर्थ होता है? अहंकार खाली है, भरो इसे। बहुत धन होगा तो बहुत अहंकार होगा। उतनी अकड़ होगी। जितना धन कम हो जाएगा, उतना अहंकार होगा। बड़ा पद होगा तो उतना अहंकार होगा। पद गया कि अहंकार गया। अहंकार ही लोभ में ले जाता है। लोभ का मतलब इतना है कि भरो मुझे। मुझे बड़ा करो।

राम दुवारे जो मरे
ओशो

Osho Prem Naman 🙏💞
Osho international

CS CamScanner

CamScanner


जिनको भी झूठ बोलना है उन्हें सच बोलने का दावा करना होता है, नहीं तो उनका झूठ मानेगा कौन?
इसलिये झूठ बोलने वाला बार -बार दोहराता है कि मैं सच कह रहा हूं, मैं बिलकुल सच कह रहा हूं, मैं कसम खाकर कहता हूं कि सच कह रहा हूं।
जब भी कोई आदमी बहुत कसम खाने लगे कि मैं सच कह रहा हूं तो सावधान हो जाना, क्योंकि यह झूठ का लक्षण है।
ओशो

CamScanner


ताकत अपने शब्दों में डालो,
आवाज़ में नहीं.. क्योंकि
फसल बारिश से उगती है,
बाढ़ से नहीं।
Follow// Himanshi Sharma

CamScanner




CamScanner



विनम्रता का भी अहंकार होता है,
साधुता का भी अहंकार होता है, निरअहंकारिता का
भी अहंकार होता है ;अहंकार बड़ी सूक्ष्म बात है ।
इसलिए बुद्ध ने ये नही कहा कि अहंकार छोडो।
बुद्ध ने कहा अहंकार समझो ।
ओशो • साहित्य दर्पण

CS CamScanner

प्रेम का रास्ता बड़ा हरा-भरा है। उस पर पक्षी भी गीत गाते हैं, मोर भी नाचते हैं। उस पर नृत्य भी है। उस पर तुम्हें कृष्ण भी मिलेंगे.. बांसुरी बजाते । उस पर तुम्हें चैतन्य भी मिलेंगे.. गीत गाते। उस पर तुम्हें मीरा भी नाचती मिलेगी।

ध्यान का रास्ता बड़ा सूखा है। उस पर तुम्हें महावीर मिलेंगे, लेकिन मरुस्थल जैसा है रास्ता । उस पर तुम्हें बुद्ध बैठे मिलेंगे, लेकिन कोई पक्षी की गूंज तुम्हें सुनाई न पड़ेगी। तुम्हारी मर्जी । जिसको मरुस्थल से लगाव हो...। ऐसे भी लोग हैं जिनको मरुस्थल में सौंदर्य मिलता है।
व्यक्ति-व्यक्ति की बात है।

CamScanner

7:42 pm 0 KB/s VoLTE 4G 49%
facebook

नाटक की कथा तो पहले ही लिखी होती है, फिर कथा को पूरा करते हैं नाटक में। नाटक में कथा पैदा नहीं होती। कथा पहले पैदा होती है, फिर कथा के अनुसार नाटक चलता है। क्या किसको कहना है, सब तय होता है। जीवन का सारा खेल तय है। क्या होना है, तय है। तुम नाहक ही अपना बोझ उठाए चल रहे हो। अगर तुम समझ लो कि सिर्फ नाटक है जीवन, तो तुम्हारा जीवन रामलीला हो गया, तुम पुराण-पुरुष हो गए, फिर तुम्हारा इतिहास से कोई नाता न रहा। फिर तुम इस भ्रांति में नहीं हो कि तुम कर रहे हो। फिर तुम जानते हो कि जो उसने कहा है, हो रहा है। हम उसकी मर्जी पूरी कर रहे हैं। अगर वह रावण बनने को कहे, तो ठीक।

रावण को तुम मार तो नहीं डालते! जो आदमी रावण का पार्ट करता है रामलीला में, उसको तुम मार तो नहीं डालते कि इसने रावण का पार्ट किया है, इसको मार डालो। जैसे ही मंच के बाहर आया, बात खत्म हो गई। अगर उसने पार्ट अच्छा किया, तो उसे भी तगमे देते हो।

असली सवाल पार्ट अच्छा करने का है। राम का हो कि रावण का, यह बात अर्थपूर्ण नहीं है। ढंग से पूरा किया जाए, कुशलता से पूरा किया जाए। अभिनय पूरा-पूरा हो, तो तुम पुराण-पुरुष हो गए। लड़ो बिना वैमनस्य के, संघर्ष करो बिना किसी अपने मन के; जहां जीवन ले जाए बहो। तब तुम्हारे जीवन में लीला आ गई। लीला आते ही निर्भार हो जाता है मन। लीला आते ही चित्त की सब उलझनें कट जाती हैं। जब खेल ही है, तो चिंता क्या रही! फिर एक सपना हो जाता है।

इसी अर्थ में हमने संसार को माया कहा है। माया का अर्थ इतना ही है कि तुम माया की तरह इसे लेना। अगर तुम इसे माया की तरह ले सको, तो भीतर तुम ब्रह्म को खोज लोगे। अगर तुमने इसे सत्य की तरह लिया, तो तुम भीतर के ब्रह्म को गंवा दोगे।

ओशो, गीता दर्शन : भाग-8, प्रवचन- 211/06

11 1 share
CamScanner

पति और पत्नी के बीच जो कलह का मौलिक कारण है वह यह है कि वे एक दूसरे पर अधिकार ज़माने की कोशिश कर रहे है।
और जहां अधिकार
की चेष्टा है
वहां प्रेम की हत्या
हो जाती है।
और तब दुःख
घना हो जाता है।

**ओशो**

CamScanner

पेट को भरना बहुत कठिन नहीं है,
आत्मा को भरना बहुत कठिन है।

ओशो अहोभाव
गीता दर्शन, भाग-4

CamScanner

मैं सर के बल गिरा था गुनाहों के बोझ से,
दुनिया समझ रही थी कि सजदे मे पड़ा है......
सजदे मे जब गया तो लोगों ने ये कहा,
जालिम ने इतनी पी है क़ि मदहोश पड़ा है.....



CamScanner

ओशो..
धर्म का रहस्य भी स्त्रैण है।
अगर कोई परमात्मा को पाने जाए, तो कभी न पा सकेगा। और कोई केवल अपने हृदय के द्वार को खोल कर ठहर जाए, तो परमात्मा यहीं और अभी प्रवेश कर जाता है। दूर-दूर खोजे कोई, अनंत की यात्रा करे कोई, भटके जन्मों-जन्मों तक, तो भी परमात्मा को नहीं पा सकेगा। क्योंकि परमात्मा को पाने का राज ही यही है कि हम रिसेप्टिव हो जाएं, एग्रेसिव नहीं। हम अपने को खुला छोड़ दें। हम सिर्फ राजी हो जाएं कि वह आता हो तो हमारे द्वार-दरवाजे बंद न पाए।
#-ताओ उपनिषद-प्र-18, ओशो

CamScanner


osho universal . dhayal parmar
परमात्मा से तो केवल एक ही नाता बन सकता है हमारा, एक ही सेतु--वह है, चुप्पी का। परमात्मा और कोई भाषा जानता नहीं। मौन ही भाषा है। जो कहने चलेगा, चूक जाएगा। जो न कह पाएगा वही कह पाएगा। मौन हो जाओ। आंखों को बंद हो जाने दो। क्योंकि कुछ चीजें हैं जो खुली आंख से दिखाई पड़ती हैं और कुछ हैं जो सिर्फ बंद आंख से दिखाई पड़ती हैं। कुछ चीजों के लिए बंद आंख ही खुली आंख है।
ओशो : प्रेम रंग-रस ओढ़ चदरिया

CamScanner




CamScanner

7:35 pm

Prema Agrawal · 53m ·

मन ही रावण मन ही राम

मन ही जीते हर संग्राम ।

🙏

CamScanner




CamScanner

मे कौन हु? ये प्रश्न जहा से उठा हे,चले जाऔ वही,उत्तर मिल जायेगा

3

1 comment

Like Comment Share

CamScanner

इतना ज्ञान हासिल करने के बाद भी आपका दिमाग़
पाखंड,अंधविश्वास, से भरा है तो आपका ज्ञान व्यर्थ है और
आपका ज्ञान गधे पर बोझ लादने के बराबर है !



CS CamScanner




CamScanner

7:32 pm 0 KB/s VoLTE 4G 50%

★सब तरह का पाखंड!

जो आदमी पक्का अहंकारी है, वह हाथ जोड़कर कहता है, मैं तो कुछ भी नहीं हूं, आपके पैर की धूल हूं!
जरा उसकी आंखो में देखें!
वह ऐसा लग रहा है कि अगर मौका मिल जाये तो आपको अभी पैर के नीचे दबा दे! लेकिन वह कह रहा है कि मैं विनम्र हूं, मैं सेवक आदमी हूं, मैं आपके पैर की धूल हूं!

यह हम पाखंड सिखा रहे है! वह आदमी भीतर तिजोरी बड़ी करता जा रहा है और वस्त्र सादे पहने हुए है! वह पैदल चल रहा है और महल बड़ा किये जा रहा है! वह योरोप और अमेरिका के बैंको में धन इकटठा कर रहा है और यहां बैठकर चर्खा काट रहा है! बहुत अजीब मामला है! यह भारत का जलता हुआ प्रशन है, हिपोक्रेसी, पाखंड! हर आदमी पाखंड के साथ खड़ा हो गया है!
तोड़ेंगे कैसे इसे हम? जब तक हम उन नियमो को नहीं बदलते जिनकी वजह से पाखंड होता है, तब तक यह तोडना मुश्किल है!
जीवन सहज स्वीकार करना होगा तो हिपोक्रेसी टूट सकती है! टायनबी ने एक बात लिखी है! उसने लिखा है! कि पश्चिम की संस्कृति सेंसुअस है, ऐंद्रिक है! कोई मुझे वह किताब पढ़कर सुना रहा था! पक्के भारतीय मुझे किताब पढ़कर सुना रहे थे! उन्होंने कहा, देखते है , टायनबी जैसा विचारक कहता है कि पश्चिम की संस्कृति ऐंद्रिक
हतो मैंने कहा, इतनी अकड़ आप किसलिए दिखा रहे है?

अगर पश्चिम की संस्कृति ऐंद्रिक है तो पूरब की संस्कृति हिपोक्रेट है, पाखंडी है

★ओशो
(भारत: समस्याएं व् समाधान )

CS CamScanner

Kumar Manish · 7m ·

जब ईश्वर को प्रेम ही कराना है तब किसी मंदिर मस्जिद गिरजाघर की जरूरत नही है ओर नही किसी भी विशेष साधन या साधाना या विशेष नियम या मार्ग या विशेष गुरु चाहिए! तुम चाहे तो दैनिक कर्म को साधना बना सकते है जैसे भोजन पानी लेना ,नहाना धोना हो ,चलना फिरना हो, या दैनिक बिजनेश हो सभी जगह ईश्वर से प्रेम कर सकते है, और तुम जितने सभ्य बन जाते हो उतने ही तुम्हारे लिए विशेष साधन, साधना, कर्म काण्ड, तीर्थ यात्रा की जरूरत हो जाती है तुम सभ्य होते हि ईश्वर से इतने दूर हों जाते है उतने हि बड़े मार्ग, साधन कर्म काण्ड की जरुरत पड़ जाती है और जो समझते है की हम बड़े दानवीर है, भगवान के मंदिर बना लिए, हीरे जहारत के आभूषण भगवान को भेट कर दिए इसलिए ईश्वर के बड़े प्रेमी हो गए तब समझना की तुम्हारे से बड़ा मूर्ख और ढोंगी प्रेमी कोई नही मिलेगा

CamScanner

*मार्ग क्या है ? जिसे हम जीवन कहते हैं, वही मार्ग है। जीवन के अतिरिक्त कहीं और मार्ग नहीं। जीवन के अनुभव में जो पक गया है, उसने मार्ग पूरा कर लिया है। तुमने अगर जीवन के अतिरिक्त कहीं और मार्ग खोजा तो भटकोगे। कोई और मार्ग नहीं है। यह क्षण–क्षण बहता जीवन, यह पल–पल बहता जीवन, यही मार्ग है। तुम मार्ग पर हो ...ओशो

CamScanner




CamScanner

7:24 pm 0 KB/s VoLTE 4G 51%

धारणा राम की बना ली, फिर उसी धारणा में आबद्ध हो गया। वह धारणा उसका कारागृह हो गई, उसकी जंजीर हो गई। पहली बात।

अगर राम को सब जगह देखना हो तो कोई रूप मत देना, रंग मत देना। नहीं तो वृक्ष में कैसे देखोगे? अब वृक्ष बिचारा मजबूर है, धनुषबाण उठा नहीं सकता। मोर नाचेगा, कैसे देखोगे? अब नाचे कि धनुषबाण उठाया! तो तुम मुश्किल में पड़ गए। और जिस राम ने धनुषबाण उठाया था, वह कब के तिरोहित हो चुके। अब तो तुम्हें मंदिर में ही मिलेंगे वह; पत्थर की मूर्ति में मिलेंगे। इसीलिए पत्थर की मूर्ति इतनी महत्वपूर्ण हो जाती है। तुमने रूप तय कर लिया, उस रूप से मिलने वाली चीज तो पत्थर की मूर्ति ही हो सकती है। क्योंकि मूर्ति भी तुम्हारी बनाई हुई है और रूप भी तुम्हारा बनाया हुआ है। तुम झूठे राम की धारणा में बंधे, सब धारणाएं झूठी हैं। निर्धारणा में राम का अनुभव होता है।

तुम्हारा प्रश्न है: 'आंख को निर्मल करने का उपाय बताएं। चारों ओर राम कैसे दिखाई पड़ें?'

तो पहला तो निराकार का भाव करो। निराकार का भाव करते ही चारों ओर है ही राम, दिखाई पड़ने का सवाल नहीं है। वही है। उसके अतिरिक्त कोई और नहीं है। सारे आकार उसके हैं। निराकार का मतलब होता है: सारे आकार उसके हैं। सारी आकृतियां उसकी हैं। तुम भी वही हो। शेष सब भी वही है। मगर यह भी सिद्धांत रहे तो किसी काम का नहीं है, अनुभव बनना चाहिए। और अनुभव के लिए आंख निश्चित साफ करनी जरूरी है।
सरल उपाय है आंख को साफ कर लेने का--प्रेम से भरे हुए आंसू। रोओ। रोने से प्यारी और कोई प्रक्रिया नहीं है। दुख से मत रोना। दुख से जो रोता है उसने तो रोने की महिमा जानी ही नहीं। आनंद से रोना। आनंद-अश्रु! आंख स्वच्छ होने लगती है आनंद के अश्रुओं से। बाहर की ही आंख शुद्ध नहीं होती, भीतर की आंख भी शुद्ध हो जाती है। दृष्टि निर्मल हो जाती है। नहीं तो परमात्मा सामने खड़ा रहता है और हमें दिखाई नहीं पड़ रहा। हमारी आंखों पर इतनी धूल जमी है।

ओशो
संतो मगन भया मन मेरा १४

CamScanner

हिम्मत करो! भयभीत न रहो! जिंदगी चार दिन की है इस चार दिन की जिंदगी में क्या भय करना! किसका भय करना! बहुत से बहुत मौत ही तो हो सकती है न! मौत तो होनी ही है। इसलिए मौत एक ऐसी चीज़ है जिसको कि बिल्कुल एक किनारे रख दो। उसकी तो कोई कीमत ही मत मानो। जो होना ही है वो होना ही है! उसके लिए क्या फिकर करनी? जीने का मज़ा क्यों छोड़ो? जीने की पूर्णता क्यों छोड़ो? जीने का निखार क्यों छोड़ो? हाँ, अगर ऐसा होता कि मौत से सदा के लिए बच सकते! तो बात सोचने की भी थी - विचारने की भी थी। बच तो सकोगे नहीं! ऐसे भी मरोगे - वैसे भी मरोगे। मिट जाना है - मिट्टी में गिर जाना है। इसके पहले कि मिट्टी में गिरो - अपने भीतर अमृत को खोज लेना आवश्यक है.!

❤❤ ओशो ❤❤

CamScanner

ताओ की
साधना का अर्थ हुआ
सोच–विचार छोड़कर
खड़े हो जाना।
जहां कोई विचार न हो,
सिर्फ चेतना रह जाए,
सिर्फ होश रह जाए।
तो वहां से जो ठीक है
वह न केवल दिखाई पड़ेगा
बल्कि होना शुरू
हो जाएगा।
OshO
जिन खोजा तिन पाइयाँ

CamScanner

राजनीति तो उनके लिये है जिनके लिये कुछ और नहीं।जो मूर्ति नहीं बना सकते, जो चित्र नहीं रंग सकते, जो गीत नहीं गा सकते, जो कुछ भी नहीं कर सकते-उन सब अयोग्यों के लिये राजनीति है। आखिर अयोग्यों के लिये भी तो कुछ होना चाहिए। जिनमें और कोई योग्यता नहीं है उनमें राजनीति की योग्यता होती है।राजनीति के लिये बुद्धि नहीं चाहिए। क्योंकि बुद्धिमान आदमी इतनी बेईमानी नहीं कर समता; कुछ तो सोचेगा बुद्धिमान आदमी इतने धोखे नहीं दे सकता। कुछ तो विचारेगा! बुद्धिमान आदमी इतने झूठ नहीं बोल सकता, आखिर खुद की आत्मा कचोटेगी। और राजनीति तो सिर्फ झूठे आश्वासन हैं। सिर्फ झूठ पर झूठ। अत्यंत सोई हुई चेतना चाहिए राजनीति में सफल होने के लिये।

CamScanner


समाज जितना नीतिभ्रष्ट हो, जितना
व्यभिचार फैले, जितना अनाचार
फैले,उतना ही उपदेशक का मंच
ऊपर उठने लगता है। क्योंकि
जरूरत आ जाती है कि वह लोगों
को कहे: अहिंसा का पालन
करो,सत्य का पालन करो,
ईमानदारी स्वीकार करो;

CamScanner

11:07 am 13 KB/s VoLTE 4G 93%

कहते है? जैसे जैसे वह बड़ा हुआ उसने लोगों से सुना कि जब कोई हिलना डुलना देखना बोलना बंद कर दे, निष्प्राण हो जाए, तब समझ लेना चाहिए कि वह मर गया। फिर उसने अपने जीवन में बहुतों को ऐसे ही निष्प्राण हुए देखा और उनका अंतिम संस्कार किया, तो उसकी यह मान्यता दृढ़ हो गई थी।

अब तो वह घबरा गया। उसने हिलने का प्रयास किया, पर उसने देखा कि वह हिल नहीं पा रहा है। इतने में तो कुछ नातेदार बाँस और रस्सी ले आए, लगे अर्थी बनाने।

तब वह जोर जोर से बोला- "अरे मूर्खों! मुझे जिन्दा जला कर मानोगे क्या? मैं मरा नहीं हूँ। बस कुछ गड़बड़ हो रही है जो मैं हिल नहीं पा रहा हूँ।"

पर मानो किसी ने भी उसकी आवाज पर ध्यान नहीं दिया। पत्नी वैसे ही छाती पीटती रही, बच्चे बदहवास रोते रहे और अड़ोसी पड़ोसी खड़े खड़े खुसरफुसर करते रहे।

"ओह! लगता है ये सब बहरे हो गए हैं। ये तो मेरी आवाज ही नहीं सुन पा रहे हैं। आज तो मैं मरा।" ऐसा सोचते हुए वह अपने भगवान को याद करने लगा और अपने जीवन की रक्षा करने की प्रार्थना करने लगा।

पर परिवार में तो अफरातफरी मची थी। "जल्दी करो! जल्दी करो! ए राजू! सब सामान आ गया क्या?" कोई किसी से पूछ रहा था। "हाँ आ गया।" "तो चलो! देर क्यों हो रही है?" और उसके देखते देखते उसे अर्थी पर बाँध कर, एक बड़ा जुलूस उसके पीछे पीछे चलने लगा। पैसे और खील फेंके जा रहे थे और सब एक सुर में बोल रहे थे "राम नाम सत है।"

वह आदमी लाख प्रयास करने पर भी उन्हें समझा नहीं पाया। आखिर थक कर, कि अब कर भी क्या सकते हैं? वह चुप हो गया। और उसे चिता पर चढ़ा कर जला दिया गया।

पर उसे यह देख कर बड़ी हैरानी हुई कि वह जला नहीं। अब उसने जाना कि ओह! शरीर तो जल गया, पर मैं तो नहीं जला। तो मैं शरीर नहीं था? हे भगवान! यही बात तो गुरू जी समझाया करते थे। तब समझ लिया होता तो कल्याण हो गया होता। पर अब समझ आया है जब समझने का कोई लाभ नहीं है।

लोकेशानन्द कहता है कि वह आदमी आज भी उसी शमशान घाट में बैठा एक के बाद एक जन्म मृत्यु रूप स्वप्न देख रहा है। और इस समय वह देख रहा है कि उसका नाम अमुक है, वह अमुक नगर में रहता है और अमुक अमुक अमुक अमुक है।

CamScanner

CamScanner


कभी शरीर दुखी हे,कभी
मन,कभी वाणी,इसिलिए सब
छोडके ,सुख पुर्वक अपने मे
स्थित हु
8
1 comment
Like
Comment
Share

CamScanner




CamScanner




CamScanner


महावीर की वीरता यह है कि वे कहते हैं,
अब संगी और साथी न बनाऊंगा। अब अकेला काफी हूं।
महावीर ने कहा
कि जिन्होंने भी मेरे लिए सदा वचन दिए रक्षा करने के
और जिन्होंने कहा, हम रक्षा करेंगे, वे ही थोड़े दिन में
मेरे कारागृह बन गए। जिन्होंने भी कहा था कि हम रक्षा करेंगे,
जिन्होंने भी कहा था कि हम साथ देंगे, संगी बनेंगे, दुख से बचाएंगे,
आखिर में मैंने पाया कि वे ही मेरे दुख के कारण बने,
और वे ही मेरे कारागृह की दीवालें बने। अब नहीं।
अब मैं अकेला काफी हूं।
अब सुख हो कि दुख, मैं अकेला काफी हूं।
तुम मुझे मुझ पर छोड़ दो।
महावीर ने कहा है, एक ही वीरता है इस पृथ्वी पर,
अकेले होने का साहस–दि करेज टु बी अलोन।
बलवानों का मैं बल हूं।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7 प्र.82/25
आध्यात्मिक बल
OSHO

CamScanner

संस्कृति के आचार्य जी से उनके शिष्य से पूछा कि महात्मा , संत , ऋषि मुनि या गुरु किसे कहते हैं बहुत सुन्दर परिभाषा बताई आचार्य जी ने।

1. गुरु वो है जो अन्धेरे से प्रकाश की और ले जाये , 2. जिसमें प्राशसां का भाव न हो। 3. जिसमें चेलों की चाहत न हो। 4. गुरु वो है जिस के लिबास में जेब न हो , 5 . गुरु वो है जिसको आश्रम और डेरो की लालसा न हो। आचार्य जी फिर गुरु का गुजर कैसे होगा , यदि गुरु में नरसी भगत का भाव है तो गुजर भी हो जाएगा , शिष्य आचार्य जी कितने गुरु इस भाव के है ? 🙏

CamScanner

10:58 am 55 KB/s VoLTE 4G 95%
google.com/amp/s/m-hi 2

**ओशो संन्यासी** अक्सर 'जिबरिश' ध्यान करते हैं। यह भारतीय योग अनुसार रेचक की एक प्रक्रिया है। ओशो की एक महत्वपूर्ण किताब 'ध्यान योग : प्रथम और अंतिम मुक्ति' में ध्यान की 150 विधियां हैं। दुनियाभर में प्रचलित ध्यान को इसमें संकलित किया गया है और ओशो ने बहुत ही सुंदर ढंग से इन विधियों का वर्णन किया है।

ओशो कहते हैं कि अंग्रेजी का 'जिबरिश' शब्द 'जब्बार' नाम के एक सूफी सन्त से बना है। जब्बार से जब भी कोई कुछ सवाल पूछता था तो वह अक्सर अनर्गल, अनाप-शनाप भाषा में उसका जवाब देता था। वे इस भांति बोलते थे कि कोई समझ नहीं पाता था कि वे क्या बोल रहे हैं। इसलिए लोगों ने उनकी भाषा को 'जिबरिश' नाम दे दिया- जब्बार से जिबरिश (Gibberish)। जिबरिश का अर्थ होता है अस्पष्ट उच्चारण।

**'जिबरिश' का प्रचलित अर्थ बन गया-** अर्थहीन बकवास। यह अर्थहीन बकवास ही आंतरिक बकवास को रोकती है। इससे मन का कूड़ा-करकट बाहर निकाला जा सकता है। ईसाइयों के एक मत में इस तरह के ध्यान को ग्लासोलेलिया कहते हैं; 'टाकिंग इन टंग्स।'

सूफी फकीर जब्बार से लोग तरह-तरह के गंभीर सवाल पूछते और वह उसका जवाब इसी तरह देते थे। अर्थहीन शब्दों में लगातार वे लगभग चिल्लाते हुए जबाब देते थे। दरअसल जब्बार यह बताना चाहते थे कि तुम्हारे सारे सवाल और जवाब बकवास है। इससे सत्य को नहीं

CamScanner

10:58 am 0 KB/s 4G 95%
google.com/amp/s/m-hi 2

किया है।

ओशो कहते हैं कि अंग्रेजी का 'जिबरिश' शब्द 'जब्बार' नाम के एक सूफी सन्त से बना है। जब्बार से जब भी कोई कुछ सवाल पूछता था तो वह अक्सर अनर्गल, अनाप-शनाप भाषा में उसका जवाब देता था। वे इस भांति बोलते थे कि कोई समझ नहीं पाता था कि वे क्या बोल रहे हैं। इसलिए लोगों ने उनकी भाषा को 'जिबरिश' नाम दे दिया- जब्बार से जिबरिश (Gibberish)। जिबरिश का अर्थ होता है अस्पष्ट उच्चारण।

**'जिबरिश' का प्रचलित अर्थ बन गया-** अर्थहीन बकवास। यह अर्थहीन बकवास ही आंतरिक बकवास को रोकती है। इससे मन का कूड़ा-करकट बाहर निकाला जा सकता है। ईसाइयों के एक मत में इस तरह के ध्यान को ग्लासोलेलिया कहते हैं; 'टाकिंग इन टंग्स।'

सूफी फकीर जब्बार से लोग तरह-तरह के गंभीर सवाल पूछते और वह उसका जवाब इसी तरह देते थे। अर्थहीन शब्दों में लगातार वे लगभग चिल्लाते हुए जबाब देते थे। दरअसल जब्बार यह बताना चाहते थे कि तुम्हारे सारे सवाल और जवाब बकवास है। इससे सत्य को नहीं जाना जा सकता। सत्य को जानने के लिए मन और मस्तिष्क का खाली होना जरूरी है।

**नो माइंड :** ओशो ने जब्बार के इस ध्यान को आधुनिक लुक दिया और इस वार्तालाप के साथ चिखना और चिल्लाना भी जोड़ दिया। ओशो ने इस विधि को फिर से अपनाया और उसमें कुछ नए तत्व जोड़कर एक ध्यान

CamScanner

10:53 am 0 KB/s VoLTE 4G 96%

#osholove




1   1 comment • 10 views

Like Comment Share

**ओ शो वाणी**

Om Prakash · 2h ·

*कृष्ण* कहते हैं, मैं *शस्त्रधारियों में राम हूं।*

CamScanner

जैसे सूरज उगता
और डूबता है, वैसे ही
उदासी आती जाती है,
सुख आता जाता है,
पर तुम उसमें नहीं हो।
दुख सुख अपने आप
आते जाते हैं, चित्त दशाएं
अपने आप आती जाती हैं।
यदि यह प्रतीति हो कि
जीवन एक साइकोड्रामा है
तो व्यक्ति विरक्त और अकेला
अनुभव करने लगता है।'
तो वैसा अनुभव करो!
तंत्र सूत्र
OshO

CamScanner


जमाने को क्यों बताऊं
तुम क्या हो मेरे लिए,
तुम्हें यूं ही खामोशियों से
चाहते रहना
अच्छा लगता है मुझे।
@MERE_NARAYAN

CamScanner

CamScanner




CamScanner

10:30 am 115 KB/s 96%

Like Comment Share

**Murlidhar K. Vyas**

Suggested for you · 13 Oct ·

"ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं. वो हमी हैं जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है."

3.1K 16 comments • 315 shares • 40K views

Like Comment Share

CamScanner


सारा अस्तित्व
खिलने में भरोसा रखता है।
जब भी कोई चीज खिल जाती है
तो निर्भार हो जाती है।
आदमी भी एक फूल है।और
बुद्ध कहते हैं, बड़ा अनूठा फूल है।
और बुद्ध जानकर रहते हैं।
उनका फूल खिला तब उन्होंने
एक अनूठी बात जानी कि
विपरीत दिशाओं में भी,
जहा हवा नहीं भी जा रही हो,
वहा भी संत की गंध चली जाती है।
संत की गंध कोई सीमाएं नहीं मानती।
'फूलों की सुगंध वायु की विपरीत दिशाओं
में नहीं जाती। न चंदन की, न तगर की,
न चमेली की, न बेला की। लेकिन
सज्जनों की सुगंध विपरीत दिशा में भी जाती है।
सज्जन की सुगंध एकमात्र सुगंध है,
जो संसार के नियम नहीं मानती।
जो संसार के साधारण नियमों के पार है,
जो अतिक्रमण कर जाती है।
आचार्य श्री रजनीश
एस धम्मो सनंतनो-(प्र-17)
प्रार्थना स्वयं मंजिल
anamcaraRames
OshO

CamScanner


आपका अस्तित्व ही प्रेम है, आप प्रेम विकीर्ण करते हैं।
केवल तभी प्रेम अपने चरम पर आ गया है इसने परम,
अंतिम को प्राप्त कर लिया है आप इसे ईश्वरत्व कह
सकते हैं। ओशो अहोभाव

CamScanner


खिले हुए फूलों के संग-साथ का यही तो अर्थ है; यही तो प्रयोजन है कि तुम्हें भी याद आ जाए कि तुम भी खिलने को आए थे यहां और बिना खिले मत लौट जाना। तुम्हें भी याद आ जाए कि खिलना तुम्हारी भी क्षमता है, तुम्हारा भी स्वभाव है।
ओशो

CamScanner




CamScanner

यह अपूर्व सूत्र है...........

कि अगर तुम निश्चिंत होना चाहो, तो छोटा-सा काम है बस; जरा-सी तरकीब है; जरा-सी कला है--और कला यह है: ...........

अपने को हटा लो और परमात्मा को करने दे जो कराए।
कराए तो ठीक, न कराए तो ठीक।
पहुंचाए कहीं तो ठीक, न पहुंचाए तो ठीक।
तुम सारी चिंता उस पर छोड़ दो।
जिस पर इतना विराट जीवन ठहरा हुआ है,
चांदत्तारे चलते हैं, ऋतुएं घूमती हैं, सूरज निकलता है, डूबता है; इतना विराट जीवन का सागर, इतनी लहर जो सम्हालना है, तुम्हारी भी छोटी लहर सम्हाल लेगा।
तुम अपनी लहर को अपना अहंकार मत बनाओ।
तुम अपनी लहर को उसके हाथ में समर्पित कर दो।
ओशो

CamScanner




CamScanner

इस जगत् में इतनी मूल्यवान कोई भी चीज नहीं है कि तुम उसके लिए झगड़ो, रोष करो, हिंसा करो। कौड़ियों के लिए लड़ो मत। कौड़ियों के लिए लड़कर आत्मा के बहूमूल्य हीरे न गंवाओ।
* अजहूं चेत गंवार, प्रवचन # १२ *

CamScanner


उत्सव मनाने का बेहतरीन दिन कौन सा है फकीर ने प्यार से कहा मौत से एक दिन पहले! व्यक्ति मौत का तो कोई वक़्त नहीं। फकीर ने मुस्कुराते हुए कहा तो जिंदगी का हर दिन आखरी समझो और जीने का आनन्द लो.

CamScanner

CamScanner

अक्सर हमने बहुत बार देखा है कि लोग मन्दिर मे अपनी जेब से 1,2,5 का सिक्का या कितने का भी नोट निकाल कर भगवान के सामने फेंकते है फिर हाथ जोडकर प्रणाम करते है ओर मनोकामना भगवान से माँगते है ।

कैसी मूर्खता है यह लोगो कि :- कोइ आपके सामने पैसे फेंककर चला जाये तो क्या आपको अच्छा लगेगा।

नही लगेगा, आप उस व्यक्ति को बुलाकर कहोगे__""भिखारी समझा है क्या""तो सोचिये भगवान को कैसी फिलिंग आती होगी जब कोइ उनके सामने पैसे फेंकता है ।

अब जो यह कहे कि भैया पत्थर कि मूर्ति मे केसी फिलिंग, तो उनका मन्दिर जाना बेकार है ।

10 रूपये चढाकर 10 करोड कि कामना करते है ।

भगवान के सामने शर्त रखते है कि है भगवान मेरे बेटे कि नोकरी लगने के बाद मंदिर मे भंडारा करवाऊंगा ।

मेरा ये संकट टाल दो__ मे इतने रूपये दान करूंगा ।

पहले कुछ नही करेंगे, काम होने के बाद ही करेंगे ।

हे भगवान, मेरा ये काम हो जाये मै आपको मानना शुरू कर दूँगा ।

क्यो भाई, भगवान को क्या जरूरत पडी है कि वो तुम्हे अपने होने का प्रमाण दें ।

ऐसे लोभी लालची व्यक्तियों को समझना चाहिए कि उसे तुम क्या दे दोगे जो सम्पूर्ण विश्व को पाल रहा है ।

"दाता एक राम, भिखारी सारी दुनिया""भगवान को आपका पैसा नही चाहिये उन्हे सिर्फ आपकी सच्ची भावना ओर प्रेम चाहिये ।

उनके सामने जब भी जाये तो अपने पद,पैसे,ज्ञान, का अहंकार त्याग कर दीन हीन बनकर जाये । क्यो कि आपके पास जो भी है यह सब उन्ही का दिया हुआ है ।

CamScanner


ओशो अहोभाव
Mahageeta 61
जब तुम अपने स्वरूप में डूब जाते हो तो तुम्हें पता चलता है, जो हो रहा है, या तो शरीर का है या मन का है;

CamScanner

10:53 pm 0 KB/s 33%

मैं केवल साक्षी मात्र हूं। ऐसी चिंतना की धारा तुम्हारे भीतर बह जाती। ऐसा सूत्र, ऐसी चिंतामणि तुम्हारे हाथ लग जाती।

जब तुम देखते हो कि भूख लगी तो शरीर में घटना घटती है और तुम देखनेवाले ही बने रहते हो। तुम्हारी सुखधार में जरा भी भेद नहीं पड़ता। इसका यह अर्थ नहीं कि तुम भूखे मरते रहते हो। तुम उठते हो, तुम शरीर को कुछ भोजन का इंतजाम करते हो। प्यास लगती है तो शरीर को पानी देते हो। यह तुम्हारा मंदिर है। इसमें तुम्हारे देवता बसे हैं। तुम इसकी चिंता लेते, फिक्र लेते, लेकिन अब तुम तादात्म्य नहीं करते। अब तुम ऐसा नहीं कहते कि मुझे भूख लगी है। अब तुम कहते हो, शरीर को भूख लगी है। अब तुम चिंता करते हो लेकिन चिंता का रूप बदल गया। अब शरीर तृप्त हो जाता है, तो तुम कहते हो शरीर तृप्त हुआ। शरीर को प्यास लगी, पानी दिया। शरीर को नींद आ गई, शरीर को विश्राम दिया। लेकिन तुम अलिप्त, अलग-अलग, दूर-दूर, पार-पार रहते।

तुम फिक्र कर लेते हो, जैसे कोई अपने घर की फिक्र करता है। जिस घर में तुम रहते हो, स्वच्छ भी करते हो, कभी रंग-रोगन भी करते हो, दीवाली पर सफेदा भी पुतवाते हो, कपड़े भी धुलवाते हो, परदे भी साफ करते हो, फर्नीचर भी बदल लेते हो; यह सब...लेकिन इससे तुम यह भ्रांति नहीं लेते कि मैं मकान हूं। तुम मकान के मालिक ही रहते हो; निवास करते हो। तुम कभी इसके साथ इतने ज्यादा संयुक्त नहीं हो जाते कि मकान गिर जाये तो तुम समझो कि मैं मर गया; कि छप्पर गिर जाये तो तुम समझो कि अपने प्राण गये; कि मकान में आग लग जाये तो तुम चिल्लाओ कि मैं जला।

ऐसी ही घटना घटती है ज्ञानी की। जैसे-जैसे भीतर का रस स्पष्ट होता, भीतर का साक्षी जागता, वैसे देह तुम्हारा गृह रह जाती।

अगर ठीक से समझो तो गृहस्थ का यही अर्थ है: जिसने देह को अपना होना समझ लिया, वह गृहस्थ। और जिसने देह को देह समझा और अपने को पृथक समझा, वही संन्यस्त। - ओशो Mahageeta 61

CamScanner

10:53 pm 109 KB/s 4G 33%

जब कभी एक बार भी बिना निमित्त के तुम अपने से जुड़ जाते हो, तो घटना घट गई। कुंजी मिल गई। अब तुम जानते हो, अब किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। जब चाहो तब ताला खुलेगा। जब चाहो तब भीतर का द्वार उपलब्ध है। बीच बाजार में तुम आंख बंद करके खड़े हो सकते हो और डूब जा सकते हो अपने में।

फिर धीरे-धीरे आंख बंद करने की भी जरूरत नहीं रह जाती, क्योंकि वह भी निमित्त ही है। फिर आंख खुली रखे तुम अपने में डूब जाते हो। फिर तुम काम करते-करते भी डूब जाते हो। फिर ऐसा भी नहीं है कि पद्मासन में ही बैठना पड़े, कि पूजागृह में बैठना पड़े, कि मंदिर-मस्जिद में बैठना पड़े। फिर तुम बाजार में, खेत में, खलिहान में काम करते-करते भी अपने में डूब जाते हो।

यह भी महत्वपूर्ण है कि अभाव के अनुभव से पूर्ति की इच्छा होती है। इच्छा से चेष्टा, और चेष्टा होने पर पुनः नए नए अभाव अनुभव होते हैं। उनकी पूर्ति करते करते आयु बीत जाती है। जिस जीवन से भगवान मिल सकते हों, वह अभावों की पूर्ति में ही बीत जाए, और अभाव फिर भी बना रहे, यह कितनी बड़ी हानि है?

हजार बातों को जान कर, बेकार वाद विवाद करने से क्या प्राप्त होगा? प्राप्त करने योग्य पदार्थ को प्राप्त कर लेने में ही विद्या की पूर्णता है, न कि व्यर्थ वाद विवाद करने में। अरे भैया! रास्ते की बात करना, रास्ते पर चलना नहीं है।

आप तो उन भगवान के भरोसे की चादर तान कर, उन्हीं भगवान की प्राप्ति के लिए, किन्हीं संत का संग करो जिनका ध्यान स्वयं भगवान करते हैं। हाँ! संत तो भगवान का ध्यान करते हैं, पर भगवान किस का ध्यान करते हैं? भगवान संतों का ध्यान करते हैं। संत तो तीर्थों को भी तीर्थ बनाने वाले हैं।

CamScanner

11:27 am 4 KB/s 63%

1d ·

साक्षी को संभालने की कोशिश करना। इस धागे को जितनी देर तक खींच सको, खींचना। जल्दी ही यह खो जाएगा, काम धाम की दुनिया है। पुरानी आदत है मगर इसको रोज-रोज सींचना। यह पौधा धीरे-धीरे बड़ा होगा। दिखाई भी नहीं पड़ेगा कि बड़ा हो रहा है क्योंकि इतने धीमे धीमे बड़ा होगा। लेकिन अचानक तुम पाओगे की दिनभर एक धागे की तरह तुम्हारे अंदर प्रकाश की एक किरण सी बनी रहती है। और वह प्रकाश की किरण तुम्हारे जीवन को रासायनिक रूप से बदल देगी। क्रोध कम आएगा, क्योंकि साक्षी को कैसा क्रोध? मोह कम पकड़ेगा, क्योंकि साक्षी को कैसा मोह। चीजें घटेंगी, सफलता-असफलता होगी, सुख-दुख आएंगे लेकिन तुम कम डांवाडोल होओगे क्योंकि साक्षी को कैसा कंपन? सुख आएगा उसे भी तुम देख लोगे,दुख आएगा उसे भी तुम देख लोग और तुम्हारे भीतर सतत धारा बनी रहेगी कि मैं देखनेवाला हूँ, भोक्ता नहीं हूँ।

कोई भी नहीं कह सकता कि कितना समय लगेगा। तुम्हारी त्वरा,तुम्हारी तीव्रता, सघन आकांक्षा और तुम्हारी अभीप्सा पर निर्भर करेगा। कैसे तुम चलते हो, चींटी की चाल चलते हो या दौड़ते हो क्योंकि धर्म की दुनिया में लोग अक्सर बाराती की चाल चलते है। बाराती की चाल से कहीं पहुंचोगे नहीं। बाराती की चाल ठीक है क्योंकि बारात को कहीं पहुंचना ही नहीं हैं। वे ऐसे ही गांव का चक्कर लगा कर वहीं के वहीं आ जाते हैं।

प्रवचन-शिवसूत्र

ओशो

CamScanner

11:26 am 5 KB/s 63%

Report ad

**Swami Lokeshanand**
17 Oct ·

धोखे में मत रहो! यौवन जीवन में केवल एक बार आता है। एक बार चला जाए तो फिर वह लौट कर नहीं आता।
इस यौवन की कीमत को समझो। यह बहुत कीमती है। अपने यौवन के समय को व्यर्थ की क्रियाओं में नष्ट मत करो। इसे व्यर्थ की चिंताओं में मत गंवाओ। जो कहीं नहीं पहुँचाती उस दौड़ में मत दौड़ो। इसे तो किसी कीमती कार्य में लगाओ। परमात्मा प्राप्ति में लगाओ।
विचार करो! आज तुम्हारे शरीर में शक्ति है, आँखों में तेज है, मुख पर चमक है, हाथों में बल है। आज तुम चाहो तो पहाड़ों का सीना चीर सकते हो। तूफ़ानों को ललकार सकते हो। सागर की छाती पर सवार हो सकते हो। पर समय आएगा, जब तुम हाथ हिलाना चाहोगे और वह हिलेगा नहीं। पाँव से चलना चाहोगे और वे चलेंगे नहीं।
आज तुम्हारी आँखें आकाश में देखती हैं, पर समय आएगा, जब पास रखी लाठी भी तुम्हें दिखाई न देगी। आज ही साधन करने का समय है। कल न मालूम क्या हो? यह भी नहीं मालूम कि कल आएगा भी या नहीं। इसीलिए बहानेबाजी छोड़ दो।
ध्यान दो! यदि तुम आज ही सन्मार्ग पर नहीं आए, तो कल प्रयत्न करने पर भी नहीं आ पाओगे।
लोकेशानन्द का एक सूत्र है, पाँच-पचास का। यौवन के पाँच वर्ष की असावधानी, और पचास वर्ष कष्ट। या, पाँच वर्ष साधन, और सदा सदा के लिए कष्ट से मुक्ति। चुनाव तुम्हारा है।
अभी समय है, अभी सही समय है, अभी ही समय है, संभल सको तो संभल जाओ। नहीं तो यह यौवन फिर कभी लौट कर नहीं आएगा।

CamScanner

CamScanner

CamScanner




CamScanner

CamScanner

CamScanner


"Can you feel the Presence
of the Unmanifested?"
"Pay more attention to the silence than to the sounds. Paying attention to outer silence creates inner silence: the mind becomes still. A portal is opening up. Every sound is born out of silence, dies back into silence, and during its life span is surrounded by silence. Silence enables the sound to be." - Eckhart Tolle

CamScanner


2:18 pm
56%
Search
Posts
Reels
"Realize that your world is only a reflection of yourself and stop finding fault with the reflection. Attend to yourself, set yourself right; mentally and emotionally. The physical self will follow automatically." Nisargadatta Maharaj
32
4 comments • 4 shares
Like
Comment
Share
Maitreyi Nivi
2d ·
Jivan Sahaj
You
Vinod Kum
+25

CamScanner

2:16 pm 56%

Maitreyi Nivi

**Maitreyi Nivi**
7 Jul 2022 ·

Ramana says, "keep quiet"
Poonja ji says, "keep quiet"
Mooji says, "keep quiet"
Osho says, "keep quiet"
Buddha says, "keep quiet"
Eckhart Tolle says,"keep quiet"
Robert Adams says, "keep quiet"

So many masters - I haven't mentioned all of them here - have one essence in their teachings: silence... Isn't it enough to know that silence/awareness is God, formless and everywhere, and we are in it and of it? So, all living beings - human beings, animals, birds, trees - everything is God and that alone is.

~ Maitreyi Nivi (Shoonya)

> रमण कहती है चुप रहो
> पूंजा जी कहते हैं चुप रहो
> मूजी कहते हैं चुप रहो
> ओशो कहते हैं, "चुप रहो"
> बुद्ध कहते हैं चुप रहो
> एकहार्ट टोले कहते हैं, "चुप रहो"
> रॉबर्ट एडम्स कहते हैं, "चुप रहो"
>
> इतने सारे स्वामी - मैंने उन सभी का यहां उल्लेख नहीं किया है - उनकी शिक्षाओं में एक सार है: मौन ...
> क्या यह जानना पर्याप्त नहीं है कि मौन/जागरूकता ईश्वर है,
> निराकार और हर जगह, और
> जीव-जंतु, मनुष्य, पशु, पक्षी
> एकमात्र है।

Write a comment...




CamScanner



हावीर कहते हैं;- अगर
आदमी! 48 मिनट भी,
"बिल्कुल शान्त..
ौर निर्विचार.. हो जाए,
तो शून्य के द्वार खुल
जाएंगे.!!!
ओशो


CamScanner


2:14 pm
57%
facebook
मृत्यु के बाद उसी का
सिलसिला जारी रहेगा जो
तुमने मृत्यु के पहले निर्मित
किया था - ओशो
325
5 comments • 136 shares • 6.9K views
Like
Comment
Share
ओशो - जीवन-मृत्यु
दिनेश कौशिक · 1d ·
You
Vinod Kum
+25

CamScanner



तुम्हारी आंख पर चश्मा है। यह चश्मा तुम्हारे मन का है। यह मन तुम्हें देखने नहीं देता। यह मन तुम्हें गुरुओं को देखने ही नहीं देता, क्योंकि गुरु को देखना मन की मौत का प्रारंभ है ~ ओशो अहोभाव

CamScanner


मूर्तिपूजा की किमिया
मूर्ति बहुत विकसित लोगों ने पैदा की थी। सोचने जैसा है। क्योंकि मूर्ति का संबंध है, वह जो कास्मिक फोर्स है, हमारे चारों तरफ जो ब्रह्म शक्ति है, उससे संबंधित होने का सेतु है वह। जिन लोगों ने भी मूर्ति विकसित की होगी, उन लोगों ने जीवन के परम रहस्य के प्रति सेतु बनाया था।
गहरे पानी पैठ
प्रवचन - ०४
मूर्ति-पूजाः मूर्त से अमूर्त की ओर
ओशो

CamScanner


बुद्ध को मानने वाला वही हो
सकता है जो बेजुबानो को मार
के ना खाता हो,, जबरदस्ती बुद्ध
को मानने से कुछ नहीं होगा
25
Like
You
Vinod Kum
+24

CamScanner

ख्याल रखना जो जहां है,
जैसा है
अगर वहीं सुखी नहीं है
फिर कहीं भी सुखी नहीं
हो सकता
@Osho Gyan Hindi English

CamScanner

किसी को वही देना की,
जब वापिस आए तो हंस के ले सको.
बात हो या व्यवहार.

क्यों की,
दुनियां गोल है..
और नियति तय है.

CS CamScanner

ओ'शो मित्र मंडली

Sarika Agarwal · 20h ·

स्त्री को छूना भी एक कला हैं,
स्त्री काया नही हृदय है जो छू सको..!!
तो स्त्रीत्व को छूना, स्त्री को नही..!!
🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹
-----------------------------------

तुम नंगे हो जाओ, कपडे उतारने की बात नहीं कह रहा हूँ; मन के आवरणों को हटाने की बात कह रहा हूँ। लेकिन जब भी ऐसी कोई बात होती है तो तुम्हारे ख्यालो में स्त्री ही आती है! क्योकि ये बात जानकर तुम हैरान होगे कि तुम्हारी पत्नी भी स्त्री ही है!
तुम रोज उसे बिस्तर पर साथ पाते हो पर फिर भी उसे समझने की, जानने की चाह कभी नही की! अभी तुम्हे स्त्रीत्व तक पहुँचने में देर है; स्त्री को समझने का, उसके तन को जानने का दम चाहिए। अदभुत साहस चाहिए, प्रेम की अनुभूति चाहिए। परम की आकांक्षा चाहिए। जबकि लोग उसके उभारो की ऊँचाई देखकर गिर जाते हैं। उसकी गहराइयो में ऐसे डूबते हैं कि मरकर के वापस आते हैं। इसलिए जब भी तुम्हें स्त्री के नजदीक जाने का अवसर मिले तो चूकना मत! जरुरी नहीं कि हर बार तुम सेक्स में हो जाओ, कुछ समय ऐसा भी गुजारना; जहाँ तुम शरीर के पार देखने की कोशिश करना; शायद तुम उसके दिल की धडकन सुन सको, शायद तुम उसके स्त्रीत्व को छू सको, और जिस पल तुमने उसके स्त्रीत्व को छू लिया!
तब अचानक से वासना तिरोहित होगी, और प्रेम का आगमन होगा, तुम एक परमसुख की अनुभूति करोगे, एक ऐसा आनंद जो तुम्हे जन्मों जन्मों तक गुदगुदाता रहेगा, तुम मुस्करा उठोगे, खिल जाओगे, और यही खिलावट तुम्हे जीवन के परम सत्ता की अनुभूति देगी, जीवन के परमआनंद से तुम्हारा मिलन होगा।
ओशो🌹🌹

CS CamScanner

CamScanner

# ओशो
अहोभाव

भजगोविन्दम मुधमाते
(आदि शंकराचार्य)
प्रवचन-06

रामकृष्ण के पास एक दिन एक आदमी आया और उनके चरणों में उसने बहुत से रुपये रखे। रामकृष्ण ने कहा, ले जा भाई। उस आदमी ने कहा कि आप महात्यागी हैं--इसका और एक सबूत मिला। रामकृष्ण कहने लगे, महात्यागी तू है, हम नहीं। क्योंकि हम तो परमात्मा को भोग रहे हैं, तू छोड़ रहा है; तू धन बटोर रहा है, हम परमात्मा बटोर रहे हैं--त्यागी कौन है और भोगी कौन है? भोगी हम हैं, त्यागी तू है। कंकड़-पत्थर जो बीन रहा है और हीरों को छोड़ रहा है, उसको भोगी कहोगे या त्यागी? व्यर्थ को जो सम्हाल रहा है और सार्थक को गंवा रहा है, उसको ही त्यागी कहना चाहिए।

CS CamScanner

CS CamScanner

11:59 am 0 KB/s VoLTE 4G 45%
Like Comment Share

**अहोभाव**

1h ·

अहोभाव

चोर जागा हुआ दिखाई देता है। चाकर जागा हुआ दिखाई देता है। रोगी जागा हुआ दिखाई देता है। जागे नहीं हैं। जागता तो सिर्फ योगी है।
कृष्ण ने कहा है: या निशा सर्व भूतायाम् तस्याम् जागर्ति संयमी। वह जो सबके लिए गहन रात्रि है, निद्रा है—वैसी रात्रि में, वैसी निद्रा में भी योगी जागता है, संयमी जागता है, ध्यानी जागता है।
ध्यानी सो ही नहीं सकता। उसने अपने भीतर उस तत्व को पहचान लिया है जो कभी सोया ही नहीं, जहां सोने की घटना घटती ही नहीं। शरीर सोता है, मन सोता है; आत्मा कभी नहीं सोती। तुमने अपने को शरीर मान लिया, इसलिए तुम्हें सोना पड़ता है; मन मान लिया, इसलिए सोना पड़ता है। जिस दिन तुम जानोगे कि तुम आत्मा हो, शाश्वत, न जिसका कोई प्रारंभ है, न कोई अंत; जिस दिन तुम जानोगे तुम अमृत हो, तुम्हारी कोई मृत्यु नहीं; जिस दिन तुम अपने साक्षी-भाव को पहचानोगे, उसी दिन से निद्रा गई। शरीर फिर भी सोएगा, मन फिर भी सोएगा; क्योंकि ये तो यंत्र हैं, थकते हैं। लेकिन साक्षी जागा रहता है।

नींद में भी ध्यानी जागा रहता है। शरीर सोया रहता है और भीतर जागरण का दीया जलता रहता है। वह जागरण का दीया जिसने भी पा लिया, स्वर्ग में प्रविष्ट हो गया। स्वर्ग कोई भौगोलिक स्थान नहीं है कहीं। स्वर्ग तुम्हारे जागरण की अवस्था का नाम है.
ओशो

CamScanner


नींद में भी ध्यानी जागा रहता है।
शरीर सोया रहता है और भीतर
जागरण का दीया जलता रहता है।
वह जागरण का दीया जिसने भी पा
लिया, स्वर्ग में प्रविष्ट हो गया। स्वर्ग
कोई भौगोलिक स्थान नहीं है कहीं।
स्वर्ग तुम्हारे जागरण की अवस्था
का नाम है ~ ओशो अहोभाव

CamScanner

Oshoravi
जब एक व्यक्ति मूर्खता करें
तो उसे मूर्ख कहते हैं। जब
अनेक व्यक्ति मूर्खता करें
तो उसे पागलपन कहते हैं।
और जब लाखों करोड़ो
लोग वही मूर्खता करें तो
उसे धर्म कहते हैं।
ओशो

CamScanner




CS CamScanner

जितना बड़ा डरपोक और

#kadwijootiyan

पापी, उतना ही ज्यादा
पूजा पाठ का पाखंड..
जैसे जितना बड़ा जुर्म
उतना ही बड़ा वकील..
किसे मूर्ख बनाते हो ?

CamScanner

**ओशो शुद्ध चेतना थे, उस चेतना तक पहुँचने के लिए ओशो को भी छोड़ना होगा, ओशो के वाक्य~ मुझे भी छोड़ देना 🙏**

CamScanner


जब यार मेरा पास हो मेरे मैं क्यों ना
हद से गुज़र जाऊँ जिस्म बना लू उसे
मैं अपना या रूह मैं उसकी बन जाऊँ
अहोभाव

CamScanner




CamScanner

**Neelam Mahajan Singh** · Follow

26 Aug 2021 ·

Osho Diaries III:
By; Neelam Mahajan Singh
A Canadian by birth, #MichaelOByrne, known simply as 'Jayesh', rose meteorically in the Osho Rajneesh's hierarchy after he took sannyas in 1984-85.
I met Dr. Amrito, Jayesh, Maa Yoga Neelam, Swami Tathagat, Sadhna, Anando, Chaitanya Keerti / Swami Keerti and others at Osho Rajneesh's ashram in Pune.
It's surprising that neither Osho's personal attorney Swami Prem Niren (Philip J. Toelkes) nor Osho's disgraced personal secretary Maa Anand Sheela refer to Swami Jayesh even once in their lengthy interviews in 'The Wild Wild Life' documentary. The opening at 11:49 minutes, there is footage of Osho's arrest along with Jayesh, Amrito and eight others when their Lear Jet landed at 2 am at the Charlotte - Douglas International Airport, North Carolina on October 28, 1985.
#Jayesh has emerged as the controller of finances and key person of the Osho movement after its collapse in Oregon. He is seen in handcuffs and chains like Osho and Dr. Amrito.
Jayesh was the exact opposite- always behind the curtains, always hidden away from the glare of the media. Jayesh was the only person besides Dr. Amrito who was present by Osho's side when he died in Pune on January 19, 1990. When Osho died

CS CamScanner




CS CamScanner

Osho
हीरा परखने वाले से, पीड़ा परखने वाला
व्यक्ति ज्यादा महत्वपूर्ण होता है, अगर आपका
प्रेम आपकी पीड़ा ही नहीं परख सकता तो उस
व्यक्ति ने कभी आपसे प्रेम किया ही नहीं था!
।• श्री कृष्ण लीला •।

CamScanner

दुख को छोड़ने
को सभी तैयार हैं।
जो ध्यान में
जाना चाहते हैं,
वे भी इसी लिए
जाना चाहते हैं कि

दुख छूट जाए और सुख मिल जाए।

लेकिन आपको
साफ हो जाना चाहिए:
ध्यान में जैसे ही प्रवेश करेंगे,
सुख-दुख दोनों ही छूट जाते हैं।
और जो उपलब्धि होती है
वह सुखकी नहीं है,
परम शांति की है।

ओशो ध्यान के कमल

CamScanner

**Osho Human Being To Be.In.God**

2d ·

भिक्षुणी चियोनो ने वर्षों तक अध्ययन किया,
लेकिन आत्मज्ञान पाने में वह असमर्थ रही।

एक रात वह पानी से भरी एक पुरानी बाल्टी ले जा रही थी। चलते हुए वह पानी की बाल्टी में प्रतिबिंबित पूर्णिमा के चंद्रमा को भी देख रही थी।

अचानक बाल्टी को थामने वाली बांस की पट्टियां टूट गईं और बाल्टी टूट कर गिर गई। सारा पानी बह गया, और चंद्रमा का प्रतिबिंब भी गायब हो गया, और तभी चियोनो प्रबुद्ध हो गई।

तब उसने यह कविता लिखी -

"इस तरह से और उस तरह से,
मैंने बाल्टी को थामे रखने की कोशिश की,
यह उम्मीद करते हुए कि कमजोर बांस
कभी नहीं टूटेगा।

अचानक तला ही बाहर गिर गया,
अब और पानी नहीं,
और पानी में कोई चाँद नहीं,
अब वहां केवल शून्यता है।"

CamScanner

राधा बनने को सब चाहे....माता सीता सी कोई नहीं....

सब कृष्ण के प्रेम में भटक रही....संग राम के वन में कोई नहीं.... 🙏😔💔

CS CamScanner




CamScanner




CS CamScanner




CamScanner


प्रेम तुम्हें ध्यानस्थ बना देता है यदि वह
ठिक दिशा में हो ध्यान तुम्हें प्रेमपूर्ण बना देता
है यदि वह ठीक दिशा में हो।
ओशो
दी सर्च

CamScanner

CamScanner

CS CamScanner

जो हो रहा है,
हो रहा है।
न तुमसे
पूछ कर शुरू हुआ है,
न तुम से पूछ कर
बंद होने का कोई कारण है।
जो हो रहा है, होता रहा है,
होता रहेगा–तुम देखते रहो।
बस इसमें ही
क्रांति घट जाती है।
anamcara.Rames
अष्टावक्र: महागीता--प्रवचन--13
जब जागो तभी सवेरा
आचार्य श्री रजनीश
ओशो
acR
OSHO

CamScanner



जिस दिन तुम ये जान
लोगे की, यहां स्वयं
को जानने के अलावा,
कुछ भी जानना ,
बेकार है, उस दिन से
आनंद के द्वार खुल
जायेगे ,


CamScanner


परमात्मा के पास
तो वही पहुंच सकेगा,
जो अपने सब धोखे, अपने मुखौटे,
अपनी शक्लें मंदिर के बाहर छोड़ जाए,
भीतर जाकर नग्न खड़ा हो जाए
और कह दे कि मैं ऐसा हूं।
एकीभाव बहुत वैज्ञानिक बात है।
जब किसी से मैं कुछ भी नहीं छिपाता,
तो एकीभाव उत्पन्न होता है।
जब तक छिपाता हूं,
तब तक दूजापन,
दुई, द्वैत, दूसरापन
मौजूद रहता है।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन
अ.7.प्र.84/27जीवन अवसर है
0sh0

CamScanner


हम कैसे इंद्रियों से, इंद्रियों की
आसक्ति से मुक्त हो जाएं?
इंद्रियों की आसक्ति से
मुक्त होने के लिए पहला सूत्र
खयाल में रखें, तभी हो सकेंगे।
जब कोई इंद्रिय मांग करे,
जब कोई इंद्रिय चुनाव करे,
जब कोई इंद्रिय भोग करे,
जब कोई इंद्रिय तृप्ति के लिए
आतुर होकर दौड़े,
तब आपको कुछ करना पड़ेगा
इस सत्य को पहचानने के लिए
कि
मैं इंद्रिय नहीं हूं।
आचार्य श्री रजनीश
anamcara Rames
गीता दर्शन अ.6
आसक्ति का सम्मोहन
प्र.59/2

CamScanner

अक्सर तुम क्या करते हो, की दो,चार दिन या महीने ध्यान किया और फिर छोड़ दिया । फिर कुछ महीने बाद सुध आई, फिर शुरू कर दिया। पर तुम नही जानते की बीच में जो अंतराल आया उस दौरान , तुमने जो खुदाई की थी स्वयं की, वो तुमने दोबारा संसार से भर ली। अब फिर नए सिरे से खुदाई। ये चलता रहता है और तुम फिर कहते हो क़ि इतने दिन हो गए ध्यान करते पर कुछ हो नही रहा। होगा कहाँ से ? ध्यान को कुंआ खोदने के सामान कहा गया है, पहले मिट्टी,फिर पत्थर उसके बाद गन्दा पानी और अन्ततः स्वच्छ जल । स्वच्छ जल आने तक मत रुको, रुके कि, पत्थर मिटटी झाड़ खँखाड़ से वो फिर भर जायेगा। फिर नई शुरुआत ।

OSHO

CamScanner

6:46 pm 0 KB/s VoLTE 4G 88%
facebook
5

उन्हें खबर मिली। वे उसके दर्शन को गए। उन्होंने झुककर उसके चरण छुए, जो कि पूरब की अदभुत देन है! पूरब ने बहुत कुछ दुनिया को दिया है जिसकी कोई कीमत नहीं करता। उस तरह के आदमी को यूनान में जहर दिया जाता है, जूदिया में फांसी पर लटकाया जाता है, अरब में टुकड़े-टुकड़े करके काट दिया जाता है हिंदुस्तान ने बहुत कुछ दुनिया को दिया है जो अदभुत है। यहां अंधे आदमी को भी इतनी सहनशीलता दी है कि वह आंखवाले के पैर छूने को राजी है और इसमें अपमान अनुभव नहीं करता बल्कि गौरव अनुभव करता है। अनुभव करता है कि मैं महा महिमामंडित हूं कि एक आंखवाले आदमी के पैर छूने का मुझे अवसर मिला। नहीं सही मेरी आंखें मगर कोई आंखवाला था जिसके मैंने पैर तो छुए। यह भी क्या कम है?

बुद्ध ने पैर छुए और जैसे ही वे खड़े हुए तो हैरान हो गए। वह व्यक्ति, वह महापुरुष जो जाग चुका था वह झुका और उसने इस सोए हुए आदमी के पैर छुए। बुद्ध ने कहा, आप यह क्या करते हैं? यह कैसा पाप आप मेरे ऊपर थोप रहे हैं। आप जागृत हैं मैं आपके पैर छुऊं यह मेरा सौभाग्य है। लेकिन आप मेरे पैर छूकर मुझे किस नर्क में ढकेल रहे हैं।

उस बुद्ध पुरुष ने कहा था, नर्क में नहीं ढकेल रहा हूं। कल तक मैं भी तुम्हारी तरह सोया हुआ था। आज जाग गया हूं। आज तुम सोए हुए हो, कल तुम भी जाओगे। मुझमें और तुममें बुनियादी रूप से कोई अंतर नहीं है। जो अंतर है बहुत ऊपरी है, बहुत मामूली है। वह अंतर मामूली है यही बताने के लिए मैं तुम्हारे पैर छू रहा हूं। मैं तुम्हारे अंधेपन के पैर नहीं छू रहा हूं; मैं तुम्हारे भविष्य के, जब तुम भी जाग जाओगे उस स्वर्ण दिन के, उस स्वर्ण प्रभात के पैर छू रहा हूं। और इसलिए भी ताकि तुम्हें याद रहे कि जाग कर भूल मत जाना कि सिर्फ अंधे ही तुम्हारे पैर छू सकते हैं। तुम्हें भी उनके पैर छूने हैं। तुम भी उनकी ही जमात के हिस्से हो। इससे क्या फर्क पड़ता है कि कोई घड़ी भर पहले जाग गया और कोई घड़ी भर बाद जाग गया। इस अनंत काल काल में घड़ियों में गिनती नहीं होती। इसलिए मैं हम का ही उपयोग जारी रखूंगा।

ओशो, कोपले फिर फूट आई--प्रवचन--01

CS CamScanner

6:43 pm 0 KB/s VoLTE 4G 89%

Like Comment Share

**Osho Osho**

10h ·

स्वस्थ शब्द का अर्थ समझ लो तो रोग शब्द का अर्थ समझ मे आ जायेगा ।
स्वस्थ शब्द का अर्थ होता है स्वयं मे स्थित हो जाना । यह शब्द बडा प्यारा है ।
स्वस्थ का अर्थ होता है स्वयं मे ठहर जाना ।
जो चीज भी तुम्हे स्वयं से दूर ले जाये, वही रोग है ।
जो तुम्हे स्वयं से भटकाए, अलग करे, तोडे, अस्वस्थ करे – वही रोग ।
कौन करता है तुम्हे अपने से दूर ?
तुम्हारी वासना, तुम्हारी तृष्णा तुम्हे भविष्य मे भटकाती है, तुम्हारी तृष्णा कहती है-
कल, कल होगा धन, कल बनेगा भवन, कल मिलेगी सुन्दर स्त्री
कि सुन्दर पुरुष, कि कल होगा एक बेटे का जन्म ।
कल सब ठीक हो जायेगा, आज थोडी ही देर की बात है, गुजार दो ।
आता है कल, लायेगा स्वर्ग । आता है कल, सब ठीक हो जायेगा ।
जरा सी देर और कर लो प्रतीक्षा । थोडी और आशा को सम्हालो ।
बुझ मत जाने दो आशा का दिया – जलाए रखो, उसकाए रखो बाती को ।
डालते रहो थोडा तेल और, बस थोडी देर और, कल आता ही होगा ।
ओशो 🌹❤️🙏

CamScanner


One of the greatest sayings of Lao Tzu is: The most beautiful company is when you can be with someone as if you are alone.
See the insight of Lao Tzu: when you can be with someone as if you are alone, when he allows you so much silence and so much freedom that you are absolutely alone, as if actually alone.
OSHO
Guida Sprituale # 05

CamScanner

जो मै हूँ ( शरीर ) वो मै नहीं हूँ जो मैं नहीं हूँ ( आत्म तत्व ) वो मै हूँ !

CamScanner




CamScanner

6:33 pm 4 KB/s
90%
facebook

होगा। इतने दिन की आसक्ति, इतने दिन का लगाव, इतने पुराने बंधन, इतनी गहरी जड़ें–सब उखाड़ कर जब अनंत की यात्रा पर निकलोगे, बहुत पीड़ा होगी। लौट-लौट कर देखोगे। न जाना चाहोगे। तड़पोगे। पकड़-पकड़ रखना चाहोगे। देह को पकड़ोगे, मन को पकड़ोगे। लेकिन कुछ भी काम न आएगा। जाना है तो जाना होगा। कितना ही रोओ, कितना ही तड़फो, कितना ही चिल्लाओ-चीखो, सराय सराय है और घर नहीं हो सकती है।

और जो सराय को सराय की तरह देख लेता है, उसने अपने घर की खोज में एक बहुत महत्वपूर्ण कदम उठा लिया। क्योंकि अंधेरे को अंधेरे की तरह पहचानना प्रकाश को प्रकाश की तरह पहचानने के लिए अनिवार्य पृष्ठभूमि है। गलत को गलत की तरह देख लेना सही को देखने के लिए भूमिका है।

दुनिया बहुत बड़ी है
जीवन का भी है विस्तार बड़ा
तू किस भ्रम में युगों युगों से
इस सराय के द्वार खड़ा?

कभी यह सराय, कभी वह सराय। कभी यह देह, कभी वह देह। कभी यह योनि, कभी वह योनि। और दुनिया का विस्तार बहुत बड़ा है! सराय ही सराय फैली हैं। एक सराय से चुकते हो, दूसरी सराय में उलझ जाते हो। अपना घर कब तलाशोगे? अपनी खोज कब करोगे? धन खोजा, पद खोजा, प्रतिष्ठा खोजी; अपने को कब खोजोगे? औरों की ही खोज में लगे रहोगे? अपने से अपरिचित! और जो अपने से अपरिचित है, वह कैसे दूसरे से परिचित हो सकता है? जो अपने से ही परिचित नहीं, उसे परिचय की कला ही नहीं आती। वह दूसरों से भी अपरिचित ही रहेगा। उसका सब ज्ञान मिथ्या है, थोथा है। जो अपने से परिचित है, उसने ठीक बुनियाद रखी ज्ञान की।

अपने से परिचय का नाम ध्यान है। आत्म-परिचय की प्रक्रिया ध्यान है। और जिसने ध्यान की शिला पर अपने मंदिर को बनाया है, उसके मंदिर के शिखर आकाश में उठेंगे; बादलों को छुए

CamScanner

6:33 pm 0 KB/s VoLTE 4G 90%

. इस जीवन में जो भी घटता है, तुम्हारे अतिरिक्त कोई और उसका कारण नहीं है। तुम हो मालिक अपनी नियति के। कोई और विधाता नहीं है जो तुम्हारा भाग्य निर्मित करता है। तुम ही रोज अपना भाग्य निर्मित करते हो। तुम ही लिखते हो अपनी किस्मत रोज, प्रतिपल। मूर्च्छित जीओगे तो नरक में जीओगे। होश में जीओगे तो जहां हो वहीं स्वर्ग है। मूर्च्छित जीओगे तो सराय घर जैसी मालूम होगी। और फिर बड़ी मुश्किल होगी। क्योंकि सराय सराय है, तुम्हारे मानने से घर न हो जाएगी। आज नहीं कल सराय छोड़नी ही पड़ेगी। और तब बहुत पीड़ा होगी। इतने दिन की आसक्ति, इतने दिन का लगाव, इतने पुराने बंधन, इतनी गहरी जड़ें—सब उखाड़ कर जब अनंत की यात्रा पर निकलोगे, बहुत पीड़ा होगी। लौट-लौट कर देखोगे। न जाना चाहोगे। तड़पोगे। पकड़-पकड़ रखना चाहोगे। देह को पकड़ोगे, मन को पकड़ोगे। लेकिन कुछ भी काम न आएगा। जाना है तो जाना होगा। कितना ही रोओ, कितना ही तड़फो, कितना ही चिल्लाओ-चीखो, सराय सराय है और घर नहीं हो सकती है।

और जो सराय को सराय की तरह देख लेता है, उसने अपने घर की खोज में एक बहुत महत्वपूर्ण कदम उठा लिया। क्योंकि अंधेरे को अंधेरे की तरह पहचानना प्रकाश को प्रकाश की तरह पहचानने के लिए अनिवार्य पृष्ठभूमि है। गलत को गलत की तरह देख लेना सही को देखने के लिए भूमिका है।

दुनिया बहुत बड़ी है
जीवन का भी है विस्तार बड़ा
तू किस भ्रम में युगों युगों से
इस सराय के द्वार खड़ा?

कभी यह सराय, कभी वह सराय। कभी यह देह, कभी वह देह। कभी यह योनि, कभी वह योनि। और दुनिया का विस्तार बहुत बड़ा है! सराय ही सराय फैली हैं। एक सराय से चुकते हो, दूसरी सराय में उलझ जाते हो। अपना घर कब तलाशोगे? अपनी खोज कब करोगे? धन खोजा, पद खोजा, प्रतिष्ठा खोजी; अपने को कब खोजोगे? औरों की ही खोज में लगे रहोगे? अपने से अपरिचित! और जो अपने से अपरिचित है, वह कैसे दूसरे से परिचित हो सकता है? जो अपने से ही परिचित नहीं, उसे परिचय की कला ही नहीं आती। वह दूसरों से भी अपरिचित

CamScanner

CS CamScanner

6:26 pm 91%

**Osho Human Being To Be.In.God**
4m ·

जिसको अपनी नासमझी से, बालपन से तुमने परमात्मा समझा है, वह कहीं असहाय अवस्था की पुकार ही तो नहीं! जिसको तुमने झुकना समझा है, वह कहीं तुम्हारे कंपते और भयभीत पैरों की कमजोरी ही तो नहीं! जिसको तुमने समर्पण समझा है, वह कहीं तुम्हारी कायरता ही तो नहीं! समर्पण के लिए संकल्प चाहिए। झुकने के लिए खड़े होने वाला बल चाहिए। परमात्मा को पुकारने के लिए बेचारगी नहीं, भीतर की एक असहाय अवस्था नहीं, भीतर का परम संतोष, परम अहोभाव चाहिए।

\- ओशो




Like Comment Share

**Neelam Mahajan Singh**
1d ·

CamScanner


OSHO
उड़ियो
पंख
पसार
Soni Manoj
osho universal
धन्यभागी हैं वे जो
छोटे बच्चों की भांति
सरल हो जाते हैं ।
ध्यान की पूरी प्रक्रिया
ही यही है कि
तुम्हें छोटे बच्चों की भांति
सरल कर दे ,
निर्मल कर दे ,
स्वच्छ कर दे ,
दर्पण से सारी
धूल पोंछ डाले ।

CamScanner

7:43 pm 0 KB/s VoLTE 4G 82%

मनुष्य एक सात मंजिला मकान है, ए सेवन-स्टोरी हाउस, लेकिन हम एक मंजिल में ही जीते और मर जाते हैं। पहले उन सात मंजिलों के नाम आपको समझा दूं। जिस मंजिल में हम जीते हैं, उस मंजिल का नाम कांशस, चेतन है। उस मंजिल के ठीक नीचे दूसरी मंजिल है, जो तलघरे में है, जमीन के नीचे है, अंडरग्राउंड है। उस मंजिल का नाम है अनकांशस, अचेतन। उस मंजिल के भी और नीचे पाताल की तरफ तीसरी मंजिल है, उसका नाम है कलेक्टिव अनकांशस, समष्टि अचेतन। और उसके नीचे भी एक चौथी मंजिल है, और भी नीचे, सबसे नीचे, उस मंजिल का नाम है, कॉस्मिक अनकांशस, ब्रह्म-अचेतन। जिस मंजिल पर हम रहते हैं उसके ऊपर भी एक मंजिल है, उस मंजिल का नाम है सुपर-कांशस, अति-चेतन। उसके ऊपर एक मंजिल है जिसको कहें कलेक्टिव कांशस, समष्टि चेतन। और उसके भी ऊपर एक मंजिल है जिसे कहें कॉस्मिक कांशस, ब्रह्म-चेतन। जहां हम हैं उसके ऊपर तीन मंजिलें हैं और उसके नीचे भी तीन मंजिलें हैं। यह मनुष्य का सात मंजिलों वाला मकान है। लेकिन हममें से अधिक लोग चेतन मन में ही जीते और मर जाते हैं।

आत्मज्ञान का अर्थ है, इस पूरी सात मंजिल की व्यवस्था से परिचित हो जाना। इसमें कुछ भी अपरिचित न रह जाये, इसमें कुछ भी अनजाना न रह जाये। क्योंकि इसमें यदि कुछ भी अनजाना है तो मनुष्य अपना मालिक, अपना सम्राट कभी भी नहीं हो सकता। जो अनजाना है वही उसकी गुलामी है। वह जो अज्ञात है, वह जो अंधकार पूर्ण है, वही उसका बंधन है। वह जो नहीं जाना गया, वह नहीं जीता गया है। अज्ञान ही हार है और ज्ञान ही विजय की यात्रा है।

इस सात मंजिल के भवन में हम सिर्फ एक मंजिल को जानते हैं जिसमें हम अपने को पाते हैं, जहां हम हैं। इस मंजिल में ही जीते रहने का नाम प्रमाद है। इस मंजिल में ही बने रहने का नाम प्रमाद है। प्रमाद का अर्थ है–मूर्च्छा। प्रमाद का अर्थ है–बेहोशी। प्रमाद का अर्थ है–निद्रा। प्रमाद का अर्थ है–तंद्रा। प्रमाद का अर्थ है–सम्मोहित अवस्था, हिप्नोसिस। हम इस एक मंजिल से इस तरह हिप्नोटाइज हो गये हैं, हम इस एक मंजिल से इस तरह सम्मोहित हो गये हैं कि हम इधर-उधर देखते ही नहीं। हमें पता भी नहीं चल पाता है कि हमारे व्यक्तित्व में, हमारे जीवन में, हमारे

CamScanner

7:40 pm 0 KB/s VoLTE 4G 82%
facebook

बहुत परेशानियां झेलनी पड़ी।क्योंकि लोगों ने कहा कि जीसस जैसा महापुरुष और मैरी मेग्दलीन के घर रुक जाए- वैश्या के घर! तो समाज की नीति, आचार को बड़ा धक्का लगा था। जिन शिष्यों ने जीसस से कहा था कि इस मैरी मेग्दलीन को छोड़ दें, इस एक के पीछे अकारण हमारे विचार को नुकसान पहुंच रहा है।तो जीसस मुस्कुराए थे कुछ बोले नहीं थे।और जिस रात जीसस पकड़े गए उस रात वही शिष्य जिन्होंने कहा था मैरी मेग्दलीन को हटा दें मार्ग से,इसके पीछे विचार को नुकसान पहुंचता है तो जीसस ने कहा था सुबह होने के पहले इसके पहले की मुर्गा बांग दे तुम सब मुझे छोड़कर चले जाओगे।और जिसे तुम छोड़ने को कह रहे हो वही भर शेष रह जाएगी।

और ऐसा हुआ जिस रात जीसस पकड़े गए और जब दुश्मन उन्हें ले जाने लगे,तो उनका एक शिष्य ल्यूक पीछे-पीछे भीड़ में हो लिया;बाकी सब तो हट गए। क्योंकि खतरा था उनकी जान का भी। एक ल्यूक पीछे-पीछे हो लिया।दुश्मनों ने देखा कि कोई एक अजनबी आदमी हमारे बीच है।उन्होंने पूछा कि तू कौन है?तू जीसस का साथी तो नहीं,तो ल्यूक ने कहा कौन जीसस? मैं तो पहचानता भी नहीं।जीसस ने पीछे मुड़कर-उनके हाथ बंधे थे और दुश्मन उन्हें पकड़े हुए थे- पीछे मुड़कर कहा सुन अभी तो मुर्गे ने बांग भी नहीं दी और तूने एक दफे इंकार कर दिया। सूली से जिस स्त्री ने उतारा वह मेग्दलीन थी।

शिष्यत्व की जिस ऊंचाई पर स्त्रियां पहुंच सकती हैं, पुरुष नहीं पहुंच सकते। क्योंकि निकटता की जिस ऊंचाई पर स्त्रियां पहुंच सकती हैं,पुरुष नहीं पहुंच सकता- स्वीकार की, समर्पण की।पर शिष्याओं के नाम तो बहुत जाहिर नहीं हो सकते हैं। शिष्य आखिर शिष्य है।नाम तो गुरुओं के ही होंगे।

और चूंकि स्त्रियां बहुत अद्भुत रूप से,गहन रूप से श्रेष्ठतम रूप से शिष्य बन सकती हैं।इसलिए गुरु नहीं बन सकतीं, क्योंकि शिष्य का जो गुण है वही गुरु के लिए बाधा है।गुरु को तो आक्रमक होना पड़ेगा।गुरु तो शिष्यों को मिटाएगा,तोड़ेगा, नष्ट करेगा।वह स्त्री के बस की बात नहीं है।स्त्री बना सकती है,ग्रहण कर सकती है, संभाल सकती है, बीज को अपने भीतर आरोपित करके गर्भ बना सकती है, जन्म दे सकती है।

ओशो

CamScanner

7:38 pm KB/s VoLTE 4G 82%

Manage your Feed

**ओ शो वाणी**

Seema Mangal · 9h ·

हिन्दुस्तान की एक जलती समस्या है पाखण्ड, सब तरह का पाखण्ड। जो आदमी पक्का अहंकारी है, वह हाथ जोड़कर कहता है, मैं तो कुछ भी नहीं हूं, आपके पैर की धूल हूं। जरा उसकी आंखों में देखें। वह ऐसा लग रहा है कि अगर मौका मिल जाय तो आपको अभी पैर के नीचे दबा दे। लेकिन वह कह रहा है कि मैं विनम्र हूं, मैं सेवक आदमी हूं, मैं आपके पैर की धूल हूं। यह हम पाखण्ड सिखा रहे हैं। वह आदमी भीतर तिजोरी बड़ी करता जा रहा है और वस्त्र सादे पहने हुए है। वह पैदल चल रहा है और महल बड़ा किये जा रहा है। वह योरोप और अमरीका के बैंकों में धन इकट्ठा कर रहा है और यहां बैठ कर चर्खा कात रहा है। बहुत अजीब मामला है। यह भारत का जलता हुआ प्रश्न है, हिपोक्रेसी, पाखण्ड है। हर आदमी पाखण्ड के साथ खड़ा हो गया है। तोड़ेंगे कैसे इसे हम?

जब तक हम उन नियमों को नहीं बदलते जिनकी वजह से पाखण्ड होता है, तब तक यह तोड़ना मुश्किल है। जीवन को सहज स्वीकार करना होगा तो हिपोक्रेसी टूट सकती है।

- ओशो

भारत के जलते प्रश्न #१

अहमदाबाद डिसेंबर २३, १९७९

CamScanner

CamScanner

8:16 pm 9 KB/s VoLTE 4G 78%

**आध्यात्मिक मार्ग Aadhyaatmik Marg**

Parshotam Rai · 1d

*दुनियां से बात करने के लिये*
*फोन 📞की जरूरत होती है !*
🌹 और 🌹
*प्रभु 🙏 से बात करने के लिये*
*मौन 😔की जरूरत होती है।।*
फोन से बात करने पर
बिल देना पड़ता है ,
और
ईश्वर से बात करने पर
दिल 💕देना पड़ता है।
*"माया" को चाहने वाला,*
*"बिखर" जाता है."*
*भगवान को चाहने वाला*,
*"निखर" जाता है*..👏

You and 12 others 3 comments

Like Comment Share

**प्रिय नदी**

1d

Qutab Minar (कुतुब मिनार) ❤️❤️beautiful जिन्दगी 🙈🙈

See translation

CamScanner

**ओशो का हिन्दी साहित्य**

Seema Mangal · 19 Oct ·

आज ओशो को गये 31 साल हो गये है । ऑरेगोन के बाद उनका दिल टूट गया था । 5 साल उन्होंने अपना काम समेटने और अपने वास्तविक शिष्यों के लिये निर्धारित किये थे । उसके बाद उन्होंने अपना देह का कागज फेंक दिया और मूर्ख मनुष्यों की बदकारियों से आजाद हो गये । बहुत झेला उन्होंने , उच्चतर चेतना के लिये निम्नतर चेतना के साथ एक क्षण भी रहना बहुत त्रासदायी होता है। उन्होंने प्यार की गंगा बहाई पर लोग प्यार को समझे नहीं । चेतना का रूपांतरण दुनिया की सबसे कठीन घटना है और इसलिये मोक्ष अत्यंत दुर्लभ है ।करोड़ों मनुष्यों में से कभी कोई एक मनुष्य मोक्ष को उपलब्ध हो पाता है । गुरु कोशिश कर कर के हार गये पर सिचुएशन में कोई बहुत इम्प्रूवमेंट नहीं हो पाया है । ओशो सन्यासी भी अपने अपने सुखों में तल्लीन है ।

ओशो को अपनी आयु 58 वर्ष का पहले से पता था । मैनें उनके प्रवचनों में तीन जगह इसे नोट किया है जहां उन्होंने indirectly अपनी आयु का जिक्र किया है । एक जगह वे कहते है कि मान लो मेरी उम्र 59 साल है । अब ये मजेदार है , क्योंकि मान लो 59 साल कोई नहीं कहता है , जो भी कहेगा मान लो 60 साल या 70 साल कहेगा । स्पष्ट है कि उन्हें पता था , पर कम लोग ही इसे पकड़ पाये । एक दूसरे प्रवचन में वे 58 साल ही बोले है । एक अन्य प्रवचन में उन्होंने कहा था मैं 80 साल जीता पर अब बहुत ज्यादा out of body एक्सपीरियंस के कारण मेरी आयु 20 साल कम हो गई है ।

दरअसल ओशो और जे के जैसे लोगों को अपनी जीवन की पटकथा पहले से पता होती है । जे के ने तो कहा भी था - my life has been planned . स्क्रिप्ट के अनुरूप अभिनय उन्होंने किया था । यही मोक्ष की अवस्था है जहां अपनी कोई ईच्छा और कर्म नहीं होता है । जो होता है विराट की हारमनी (सुसंगति) में होता है । एक तरह से ये परम गुलामी है , पर वास्तव में यही परम मुक्ति है ।

CS CamScanner

सर्व आत्माओं के परमपिता शिव परमात्मा.
श्री कृष्ण
इस्लाम
महावीर
श्री राम
गौतम बुद्ध
गुरु नानक देव
कबीर साहेब
ईसा मसीह
शंकराचार्य
शंकर जी
साई बाबा

CamScanner

OSHO
परमात्मा का कोई
धर्म नहीं होता।
मौन के क्षणो में
आप जहां बैठ गए,
वहीं तीर्थ बन जाते हैं।
वहीं परमात्मा नाचने
लगता है। मौन होना
सीखे। यह मौन ही
ध्यान है। इसी ध्यान
के क्षण में आप
परमात्मा के साथ
होते है।
ओशो
HAPPY

CamScanner

8:04 pm 3 KB/s VoLTE 4G 79%

Reels · 1d ·

ब्रह्म के सिवाय हमारा कोई नहीं....
#viralreels #viralvideoreels #explorereels #explorereel #viralshort #exploremoretoday #oshointernati... See more

342 6 comments • 51 shares • 4.3K views

Like Comment

CS CamScanner

CamScanner

बाहर की दुनिया तो देखती है उसकी मस्ती को।
मीरा की मस्ती को सबने देखा, मीरा की पीड़ा को किसने देखा? मगर उस पीड़ा के बिना मस्ती है ही नही। असल में जिसको तुम बाहर मस्ती कह रहे हो, वह उसी पीड़ा का छलकना है। वही पीड़ा लबालब हो गई है, भर गई है पात्र में, उछल रही है।

मस्ती-ओ-हाल जिसे कहते है दुनिया वाले..
तेरे दीवाने इसे तेरी नजर कहते है..!!

अहोभाव
ओशो

CamScanner




CamScanner




CamScanner

9:15 pm 0 KB/s 72%
facebook

इसलिए सबफिलासफीज अधूरी हैं; होंगी ही। कोई और उपाय नहीं है। साक्रेटीज कितनी ही बड़ी बात कहे, वह बात मन की ही है। और साक्रेटीज के पास मन का कितना ही विकसित रूप हो, वह मन ही है। अगर साक्रेटीज यह भी कहे कि ये सातों जो रूप टूट गए हैं किरण के, इनको जोड लेने से फिर एक किरण बन सकती है, तो भी वह मन का ही अनुमान है। अरस्तु कितना ही कहे, प्लेटो कितना ही कहे, काट और हीगल कितना ही कहें, वे जो कह रहे हैं, वह उनके विचार का निष्कर्ष है, अनुभव का नहीं। 1 वे जो कह रहे हैं, वह उनका तर्कबद्ध आयोजन है, प्रतीति नहीं। वह उनके मन की ही दृष्टि है, मन से मुक्त उनका साक्षात्कार नहीं। मन से पैदा होती है फिलासफी। मन के पार उठ जाने से जो पैदा होता है, वही धर्म है।

मन जो भी कहेगा, वह अधूरा होगा। इसलिए मेरा मन जो कहेगा और आपका मन जो कहेगा, उसमें मेल होने का कोई भी उपाय नहीं है। मन का कहना करीब-करीब वैसा ही है, जैसा पंचतंत्र की एक पुरानी कथा में हम सब जानते हैं, पांच अंधे एक हाथी को अनुभव करते हैं। और वे जो भी कहते हैं, वह सभी सच है। जिस अंधे ने हाथी के पैर को छुआ है, उसने कहा, किसी महल के सुदृढ़ स्तंभों की भांति है हाथी। और जिसने हाथी के कानों को छुआ, उसने कहा कि जैसे स्त्रिया अनाज को साफ करती हैं सूप में, वैसे सूप की भांति है हाथी!

गलत दोनों ने नहीं कहा, गलत पांचों ने नहीं कहा; और पांच हजार अंधे भी इकट्ठे हो जाते, तो कोई भी गलत न कहता। वे सभी ठीक कहते। फिर भी उनका ठीक आशिक था। और भूल उनके कहने में नहीं थी, भूल उनके विस्तार में थी। जब किसी अंधे ने कहा कि हाथी किसी महल के खंभों की भांति है, तब भूल इसमें नहीं थी, जो उसने जाना था। जो उसने जाना था, वह उसने पैर जाने थे; जो उसने कहा, वह हाथी के बाबत कहा। जो जाना था, वह अंश था; और जिसके संबंध में कहा, वह पूर्ण था। और जब भी कोई अंश को पूर्ण के संबंध में कहता है, तो असत्य हो जाता है।

CamScanner

9:12 pm 1 KB/s VoLTE 4G 73%

लेकिन उस विराट अनुभव को, तुम सोचते हो इतने सस्ते में पा लोगे? विवाह न करोगे? एक गरीब स्त्री से विवाह न करोगे और तुम्हें ब्रह्म मिल जायेगा? काश इतना आसान होता तो मैं भी तुमसे कहता कि ब्रह्मचर्य को लक्ष्य बना लो!

ब्रह्मचर्य को तो भूलो। अभी तो जीवन को जियो! परमात्मा ने जो जीवन दिया है उसे उसकी समग्रता में जियो, परिपूर्णता में जियो। जरा भी इनकार मत करो। जरा भी भयभीत नहीं, जरा भी सिकुडो मत। अभी तो डुबकी मारो इस जीवन में। इसी डुबकी को मार कर तुम जो मोती ले आओगे, वे ब्रह्मचर्य के होंगे। ब्रह्मचर्य जीवन-विपरीत नहीं है, जीवन का सार -निचोड़ है।

जैसा कुछ चाहा था,
वैसा तो हुआ नहीं!
शब्दों की भीड़ और हम,
जलते संबंध और भ्रम।
चिटका है शीशा क्यों?
हमने तो छुआ नहीं।
जीने को खींचतान।
कहने को स्वाभिमानी।
आच बहुत है लेकिन,
आस -पास धुआ नहीं।
रीतापन अपना है
बाकी सब सपना है,
डूबे हैं जिसमें हम,
शायद वह कुआ नहीं जीवन को रीता-रीता अनुभव न करोगे तो क्या करोगे? अगर अस्वाभाविक ढंग से जीने की कोशिश की तो यही होगा-
रीतापन अपना है,
बाकी सब सपना है।
डूबे हैं जिसमें हम,
शायद वह कुआ नहीं।
जीवन में डूबो, जीवन के कुएं में डूबो। डरो मत! डर - डर कर कोई परमात्मा तक नहीं पहुंचता। केवल साहसी, दुस्साहसी उस तक पहुंचते हैं। और देन न करो।

CamScanner

9:12 pm 3 KB/s VoLTE 4G 73%

।।आशा नमन।।
ब्रह्मचर्य को तो भूलो। अभी तो जीवन को जियो!

मैं तो तुमसे जीवन को सहज जीने के लिए कह रहा हूं। मैं तो कह रहा हूं कि जो तुम्हारे भीतर स्वाभाविक है, उसे उसकी अभिव्यक्ति दो, उसे पूरी अभिव्यक्ति दो। उसकी अभिव्यक्ति से ही धीरे - धीरे तुम पकोगे। वह परिपक्वता एक दिन जरूर ब्रह्मचर्य लाती है। ब्रह्मचर्य जरूर एक दिन खिलता है। और अपूर्व फूल है ब्रह्मचर्य का! लेकिन ब्रह्मचर्य का अर्थ केवल कामवासना का निरोध नहीं होता। ब्रह्मचर्य का अर्थ उस शब्द में ही छिपा है-ब्रह्म जैसी चर्या, ईश्वरीय आचरण। उसका कोई इतना छोटा अर्थ नहीं है कि कामवासना का निरोध। उसका अर्थ बहुत बड़ा है। उसका अर्थ नकारात्मक नहीं है, विधायक है।

तुम जरा ब्रह्मचर्य शब्द पर देखो, ख्याल दो। अंग्रेजी में कोई शब्द नहीं ब्रह्मचर्य को अनुवाद करने के लिए। जो शब्द है अंग्रेजी में, सेलिवेसी, वह अनुवाद नहीं करता उसका। क्योंकि सेलिबेसी नकारात्मक है। उसका कुल इतना ही अर्थ होता है-अविवाहित रहना। मगर अविवाहित रहना तो नकारात्मक बात है -कुछ न करना, विवाह न करना। लेकिन ब्रह्मचर्य विधायक बात है : ब्रह्म को पा लेना। विवाह न करना तो छोटी-मोटी बात है। विवाह न करने से तुम ब्रह्म को पा लोगे, काश इतना सस्ता होता हिसाब, तो ब्रह्म की कीमत पत्नी से ज्यादा न होती! स्वभावत: जब विवाह न करने से ब्रह्म मिलता हो तो ब्रह्म को रख दो एक पलवे पर और पत्नी को रख दो एक पलवे पर, तराजू बराबर बताएगा कि या चुन लो पत्नी या चुन लो ब्रह्म, जो भी चुनना हो। ब्रह्म को इतना छोटा न करो। ब्रह्म को इतना ओछा न करो। ब्रह्म विराट अनुभव है। उसके पार फिर कोई अनुभव नहीं। और ब्रह्मचर्य का अर्थ होता है : ब्रह्म को अनुभव करके जो चर्या होती है, जो जीवन होता है; ब्रह्म के अनुभव करने से जो चारों तरफ आभा होती है; ब्रह्म को अनुभव करने से जो प्रतिभा का निखार होता है; ब्रह्म को अनुभव करने से जो आनंद -उत्सव, जो मंगल -गीत छिड़ते हैं : जो भीतर होली- दीवाली दिन-रात चलने लगती है-होली भी और दीवाली भी! दीये भी जलते हैं और रंग भी उड़ते हैं और गुलाल भी! वसंत ही छा जाता है। और सब ऋतुएं खो जाती हैं, बसंत ही बसंत रह जाता है।

CamScanner

Law of Attraction & Yug Nirman Family (Facebook)
https://t.me/yugnirmanloa (Telegram)
आत्मा अंदर, परमात्मा अंदर, परमात्मा से मिलने का रास्ता भी अंदर।
बाहर किसे ढूंढ रहे हो..

CamScanner

8:57 pm 75%
en.m.wikipedia.org/wiki/

**Quotation**

"You are walking on the earth as in a dream. Our world is a dream within a dream; you must realize that to find God is the only goal, the only purpose, for which you are here. For Him alone you exist. Him you must find." – from the book *The Divine Romance*

Yogananda was the first major Indian teacher to settle in America, and the first prominent Indian to be hosted in the White House (by President Calvin Coolidge in 1927);[7] his early acclaim led to him being dubbed "the 20th century's first superstar guru" by the *Los Angeles Times*.[8] Arriving in Boston in 1920, he embarked on a successful transcontinental speaking tour before settling in Los Angeles in 1925. For the next two and a half decades, he gained local fame and expanded his influence worldwide: he created a monastic order and trained disciples, went on teaching tours, bought properties for his organization in various California locales, and initiated thousands into Kriya Yoga.[5] By 1952, SRF had over 100 centers in both India and the United States. As of 2012, they had groups in nearly every major American city.[8] His "plain living and high thinking" principles attracted people from all backgrounds among his followers.[5]

He published his *Autobiography of a Yogi* in 1946 to critical and commercial acclaim. It has sold over four

CamScanner

8:54 pm 0 KB/s VoLTE 4G 76%



यह इतनी बड़ी बात है कि सदियों से लोग जो कहते आये हैं उसको ओशो ने..... मनुष्य के मन की जो गहनतम, सूक्ष्मतम, भावनाएं है उसमें उनका जितना गहरा अध्ययन है, मैं समझता हूं वैसा किसी भी व्यक्ति का नहीं है।

जो लोग अंधविश्वास में जीते हैं वे ओशो के विचारों को स्वीकार नहीं पायेंगे, लेकिन जो तर्क से काम लेते हैं। उनके भीतर वह बात तीर की तरह चली जाती है। मैंने जब भी पढ़ा है इनको, तो मुझे लगा कि जो हम महसूस कर रहे हैं अंदर और कह नहीं पाते, उसे ये कह देते हैं।

ओशो को हम बयान तो नहीं कर सकते हैं। लेकिन लगता है, वे एक ऐसी शक्ति हैं जो विश्व के चिंतन को बदल सकते हैं; या कहें कि बदल ही दिया है उन्होंने। और उससे एक नये किस्म का विश्व निर्मित किया जा सकता है।

ओशो ने पृथ्वी पर जो तीनों forces  काम करती है उनके बारे में जितना अच्छा विश्लेषण दिया गतिशीलता, स्टेबिलिटी और बैलेंस ,उतना अच्छा कोई नहीं दे सकता उसके बाद ही चीजें क्लियर हुई मतलब अब आप गीता भी पढ़ो तो आपको समझ में आएगी आप कोई भी  आध्यात्मिक पुस्तक उठा लो आपको समझ में आने लगेगा, अगर आप एक बार ओशो पढ़ लो तो

जिस वैज्ञानिकता के साथ कृष्ण जी ने गीता में उपदेश दिए हैं योग के संबंध में ,भारत के लोगों ने उसे बहुत लिटरल मीनिंग निकाल के उसको बहुत तुच्छ बना दिया है लेकिन जब आप ओशो को पढ़ते हो या योगानंद परमहंस की किताब को पढ़ते हो तो आपको चीजें क्लियर होने लगती हैं कि कितनी वैज्ञानिक बातें इतनी हजार साल पहले कृष्ण संभव कर चुके थे और उससे पहले भी योग माया को लोग संभव कर चुके थे जैसे कि संदीपनी ऋषि से स्वयं कृष्ण ने दीक्षा ग्रहण की थी और योग के ऊपर उनके पूरे उपदेश हैं जो सही मायने में हर कोई नहीं समझ सकता उनका पूरा विश्लेषण अति वैज्ञानिक है!

CS CamScanner

CS CamScanner


कागज़ पे लिखी गज़ल, बकरी चबा गयी !
चर्चा पुरे शहर में हुई, के बकरी शेर खा गयी !
प्रेम आनंद
ओशो ।। प्रेम-ध्यान ।।

CamScanner


जिसका मन काम-वासना में नहीं फंसता है, जिसका मन क्रोध-अग्नि से नहीं जलता है, जो पुण्य-पाप को नष्ट कर चुका है, वैसे जागृत होकर हमेशा ध्यान-साधना करने वालों को कोई भय उत्पन्न नहीं होता।

CamScanner

8:50 pm 0 KB/s VoLTE 4G 76%

जाते हो। क्योंकि आज मैं कहता हूं यह ठीक है, कल कहता हूं वह ठीक है। वस्तुतः दोनों ठीक हैं।

तुम्हारी अड़चन यह हो जाती है, कि तब तुम क्या करो, कहां चलो, कैसे चलो। तुम्हारे अड़चन के कारण ही तो संप्रदाय पैदा हो गए हैं। इसलिए बुद्ध ने कहा, कि यही ठीक है तुम्हारी अड़चन को बचाने के लिए। तुम्हारी अड़चन तो बची। लेकिन सारी दुनिया संप्रदायों में विभाजित हो गई। अब वह बड़ी अड़चन हो गई। अब मैं तुम से कहूंगा कि सभी ठीक हैं, तब तुम्हें एक खयाल रखना होगा, तुम्हें सभी धर्मो पर नहीं चलना है, तुम्हें अपना व्यक्तित्व समझ लेना है। मैं सभी धर्मो पर बोलता रहूंगा।

केमिस्ट की दुकान में तुम जाते हो, वहां हजारों बीमारियों की दवाइयां रखी हुई हैं। इससे तुम्हें प्रयोजन नहीं है। तुम्हारे पास तो डाक्टर का प्रिस्क्रिप्शन है। तुम अपने प्रिस्क्रिप्शन की दवा ले कर लौट जाते हो। तुम यह नहीं पूछते, कि इतनी सारी दवाएं!

मैं तो मर जाऊंगा ले ले कर। इतनी सारी दवाएं तुम्हें लेना भी नहीं है।मैं तो केमिस्ट हूं। तुम्हें इतनी सब दवाएं लेने की जरूरत नहीं है। इतनी सब दवाएं तो तुम्हें मार ही डालेंगी। तुम तो अपनी बीमारी पकड़ लो। तुम अपनी बीमारी पहचान लो। वह भी मैं तुम्हें पहचनवा देने को तैयार हूं। और तुम अपने योग्य दवा चुनलो। सारी दुकान को तुम भूल जाओ। तुम्हारे लिए तो एक ही विधि पहुंचा देगी। न तुम्हें रामकृष्ण होने की जरूरत है, कि तुम सारी सीढ़ियों से चढ़ कर देखो। न तुम्हें मुझ जैसा होने की जरूरत है, कि तुम सारी सीढ़ियों की चर्चा करो; कि सारी सीढ़ियां सही हैं, ऐसा सिद्ध करो। इस सब प्रयोजन में तुम्हें कुछ सार नहीं है। वह तुम्हारी नियति नहीं है।

तुम्हारे लिए तो इतना जरूरी है कि तुम अपनी प्यास पहचान लो, अपना घाट पहचान लो, अपनी प्यास बुझा लो। अपनी नाव पहचान लो, अपनी नाव पर सवार हो जाओ और पार हो जाओ।

कहे कबीर दीवाना

ओशो ♣

CamScanner

8:49 pm 0 KB/s VoLTE 4G 76%

।।ओशो नमन।।
आप सभी धर्मो पर क्यों बोलते है?

संसार में तीन सौ धर्म हैं। तीन सौ धर्मो के तीन सौ धर्मशास्त्र हैं। बड़े अनूठे धर्मशास्त्र हैं। एक-एक धर्मशास्त्र अपने आपमें अदभुत है। इतना कह देना काफी नहीं है, कि मैंने अनुभव किया, सब पहुंचा देते हैं। इसको बड़े विस्तार से, इसको बड़े वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तावित करना जरूरी है। अनुभव तो भीतर होता है। मैंने अनुभव कर लिया, इससे क्या हल होता है? मेरा अनुभव इतनी प्रगाढ़ता से उपस्थित किया जाना चाहिए, कि वह हजारों लोगों के मन की आकांक्षा बनने लगे।

रामकृष्ण के पास बुद्ध जैसी क्षमता न थी, कि करोड़ों लोग रूपांतरित हो जाएं। न ही महावीर जैसी प्रतिभा थी कि वे जो कहें, वह उनके कहने के कारण सत्य मालूम होने लगे। ग्रामीण संत थे, लेकिन बड़ा अनूठा प्रयोग किया, पायोनियर थे। उस दिशा में उन्होंने पहला कदम उठाया।

उस दिशा में और कदम उठाए जाने जरूरी हैं। इसलिए मैं सभी साधना-पद्धतियों पर बोल रहा हूं। और तुम बड़ी मुश्किल में भी पड़ जाते हो। क्योंकि आज मैं कहता हूं यह ठीक है, कल कहता हूं वह ठीक है। वस्तुतः दोनों ठीक हैं।

तुम्हारी अड़चन यह हो जाती है, कि तब तुम क्या करो, कहां चलो, कैसे चलो। तुम्हारे अड़चन के कारण ही तो संप्रदाय पैदा हो गए हैं। इसलिए बुद्ध ने कहा, कि यही ठीक है तुम्हारी अड़चन को बचाने के लिए। तुम्हारी अड़चन तो बची। लेकिन सारी दुनिया संप्रदायों में विभाजित हो गई। अब वह बड़ी अड़चन हो गई। अब मैं तुम से कहूंगा कि सभी ठीक हैं, तब तुम्हें एक खयाल रखना होगा, तुम्हें सभी धर्मो पर नहीं चलना है, तुम्हें अपना व्यक्तित्व समझ लेना है। मैं सभी धर्मो पर बोलता रहूंगा।

केमिस्ट की दुकान में तुम जाते हो, वहां हजारों बीमारियों की दवाइयां रखी हुई हैं। इससे तुम्हें प्रयोजन नहीं है। तुम्हारे पास तो डाक्टर का प्रिस्क्रिप्शन है। तुम अपने प्रिस्क्रिप्शन की दवा ले कर लौट जाते हो। तुम यह नहीं पूछते, कि इतनी सारी दवाएं!

CamScanner

CamScanner

8:47 pm 0 KB/s 76%

3,338 people like this

Like Preview

2,704 people like

Like

See all

**Naye bharat ke khoj**

1d ·

भक्ति में कामना जरा भी नहीं रहती
अगर भक्ति में कामना रहे, तो भक्ति नहीं है, अगर तुमने परमात्मा से कुछ मांगा, तो चूक गए! कुछ भी मांगा तो चूक गए!
तुमने कहा कि मेरी पत्नी बीमार है ठीक हो जाए, कि मेरे बेटे को नौकरी नहीं लगती नौकरी लग जाए, कि तुम चूक गए!
फिर यह प्रार्थना न रही, यह वासना हो गयी, प्रार्थना तो तभी है जब कोई भी मांग न हो, कोई अपेक्षा न हो! प्रार्थना शुद्ध धन्यवाद है, मांग का सवाल ही नहीं है!
जो दिया वह इतना ज्यादा है कि हम अनुगृहीत हैं! जो दिया, वह मेरी पात्रता से ज्यादा है, ऐसी कृतज्ञता का नाम भक्ति है, भक्ति सौ प्रतिशत प्रीति है !!

~ओशो

CamScanner

8:29 am
98%
SPIRITUAL
OSHO | ओशो
Reels
बेबीलोन में 7000 साल
पहले मिले शिलालेख
51
2
3
भगवान श्री रजनीश
Give
SPIRITUAL
OSHO | ओशो
udio
भगवान श्री रज

CamScanner

जिस दिन तुम ये जान
लोगे की, यहां स्वयं
को जानने के अलावा,
कुछ भी जानना ,
बेकार है, उस दिन से
आनंद के द्वार खुल
जायेगे ,

CamScanner

ध्यान रहे,
वासनाओं के लिए भविष्य चाहिए,
जीवन के लिए भविष्य की
कोई भी जरूरत नहीं।
जीवन के लिए यही क्षण काफी है।
अभी मैं जीवित हूं पूरा।
आप पूरे जीवित हैं।
जीने के लिए कल की क्या जरूरत है?
लेकिन वासना के लिए
कल की जरूरत है,
क्योंकि वासनाएं बड़ी हैं;
आज कैसे पूरी होंगी?
कल चाहिए।
वासनाएं भविष्य निर्मित करती हैं।

CS CamScanner

ओशो कहते हैं - विज्ञान पुरुष है। धर्म स्त्री है. विज्ञान प्रकृति पर विजय पाने का प्रयास है; धर्म एक त्याग है; स्वयं को प्रकृति में विलीन कर देना। स्त्री जानती है कि कैसे पिघलना है, कैसे एक होना है। और प्रत्येक साधक को यह जानना होगा कि प्रकृति में कैसे घुलना है।

अहोभाव

CamScanner




CS CamScanner



CamScanner




CS CamScanner




CS CamScanner


संसार में कभी कोई
अंधों से
रास्ता नहीं पूछता
और
ना अंधे रास्ता बताते
हैं।
पर अध्यात्म में
सभी
अंधों से ही रास्ता
पूछते हैं
और
आश्चर्य! अंधे रास्ता
भी बताते हैं।

CamScanner

जिसने तुम्हारा अपमान किया है,
वह उसकी मौज है। उसे जो ठीक
लगा, उसने किया। जिसने तुम्हारा
सम्मान किया है, उसकी मौज। उसे
जो ठीक लगा उसने किया। जो
उसके पास था, उसने दिया। तुम
अपमान और सम्मान दोनों को एक
ही धन्यवाद के भाव से स्वीकार
कर लेना, दोनों का आभार प्रगट
कर देना और आंख मूंदकर भीतर
डुबकी लगा लेना। प्रेम को प्रार्थना
बनाओ ❤️🕊️ओशो🕊️❤️

CamScanner

पूर्व जन्मों के संबंधों के बिना वर्तमान
जीवन में किसी से घनिष्ठ मित्रता होना
असंभव है। यह एक सच्चाई है जब
आप किसी के साथ मित्रता का अनुभव
करते हैं, तो इसलिए कि आप उस
आत्मा को पहले से जानते हैं। और
पूर्व जन्मों के आत्मीय संबंधों
के कारण ही आप अपने मित्र से
निकटता का अनुभव करते हैं।

~ ओशो

CS CamScanner

11:29 pm 0 KB/s VoLTE 4G 55%



अनुकरण करना अपराध है

तुम किसी दूसरे व्यक्ति जैसे कभी न हो सकोगे। अपने गहरे में तुम वैसे हो ही नहीं सकते। तुम वैसे ही बने रहोगे, लेकिन तुम अपने आप पर बल प्रयोग कर सकते हो जिससे तुम लगभग किसी दूसरे जैसे दिखना शुरू हो जाओगे।

प्रत्येक व्यक्ति अपनी अनूठी निजता के साथ जन्म लेता है और प्रत्येक व्यक्ति की एक अपनी अलग नियति होती है। अनुकरण करना अपराध है, यह अपराधी होने जैसा है। यदि तुम बुद्ध बनने का प्रयास करते हो, तुम बुद्ध की नकल तो कर सकते हो; बुद्ध जैसे दिखाई भी दे सकते हो, बुद्ध की तरह चल भी सकते हो, उनकी ही तरह बातचीत भी कर सकते हो, लेकिन तुम चूक जाओगे।

तुम जीवन में वह सभी कुछ चूक जाओगे, जो वह तुम्हें देने के लिए तैयार है। क्योंकि बुद्ध केवल एक बार ही होते हैं, प्रकृति कभी अपने आपको दोहराती नहीं है। परमात्मा इतना अधिक सृजनात्मक है कि वह कभी भी किसी चीज को दोहराता नहीं। तुम वर्तमान में, अतीत में अथवा भविष्य में भी ठीक अपने जैसा कोई दूसरा मनुष्य नहीं खोज सकते। ऐसा आज तक कभी हुआ ही नहीं। मनुष्य होना कोई यांत्रिक प्रक्रिया नहीं है। वह फोर्ड की कारों की तरह नहीं है, जिनके पुर्जे जोड़कर तुम ठीक एक जैसी लाखों कारों का उत्पादन कर सको। मनुष्य के पास अपनी आत्मा है, वह वैयक्तिक है। अनुकरण करना विष तुल्य है। कभी किसी का भी अनुकरण करना ही नहीं; अन्यथा तुम पहली कोटि के धर्म का शिकार बन जाओगे, जो अपने आप में किसी भी तरह धर्म है ही नहीं।

आनंद योग

ओशो

CamScanner




CamScanner

CamScanner

स्वयं के द्वार से ही सत्य को जाना जाता है। और सत्य को जान लेना आनंद में प्रतिष्ठित हो जाना है। असत्य में होना दुख में होना है। अज्ञान में होना दुख में होना है। और सत्य की उस ज्ञान-दशा में आनंद उपलब्ध होता है। आनंद और आत्मा अलग न समझें। आनंद और सत्य अलग न समझें। स्वयं और सत्य अलग न समझें।

ओशो अहोभाव
जिन खोजा तिन पाइया

CamScanner



एक और एक मिलकर
दो हुआ
तो ये हुआ गणित..

एक और एक मिलकर
एक ही रहा तो
ये हुआ प्रेम..

–ओशो

CamScanner

11:24 pm 0 KB/s VoLTE 4G 56%

विचार क्षीण होने लगते हैं।
निर्विचार होने का उपाय है: विचारों के प्रति साक्षी-भाव को साधना। कोई एक क्षण में सध जाएगा, यह नहीं कहता। कोई एक दिन में सध जाएगा, यह भी नहीं कह रहा हूं। लेकिन अगर निरंतर प्रयास हो, तो थोड़े ही दिनों में आपको पता चलेगा कि जैसे-जैसे आप विचारों को देखने लगेंगे...कभी घंटे भर को किसी एकांत कोने में बैठ जाएं और कुछ भी न करें, सिर्फ विचारों को देखते रहें। कुछ भी न करें उनके साथ, कोई छेड़-छाड़ न करें, सिर्फ उन्हें देखते रहें। और देखते-देखते ही धीरे-धीरे आपको पता चलेगा, वे कम होने लगे हैं। देखना जैसे-जैसे गहरा होगा, वैसे-वैसे वे विलीन होने लगेंगे। जिस दिन देखना पूरा हो जाएगा, जिस दिन आप अपने भीतर आर-पार देख सकेंगे, जिस दिन आपकी आंख बंद होगी और आपकी दृष्टि भीतर पूरी की पूरी देख रही होगी, उस दिन आप पाएंगे—कोई विचार का कोलाहल नहीं है, वे गए। और जब वे चले गए होंगे, उसी शांत क्षण में आपको अदभुत दृष्टि, अदभुत दर्शन, अदभुत आलोक का अनुभव होगा। वह अनुभव ही सत्य का दर्शन है। और वही अनुभव स्वयं का दर्शन है। स्वयं के माध्यम से ही सत्य जाना जाता है। और कोई द्वार नहीं है।
स्वयं के द्वार से ही सत्य को जाना जाता है। और सत्य को जान लेना आनंद में प्रतिष्ठित हो जाना है। असत्य में होना दुख में होना है। अज्ञान में होना दुख में होना है। और सत्य की उस ज्ञान-दशा में आनंद उपलब्ध होता है। आनंद और आत्मा अलग न समझें। आनंद और सत्य अलग न समझें। स्वयं और सत्य अलग न समझें। ऐसी जो प्रक्रिया का उपयोग क्रमशः अपने जीवन में करेगा, वह कभी निर्विचार को अनुभव कर लेता है। निर्विचार को जो अनुभव कर लेता है, उसकी पूरी विचार की शक्ति जाग्रत हो जाती है।
जैसे किसी ने अंधेरे में प्रकाश कर दिया हो या जैसे किसी ने अंधे को आंख दे दी हों, ऐसा उसे अनुभव होता है। यह अगर क्रमिक साधना इसकी हो तो निश्चित ही उपलब्ध हो सकता है। प्रत्येक व्यक्ति अधिकारी है और हकदार है। जो अपने अधिकार, को मांगेगा, उसे मिल जाता है। जो उसे छोड़े रखता है, वह खो देता है।

ओशो
जिन खोजा तिन पाइया

CamScanner


सूनना सीखो,
कान थोड़े साफ करो,
आंखों के पर्दे हटाओ,
तो तुम्हें हर जगह से
प्रभु का संदेश
ही सुनाई पड़ेगा।
हर स्थिति में
उसके ही
इशारे है।
OSHO

CamScanner


ahobhav_
राम को निराकार रहने देना, पहली बात।
अगर सब जगह राम को देखना हो तो निराकार रहने देना।
अगर आकार दिया तो फिर आकार में ही देख सकोगे,
सब जगह न देख सकोगे।
ओशो अहोभाव
संतो मगन भया मन मेरा १४

CamScanner

11:20 pm 0 KB/s 56%

5

See all

अहोभाव
3d ·

अहोभाव

तुम्हारा प्रश्न है: 'आंख को निर्मल करने का उपाय बताएं। चारों ओर राम कैसे दिखाई पड़ें?'
तो पहला तो निराकार का भाव करो। निराकार का भाव करते ही चारों ओर है ही राम, दिखाई पड़ने का सवाल नहीं है। वही है। उसके अतिरिक्त कोई और नहीं है। सारे आकार उसके हैं। निराकार का मतलब होता है: सारे आकार उसके हैं। सारी आकृतियां उसकी हैं। तुम भी वही हो। शेष सब भी वही है। मगर यह भी सिद्धांत रहे तो किसी काम का नहीं है, अनुभव बनना चाहिए। और अनुभव के लिए आंख निश्चित साफ करनी जरूरी है।
सरल उपाय है आंख को साफ कर लेने का--प्रेम से भरे हुए आंसू। रोओ। रोने से प्यारी और कोई प्रक्रिया नहीं है। दुख से मत रोना। दुख से जो रोता है उसने तो रोने की महिमा जानी ही नहीं। आनंद से रोना। आनंद-अश्रु! आंख स्वच्छ होने लगती है आनंद के अश्रुओं से। बाहर की ही आंख शुद्ध नहीं होती, भीतर की आंख भी शुद्ध हो जाती है। दृष्टि निर्मल हो जाती है। नहीं तो परमात्मा सामने खड़ा रहता है और हमें दिखाई नहीं पड़ रहा। हमारी आंखों पर इतनी धूल जमी है।

ओशो
संतो मगन भया मन मेरा १४

CamScanner

Write a comment...

**Osho Osho**
13h ·

🌿🌺🌿 ❤️ 🌿🌺🌿

भले ही निःस्वार्थ सेवा करने वाले का मूल्य...
जगत ना करे !

लेकिन...

नअदृश्य शक्ति उनके मूल्याँकन में कभी...
गलती नहीं करेगी !!

गुणों के सहारे ही व्यक्ति सफल हो पाता है
मगर विनय और विवेक साथ हो तो
और बोले -
"आज तो बड़ा मजा आया । तू कहता था ना, माँ से कह दो। मैंने कहा माँ से,
तो मां बोली -
"इसी गले से क्या कोई ठेका ले रखा है ? दूसरों के गलों से भोजन करने में तुझे क्या तकलीफ है ?"

हँसते हुए रामकृष्ण बोले -
"तेरी बातों में आकर मुझे भी बुद्धू बनना पड़ा ! नाहक तू मेरे पीछे पड़ा था ना और यह बात सच है, जाहिर है, इसी गले का क्या ठेका है ? तो आज से जब तू भोजन करे, समझना कि मैं तेरे गले से भोजन कर रहा हूं"।
फिर रामकृष्ण बहुत हंसते रहे उस दिन, दिन भर।
डाक्टर आए और उन्होंने कहा, आप हंस रहे हैं ? और शरीर की अवस्था ऐसी है कि इससे ज्यादा पीड़ा की स्थिति नहीं हो सकती !

रामकृष्ण ने कहा - "हंस रहा हूं इससे कि मेरी बुद्धि को क्या हो गया कि मुझे खुद खयाल न आया कि सभी गले अपने ही हैं। सभी गलों से अब मैं भोजन करूंगा ! अब इस एक गले की क्या जिद करनी है !"

CamScanner


I WILL GET THERE
BUT RIGHT NOW I AM HERE
AND HERE IS WONDERFUL
LEA ANDROIC

CamScanner

10:00 am 0 KB/s VoLTE 4G 91%

मैं आपको कहूं, किसी दिन आधा घंटे को सप्ताह में एक एकांत कमरे में बंद हो जाएं और आपका शरीर जो करना चाहे, करने दें। आप बहुत हैरान होंगे। हो सकता है, शरीर आपका नाचे। जो करना चाहे, करने दें। आप उसे बिलकुल न रोकें। और आप बहुत हैरान होंगे। हो सकता है, शरीर आपका नाचे। हो सकता है, आप कूदें। हो सकता है, आप चिल्लाएं। हो सकता है, आप किसी काल्पनिक दुश्मन पर टूट पड़ें। यह हो सकता है। और तब आपको पता चलेगा कि यह क्या हो रहा है! ये सारी ग्रंथियां हैं, जो दबी हुई हैं और मौजूद हैं और निकलना चाहती हैं, लेकिन समाज नहीं निकलने देता है और आप भी नहीं निकलने देते हैं।

ऐसा शरीर बहुत-सी ग्रंथियों का घर बना हुआ है और जो शरीर ग्रंथियों से भरा हुआ है, वह शरीर शुद्ध नहीं होता, वह भीतर प्रवेश नहीं कर सकता। तो योग का पहला चरण होता है, शरीर-शुद्धि और शरीर-शुद्धि का पहला चरण है, शरीर की ग्रंथियों का विसर्जन। तो नयी ग्रंथियां तो बनाएं नहीं और पुरानी ग्रंथियां विसर्जन करने का उपाय करें। और उसके उपाय के लिए जरूरी है कि महीने में एक बार, दो बार अकेले कमरे में बंद हो जाएं और शरीर जैसा करना चाहे, करने दें। अगर कपड़े फेंककर और नग्न नाचने का मन हो, तो नाचें और सारे कपड़े फेंक दें।

और आप हैरान होंगे, आधा घंटे की उस उछलकूद के बाद आप बहुत रिलैक्स्ड, बहुत शांत, बहुत स्वस्थ अनुभव करेंगे। यह बात बहुत अजीब लगेगी, लेकिन आप बहुत शांत अनुभव करेंगे। और आपको बहुत हैरानी होगी कि यह शांति कैसे आ गयी?

आप जो व्यायाम करते हैं, या घूमने चले जाते हैं, उसके बाद जो आपको हलकापन लगता है, उसका कारण क्या है? उसका कारण यह है कि बहुत-सी ग्रंथियां उसमें विसर्जित होती हैं।

🌾ओशो🌾

10 1 comment • 3 shares
Like Comment Send Share

CamScanner

10:00 am 0 KB/s VoLTE 4G 91%

समझ लीजिए, आप दफ्तर में हैं और मालिक ने कुछ कहा। आपको क्रोध तो आया, लेकिन आप मुट्ठियां नहीं भींच सकते। वह जो शक्ति पैदा हुई है, उसका क्या होगा? शक्ति नष्ट नहीं होती, स्मरण रखिए। कोई शक्ति नष्ट नहीं होती। अगर आपने मुझे गाली दी और मुझे क्रोध आ गया, लेकिन यहां इतने लोग थे कि मैं उसे प्रकट नहीं कर सका, न मैं दांत भींच सका, न मैं हाथ खींच सका, न मैं गाली बक सका, न मैं गुस्से में कूद सका, न मैं पत्थर उठा सका। तो उस शक्ति का क्या होगा, जो मेरे भीतर पैदा हो गयी? वह शक्ति मेरे शरीर के किसी अंग को क्रिपल्ड कर देगी। और उसको क्रिपल्ड करने में, उसको विकृत करने में व्यय हो जाएगी। एक ग्रंथि पैदा होगी।

शरीर की ग्रंथियों का मेरा मतलब यह है। शरीर में हमारे बहुत ग्रंथियां पैदा हो जाती हैं। और आप शायद हैरान होंगे, आप कहेंगे, ऐसी तो हमें कुछ ग्रंथियां पता नहीं हैं! तो मैं आपको एक प्रयोग करने को कहता हूं। आप देखें, फिर आपको पता चलेगा कि कितनी ग्रंथियां हैं।

क्या आपने कभी खयाल किया है कि अकेले किसी कमरे में आप जोर से दांत बिचकाने लगे हैं, या आईने में जीभ दिखाने लगे हैं, या गुस्से से आंख फाड़ने लगे हैं! और आप अपने पर भी हंसे होंगे कि यह मैं क्या कर रहा हूं! हो सकता है, स्नानगृह में आप नहा रहे हैं और आप अचानक कूदे हैं। आप हैरान होंगे कि मैं क्यों कूदा हूं? या मैंने आईने में देखकर दांत क्यों बिचकाए हैं? या मेरा जोर से गुनगुनाने का मन क्यों हुआ है?

मैं आपको कहूं, किसी दिन आधा घंटे को सप्ताह में एक एकांत कमरे में बंद हो जाएं और आपका शरीर जो करना चाहे, करने दें। आप बहुत हैरान होंगे। हो सकता है, शरीर आपका नाचे। जो करना चाहे, करने दें। आप उसे बिलकुल न रोकें। और आप बहुत हैरान होंगे। हो सकता है, शरीर आपका नाचे। हो सकता है, आप कूदें। हो सकता है, आप चिल्लाएं। हो सकता है, आप किसी काल्पनिक दुश्मन पर टूट पड़ें। यह हो सकता है। और तब आपको पता चलेगा कि यह क्या हो रहा है! ये सारी ग्रंथियां हैं, जो दबी हुई हैं और मौजूद हैं और निकलना चाहती हैं, लेकिन समाज नहीं निकलने देता है और आप भी नहीं निकलने देते हैं।

CamScanner

10:00 am 0 KB/s 91%

🟢ग्रंथियों का विसर्जन🟢

शरीर में जो भी कंपन हैं, वे मन के कंपन से पैदा होते हैं। मन का कंपन जितना कम होने लगता है, शरीर उतना थिर मालूम होने लगेगा। ये बुद्ध और महावीर की मूर्तियां, जो बिलकुल पत्थर जैसी मालूम होती हैं, ये आदमी भी बैठे होते, तो भी ऐसे ही मालूम होते थे। ये मूर्तियां ही पत्थर जैसी नहीं मालूम होतीं, इन आदमियों को भी आपने देखा होता, तो ये बिलकुल पत्थर जैसे मालूम होते। हमने इनकी पत्थर की मूर्तियां व्यर्थ ही नहीं बनायीं, उसके पीछे कारण था। ये बिलकुल पत्थर जैसे ही मालूम होने लगे थे। इनके भीतर कंपन विलीन हो गए थे। या कि कंपन सार्थक थे, जब उनकी जरूरत थी, होते थे; अन्यथा वे विलीन थे।

आप जब पैर हिला रहे हैं, तो आपके भीतर अशांति से जो एनर्जी पैदा हो रही है, जो शक्ति पैदा हो रही है, उसे निकालने का कोई रास्ता न पाकर, पैर में कंपित होकर वह निकल रही है। जब एक आदमी क्रोध में होता है, उसके दांत भिंच जाते हैं और मुट्ठियां बंध जाती हैं। क्यों? उसकी आंखों में खून उतर आता है। क्यों? आखिर मुट्ठियां बंधने से क्या प्रयोजन है? अगर आप अकेले में भी किसी पर क्रुद्ध होंगे, तो भी मुट्ठियां बंध जाएंगी। वहां तो कोई मारने को भी नहीं, जिसको आप मारें। लेकिन जो शक्ति क्रोध से पैदा हो रही है, उसका निष्कासन कैसे होगा? हाथ के स्नायु खिंचकर उस शक्ति को व्यय कर देते हैं।

सभ्यता ने बहुत दिक्कत पैदा कर दी है। असभ्य आदमी का शरीर हमसे ज्यादा शुद्ध होता है। एक जंगली आदमी का शरीर हमसे बहुत शुद्ध होता है, उसमें ग्रंथियां नहीं होतीं, क्योंकि उसके भावावेग वह सहज प्रकट कर देता है। लेकिन हम अपने भावावेगों को दबा लेते हैं।

समझ लीजिए, आप दफ्तर में हैं और मालिक ने कुछ कहा। आपको क्रोध तो आया, लेकिन आप मुट्ठियां नहीं भींच सकते। वह जो शक्ति पैदा हुई है, उसका क्या होगा? शक्ति नष्ट नहीं होती, स्मरण रखिए। कोई शक्ति नष्ट नहीं होती। अगर आपने मुझे गाली दी और मुझे क्रोध आ गया, लेकिन यहां इतने लोग थे कि मैं उसे प्रकट नहीं कर सका, न मैं दांत भींच सका, न मैं हाथ खींच सका, न मैं गाली बक सका, न मैं गुस्से में कह सका, न मैं पत्थर उठा सका। तो उस शक्ति का क्या होगा, जो मेरे

CamScanner

9:52 am 2 KB/s VoLTE 4G 92%

आपका डूबना तय है। क्योंकि अहंकार के आश्रय में किया गया कोई भी कर्म, अहंकार को ही पुष्ट करता है। और अहंकार ही संपूर्ण समस्याओं की जड़ है। क्या आप कीचड़ से कीचड़ धोना चाहते हैं?

अब उस नारायण कवच को धारण करने की विधि-

जीवन की किसी भी परिस्थिति में, कोई भी प्रमुख निर्णय, अंत:करण में बैठे अव्यक्त परमात्मा से पूछ कर ही करने लगना, नारायण कवच धारण करना है। भगवान गीता में कहते हैं-

"उपद्रष्टाऽनुमंता च भर्ता भोक्ता महेश्वरः।"

वह परमात्मा सबके अंत:करण में द्रष्टा रूप से अवस्थित है। वह अनुमंता भी है, साधन पकने पर वह अनुमति देने लगता है। आदेश का पालन होने लगे तो वह भर्ता बन कर योगक्षेम वहन करने लगता है। जैसे अर्जुन भगवान की आज्ञा में चलने लगा, आप भी उनसे बिना पूछे कुछ न करें। यह उनके मार्गदर्शन में चलना ही नारायण कवच धारण करना है।

हाँ यदि आपमें भीतर का आदेश पकड़ने की क्षमता न हो, तो भगवान ने दूसरा भी एक सरल विकल्प दिया है। गीता में ही भगवान कहते हैं-

"सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।"

तुम एक काम करो, मेरी शरण में आ जाओ। भीतर बात न बनती हो, तो बाहर से आदेश लो। किस से पूछें? मुझ से पूछ लो। माने गुरू जी से आदेश लो।

दोनों एक ही हैं। पर जो मुझ से, माने सगुण ब्रह्म से, माने किन्हीं समकालीन आत्मज्ञानी महापुरुष से आदेश लेकर चलते हैं, वे मुझे अधिक प्रिय हैं।

"ये तु धर्म्यामृतमिदं यथोक्तं पर्युपासते।
श्रद्दधाना मत्परमा भक्तास्तेऽतीव मे प्रिया:॥"

तो आप अपनी क्षमतानुसार कहीं से भी आदेश लें, पर बिना आदेश के न चलें। जो बिना आदेश के चला, उसने तो नारायणी सेना का कवच धारण कर लिया, वह तो डूबेगा ही।

इसीलिए लोकेशानन्द गाता है-

"ध्यानमूलं गुरुर्मूर्तिः, पूजामूलं गुरो:पदम्।
मन्त्रमूलं गुरोर्वाक्यं, मोक्षमूलं गुरो:कृपा॥"

CamScanner

9:52 am 0 KB/s 92%

बड़ी विचित्र बात है। दुर्योधन ने श्रीकृष्ण से नारायणी सेना मांग ली। अर्जुन ने केवल श्रीकृष्ण को मांगा। अर्जुन से कहा गया-

"हार निश्चित है तेरी, हर दम रहेगा उदास।
माखन दुर्योधन ले गया, छाछ बची तेरे पास॥"

अर्जुन ने कहा-

"जीत निश्चित है मेरी, दास ना होय उदास।
माखन है किस काम का, माखनचोर मेरे पास॥"

देखें, एक ओर भगवान हैं, दूसरी ओर भगवान से प्राप्त सम्पत्ति है। गुरूदेव भगवान स्वामी मित्रानन्द जी महाराज कहते हैं कि शास्त्र में "नारायण कवच" का महान महिमामंडन है। अर्जुन ने नारायण कवच धारण किया और कौरवों की सेना का पार पा लिया। जबकि दुर्योधन ने नारायणी सेना को कवच बना कर अपना सब कुछ गंवा दिया।

नारायणी सेना क्या है? आपके पास जो भी है, मकान, दुकान, धन, बल, पद, प्रतिष्ठा, और इस लोक और परलोक के जितने भी सुख साधन हैं, वह ही नारायणी सेना है। जो इनके भरोसे चला, माने नारायणी कवच धारण किया, वह डूब गया। जो भगवान के भरोसे रहा, माने नारायण कवच धारण किया, उसने लोक, परलोक दोनों को ही प्राप्त कर लिया।

विचार करें! यदि आप भौतिक जगत में विजय प्राप्त करने के लिए, अथवा अध्यात्मिक उन्नति के लिए, अहंकार के वशीभूत होकर, अपने जीवन की उलझी हुई समस्याओं का समाधान स्वयं करना चाहते हैं, तो आपका डूबना तय है। क्योंकि अहंकार के आश्रय में किया गया कोई भी कर्म, अहंकार को ही पुष्ट करता है। और अहंकार ही संपूर्ण समस्याओं की जड़ है। क्या आप कीचड़ से कीचड़ धोना चाहते हैं?

अब उस नारायण कवच को धारण करने की विधि-

जीवन की किसी भी परिस्थिति में, कोई भी प्रमुख निर्णय, अंत:करण में बैठे अव्यक्त परमात्मा से पूछ कर ही करने लगना, नारायण कवच धारण करना है। भगवान गीता में कहते हैं-

"उपद्रष्टाऽनुमंता च भर्ता भोक्ता महेश्वरः।"

वह परमात्मा सबके अंत:करण में द्रष्टा रूप से अवस्थित है। वह अनुमंता भी है, साधन पकने पर वह अनुमति देने लगता है। आदेश का पालन होने लगे तो वह भर्ता बन कर योगक्षेम वहन करने लगता है। जैसे अर्जुन भगवान की आज्ञा में चलने लगा, आप भी उनसे बिना पूछे

CamScanner


जो बिना आदेश के चला,
उसने तो नारायणी सेना
का कवच धारण कर लिया,
वह तो डूबेगा ही।
-लोकेशानन्द
410 नारायण कवच

CamScanner

11:49 am 0 KB/s 4G 72%

Like Comment Send Share

**Osho janaki dhyan kendra**
3h ·

पूरे डूबने की घटना एक विशिष्ट परिपक्वता के क्षण में घटेगी।

हम उसे ला नहीं सकते। आएगी, अपने से आएगी। कब आ जाएगी, बिना खबर दिए, आकस्मिक द्वार पर खड़ी हो जाएगी कि तुम भौचक्क, अवाक रह जाओगे। तुम्हारी अपेक्षा से आने वाली नहीं है।

अक्सर तो ऐसा होता है, जब तुम्हें बिलकुल भी अपेक्षा न होगी, जब तुम्हें बिलकुल भी सुध न होगी, तब अचानक मेहमान आ जाएगा। क्योंकि जब कोई अपेक्षा नहीं होती, कोई आकांक्षा नहीं होती, तब तुम्हारा हृदय अपनी परिपूर्णता में खुला होता है। अपेक्षा में थोड़ा बंद हो जाता है। जितनी तेज अपेक्षा होती है, उतना संकीर्ण हो जाता है। तनाव पैदा हो जाता है। द्वंद्व बन जाता है। जब तुम निर्द्वंद्व होओगे, जब तुम जीवन को, जैसा जितना मिल रहा है, उतने के लिए ही धन्यवाद देकर अनुगृहीत होओगे, परितृप्त, उतने से ही जितना परमात्मा दे आज, और ज्यादा की मांग न करोगे, उस दिन ज्यादा भी होगा।

इस गणित को ठीक से याद रख लेना। मांग मत करना, तो ज्यादा रोज-रोज होगा। मांग करोगे, अड़चन पड़ जाएगी, बाधा बन जाएगी।

ओशो..."प्रेम पंथ ऐसो कठिन -7 "

CamScanner

11:49 am KB/s 72%

उस तपस्वी ने कहा, कुछ भी नहीं, वह लकड़ियां बीनने वाली युवती कहां है, वही चाहिए।

हंसना मत; आदमी की ऐसी कमजोरी है। सोचना, हंसना मत; क्योंकि पृथ्वी का ऐसा प्रबल आकर्षण है। कहानी को कहानी समझ कर टाल मत देना, मनुष्य के मन की पूरी व्यथा है। और ऐसा मत सोचना कि ऐसा विकल्प उस तपस्वी के सामने ही था कि युवती थी, स्वर्ग था, दोनों के बीच चुनना था। तुम्हारे सामने भी विकल्प वही है; सभी के सामने विकल्प वही है--या तो उन सुखों को चुनो जो क्षणभंगुर हैं, या उसे चुनो जो शाश्वत है; या तो शाश्वत को गंवा दो क्षणभंगुर के लिए, या क्षणभंगुर को समर्पित कर दो शाश्वत के लिए। और अधिकतम लोग वही चुनेंगे, जो तपस्वी ने चुना। ऐसा मत सोचना कि तुमने कुछ अन्यथा किया है। चाहे इंद्र तुम्हारे सामने खड़ा हुआ हो या न खड़ा हुआ हो; चाहे किसी ने स्पष्ट स्वर्ग और पृथ्वी के विकल्प सामने रखे हों, न रखे हों--विकल्प वहां हैं। और जो एक को चुनता है, वह अनिवार्यतः दूसरे को गंवा देता है। जिसकी आंखें पृथ्वी के नशे से भर जाती हैं, वह स्वर्ग के जागरण से वंचित रह जाता है। और जिसके हाथ पृथ्वी की धूल से भर जाते हैं, स्वर्ग का स्वर्ण बरसे भी तो कहां बरसे, हाथों में जगह नहीं होती! हाथ खाली चाहिए तो ही स्वर्ग उतर सकता है; आत्मा खाली चाहिए तो ही परमात्मा विराजमान हो सकता है।

तुम्हारी आत्मा में अगर कोई आसक्ति पहले से ही विराजमान है, अगर वहां सिंहासन पहले से ही भरा है, तो तुम यह मत कहना कि परमात्मा ने तुम्हारे साथ अन्याय किया है; यह तुम्हारा ही चुनाव है। अगर परमात्मा तुम्हें नहीं मिलता, तो इसमें परमात्मा को दोष मत देना, तुमने उसे अभी चुना ही नहीं; क्योंकि जिन्होंने भी, जब भी उसे चुना है, तत्क्षण वह मिल गया है--एक क्षण की भी वहां देरी नहीं है। लेकिन अगर तुम्हीं न चाहो तो परमात्मा तुम्हारे ऊपर जबरदस्ती नहीं करता; सत्य तुम्हारे ऊपर जबरदस्ती आरूढ़ नहीं होता। तुम्हें जन्मों-जन्मों तक सत्य को इंकार करने की स्वतंत्रता है। यही मनुष्य की गरिमा है, यही मनुष्य का दुर्भाग्य भी।

ओशो,
भजगोविंदम मूढ़मते

CamScanner

11:49 am 57 KB/s 72%

तपस्वी ने सोचा, उस युवती के चेहरे की तरफ देखा। ऐसा सौंदर्य कभी देखा नहीं था। स्वप्न में भी ऐसा सौंदर्य कभी देखा नहीं था। युवती पहचानी भी लगती थी और अपरिचित भी लगती थी। रूप-रेखा तो वही थी, लेकिन कुछ महिमा उतर आई थी। अंग-प्रत्यंग वही थे, लेकिन कोई स्वर्ण-आभा से घिर गए थे। जैसे कोई गीत की कड़ी, भूली-बिसरी, फिर किसी संगीतज्ञ ने बांसुरी में भर कर बजाई हो।

तपस्वी बैठ गया। उसने पुनः आंख बंद कर लीं। वह रुक गया। उस रात युवती सो न सकी--विजय का उल्लास भी था और साधु को पतित करने का पश्चात्ताप भी। आनंदित थी कि जीत गई और दुखी थी कि किसी को भ्रष्ट किया, किसी के मार्ग में बाधा बन गई, और कोई जो ऊर्ध्वगमन के लिए निकला था, उसकी यात्रा को भ्रष्ट कर दिया। रात भर सो न सकी--रोई भी, हंसी भी। सुबह निर्णय लिया, आकर तपस्वी के चरणों में झुकी और कहा, मुझे जाना पड़ेगा, मेरा परिवार दूसरे गांव जा रहा है। तपस्वी ने आशीर्वाद दिया कि जाओ, जहां भी रहो, खुश रहो, मेरा आशीर्वाद तुम्हारे साथ है।

युवती चली गई। वर्ष बीते, तपस्या पूरी हुई। इंद्र उतरा, तपस्वी के चरणों में झुका और कहा, स्वर्ग के द्वार स्वागत के लिए खुले हैं।

तपस्वी ने आंखें खोलीं और कहा, स्वर्ग की अब मुझे कोई जरूरत नहीं! इंद्र तो भरोसा भी न कर पाया कि कोई मनुष्य और कहेगा कि स्वर्ग की मुझे अब कोई जरूरत नहीं। इंद्र ने सोचा, तब क्या मोक्ष की आकांक्षा इस तपस्वी को पैदा हुई है। पूछा, क्या मोक्ष चाहिए?

तपस्वी ने कहा, नहीं, मोक्ष का भी मैं क्या करूंगा।
तब तो इंद्र चरणों में सिर रखने को ही था कि यह तो आत्यंतिक बात हो गई, तपश्चर्या का अंतिम चरण हो गया, जहां मोक्ष की आकांक्षा भी खो जाती है। पर झुकने के पहले उसने पूछा, मोक्ष के पार तो कुछ भी नहीं है, फिर तुम क्या चाहते हो?

उस तपस्वी ने कहा, कुछ भी नहीं, वह लकड़ियां बीनने वाली युवती कहां है, वही चाहिए।

CamScanner

11:48 am 0 KB/s VoLTE 4G 72%

एक अति प्राचीन कथा है। घने वन में एक तपस्वी साधनारत था--आंख बंद किए सतत प्रभु-स्मरण में लीन। स्वर्ग को पाने की उसकी आकांक्षा थी; न भूख की चिंता थी, न प्यास की चिंता थी। एक दीन-दरिद्र युवती लकड़ियां बीनने आती थी वन में। वही दया खाकर कुछ फल तोड़ लाती, पत्तों के दोने बना कर सरोवर से जल भर लाती, और तपस्वी के पास छोड़ जाती। उसी सहारे तपस्वी जीता था। फिर धीरे-धीरे उसकी तपश्चर्या और भी सघन हो गई--फल बिना खाए ही पड़े रहने लगे; जल दोनों में पड़ा-पड़ा ही गंदा हो जाता--न उसे याद रही भूख की और न प्यास की। लकड़ियां बीनने वाली युवती बड़ी दुखी और उदास होती, पर कोई उपाय भी न था।

इंद्रासन डोला; इंद्र चिंतित हुआ; तपस्या भंग करनी जरूरी है; सीमा के बाहर जा रहा है यह व्यक्ति--क्या स्वर्ग के सिंहासन पर कब्जा करने का इरादा है?

लेकिन कठिनाई ज्यादा न थी, क्योंकि इंद्र मनुष्य के मन को जानता है। स्वर्ग से जैसे एक श्वास उतरी--सूखी, दीन-दरिद्र, काली-कलूटी वह युवती अचानक अप्रतिम सौंदर्य से भर गई; जैसे एक किरण उतरी स्वर्ग से और उसकी साधारण सी देह स्वर्णमंडित हो गई। पानी भर रही थी सरोवर से तपस्वी के लिए, अपने ही प्रतिबिंब को देखा, भरोसा न कर पाई--साधारण स्त्री न रही, अप्सरा हो गई; खुद के ही बिंब को देख कर मोहित हो गई! तपस्वी की सेवा उसने करनी जारी रखी।

फिर एक दिन तपस्वी ने आंख खोलीं। इस वनस्थली से जाने का समय आ गया--तपश्चर्या को और गहन करना है, पर्वत-शिखरों की यात्रा पर जाना है। उसने युवती से कहा कि मैं अब जाऊंगा, यहां मेरा कार्य पूरा हुआ। अब और भी कठिन मार्ग चुनना है, स्वर्ग को जीत कर ही रहना है।युवती रोने लगी। उसकी आंख से आंसू गिरने लगे। उसने कहा, मैंने कौन सा दुष्कर्म किया कि मुझे अपनी सेवा से वंचित करते हो? और तो कुछ मैंने कभी मांगा नहीं!

तपस्वी ने सोचा, उस युवती के चेहरे की तरफ देखा। ऐसा सौंदर्य कभी देखा नहीं था। स्वप्न में भी ऐसा सौंदर्य कभी देखा नहीं था। युवती

CS CamScanner

जन्म हुआ है तो मृत्यु भी निश्चित है
इसी प्रकार जीवन में चिंताएं भी
निश्चित है क्योंकि जब तक
किसी के जीवन में कोई चिंता
नहीं होती तब तक वह इंसान
परिपक्व और जिम्मेदार नहीं
बन सकता प्रभु ने चिंता की भट्टी
इंसान को तराशने के लिए ही
बनाई है इस धरती पर ऐसा कोई नहीं
जिसको कोई चिंता ना हो।

गौरी सोनी

CamScanner

11:45 am 9 KB/s 73%

जा उस महल, उस राज्य का मालिक था।

एक सपना आना शुरू हुआ। उस सपने में उसने देखा कि सारी पृथ्वी का मैं मालिक हूं। बारह बेटे हैं उसके, बहुत सुंदर, स्वर्ण जैसी काया है उनकी, बहुत स्वस्थ, बहुत बुद्धिमान। सारी पृथ्वी पर फैला हुआ है राज्य, स्वर्ण के महल हैं उसके पास, हीरे-जवाहरातों की सीढ़ियां हैं, वह अति आनंद में है।

और तभी इस बाहर लेटे हुए बेटे की सांस टूट गयी। पत्नी छाती पीटकर रोने लगी। रोने से नींद खुल गयी सम्राट की। आंख खोलकर वह उठा। खो गये वे सपने के स्वर्ण महल, खो गये वे बारह बेटे, खो गया वह चक्रवर्ती का बड़ा राज्य! देखा तो बाहर बेटा मर चुका है, पत्नी रोती है। लेकिन उसकी आंखों में आंसू नहीं आये, होठों पर हंसी आ गयी उस सम्राट के!

पत्नी कहने लगी, क्या तुम्हारा मन विक्षिप्त हो गया? क्या तुम पागल हो गये हो? बेटा मर गया है और तुम हंस रहे हो!

वह सम्राट कहने लगा, मुझे हंसी किसी और बात से आ रही है। मैं इस चिंता में पड़ गया हूं कि किन बेटों के लिए रोऊं? अभी-अभी बारह मेरे बेटे थे, सोने के महल थे, बड़ा राज्य था। तू रोई और वह मेरा सारा राज्य छिन गया, मेरे वे बेटे छिन गये! आंख खोलता हूं, तो वे सब खो गये हैं! और यह बेटा, जब तक आंख बंद थी, खो गया था। मुझे याद भी नहीं था कि मेरा कोई बेटा है, जो बीमार पड़ा है। जब तक वे बारह बेटे थे, इस बेटे की कोई याद नहीं थी! और अब जब यह बेटा दिखायी पड़ रहा है, तब वे बारह बेटे खो गये हैं! अब मैं सोचता हूं कि मैं किसके लिए रोऊं? उन बारह बेटों के लिए, उन स्वर्ण-महलों के लिए, उस बड़े राज्य के लिए या इस बेटे के लिए?

और मुझे हंसी इसलिए आ गयी कि कहीं दोनों ही सपने तो नहीं हैं--एक आंख बंद का सपना और एक खुली आंख का सपना। क्योंकि जब तक आंख बंद थी, वह भूल गया था! और जब आंख खुली तो, वह जो आंख बंद में दिखाई पड़ा था, वह भूल गया!

एक सपना है, जो हम आंख बंद करके देखते हैं और एक सपना है, जो हम आंख खोलकर देखते हैं! लेकिन वे दोनों ही सपने हैं।

ओशो.

सत्य की खोज(प्रवचन-10).

CamScanner

11:44 am 0 KB/s 73%

बोध कथा

एक सम्राट का युवा पुत्र बीमार पड़ा। एक ही बेटा था उसका, वही मरण-शय्या पर पड़ा था। चिकित्सकों ने कहा था कि बचने की कोई उम्मीद नहीं है। उस रात ही उसका दीया बुझ जायेगा, ऐसी संभावना थी।

सम्राट रात भर जागता बैठा रहा। सुबह भोर होते-होते उसकी झपकी लग गयी। सम्राट अपनी कुर्सी पर बैठा ही बैठा पांच बजे के करीब सो गया। सोते ही भूल गया उस बेटे को, जो सामने खाट पर बीमार पड़ा था; जो उस महल, उस राज्य का मालिक था।

एक सपना आना शुरू हुआ। उस सपने में उसने देखा कि सारी पृथ्वी का मैं मालिक हूं। बारह बेटे हैं उसके, बहुत सुंदर, स्वर्ण जैसी काया है उनकी, बहुत स्वस्थ, बहुत बुद्धिमान। सारी पृथ्वी पर फैला हुआ है राज्य, स्वर्ण के महल हैं उसके पास, हीरे-जवाहरातों की सीढ़ियां हैं, वह अति आनंद में है।

और तभी इस बाहर लेटे हुए बेटे की सांस टूट गयी। पत्नी छाती पीटकर रोने लगी। रोने से नींद खुल गयी सम्राट की। आंख खोलकर वह उठा। खो गये वे सपने के स्वर्ण महल, खो गये वे बारह बेटे, खो गया वह चक्रवर्ती का बड़ा राज्य! देखा तो बाहर बेटा मर चुका है, पत्नी रोती है। लेकिन उसकी आंखों में आंसू नहीं आये, होठों पर हंसी आ गयी उस सम्राट के!

पत्नी कहने लगी, क्या तुम्हारा मन विक्षिप्त हो गया? क्या तुम पागल हो गये हो? बेटा मर गया है और तुम हंस रहे हो!

वह सम्राट कहने लगा, मुझे हंसी किसी और बात से आ रही है। मैं इस चिंता में पड़ गया हूं कि किन बेटों के लिए रोऊं? अभी-अभी बारह मेरे बेटे थे, सोने के महल थे, बड़ा राज्य था। तू रोई और वह मेरा सारा राज्य छिन गया, मेरे वे बेटे छिन गये! आंख खोलता हूं, तो वे सब खो गये हैं! और यह बेटा, जब तक आंख बंद थी, खो गया था। मुझे याद भी नहीं था कि मेरा कोई बेटा है, जो बीमार पड़ा है। जब तक वे बारह बेटे थे, इस बेटे की कोई याद नहीं थी! और अब जब यह बेटा दिखायी पड़ रहा है, तब वे बारह बेटे खो गये हैं! अब मैं सोचता हूं कि मैं किसके लिए रोऊं? उन बारह बेटों के लिए, उन स्वर्ण-महलों के लिए, उस बड़े राज्य के लिए या इस बेटे के लिए?

CamScanner


Live dangerously. It is your life.
Don't sacrifice it for any sort of
foolishness that has been taught
to you. It is your life: Live it! Don't
sacrifice it for words, theories,
countries or politics. Live it!
Don't think that it is courageous
to die.The only courage is to
live life totally;
there is no other courage.
Osho

CamScanner

अहोभाव · 20m ·

अहोभाव

प्रत्येक क्षण को महोत्सव बना लो...
तब फिर तुम्हे परमात्मा को नहीं खोजना पड़ेगा।
तुम जहां भी होओगे, परमात्मा खुद तुम्हें खोजता
हुआ आ जायेगा।
ओशो

ओशो कहते हैं - सच्ची प्रार्थना एक उत्सव है; यह कोई प्रयास नहीं है, किसी और चीज़ का साधन नहीं है। यह अपने आप में उत्पन्न होता है और अपने आप में ही विलीन हो जाता है। प्रार्थना का एक क्षण अपने आप में अनंत काल है। अहोभाव

7

Like Comment Send Share

CamScanner

8

Top comments

**Vimal Shah**
तप से कर्मो का क्षय होता है, और पुण्य भोगतना पड़ता है।

2h Like Reply 3

**Ketan Sharma**
तप सांसारिक नही है और पुण्य सांसारिक है

2h Like Reply

**Deshraj Deshraj**
Tp stogunh wirtimnki

59m Like Reply

**Vishnu Srivastava**
तप एक कर्म है और पुण्य उसका फल है।

1h Like Reply

**Adv Ravindra Singh Yadav**
तप का 3D world में पॉजिटिव outcome ही पुण्य कहलाता है।
यदि आप तपस्वी है,
आप पुण्यशील हैं ।

2h Like Reply

**वीर भगत**
तप करना पड़ता है, पुण्य अपने आप हो जाता है ...
तप हठ है , पुण्य सहज है.

2h Like Reply 2

**Sohit Kumar Sen**
Tap se hi punya milta hai

Write a comment...

CamScanner

11:36 am 0 KB/s 4G 74%

फिर एक दिन तुम युवा हुए। फिर तुम भूल गए वे खेल-खिलोने कहा गए, किस कोने में पड़े है। फिर धीरे-धीरे झाड़कर,बुहरकर कचरे में फेंक दिए गए। तुम्हे उनकी याद भी नही है। एक दिन तुम लड़ते थे,एक दिन तुम उसके लिए मरने-मारने को तैयार हो जाते थे।आज तुमसे कोई पूछे कि कहाँ गए  वे तुम्हारे खेल-खिलोने? तो तुम हँसोगे। तुम कहोगे की अब मैं बड़ा हो गया हूं,अब मैं बच्चा नही रहा,मैं ने जान लिया है कि खेल-खिलोने तो खेल-खिलोने ही है।

ऐसे ही प्रौढ़ता फिर घटती है,जब किसी को भीतर के परमात्मा का बोध होता है। तब संसार के सब खेल खिलोने धन, पद, प्रतिष्ठा ऐसे ही सब व्यर्थ हो जाते है।

जैसे बचपन के खेल-खिलोने व्यर्थ हो जाते है,फिर उसके लिए कोई संघर्ष नही रह जाता, प्रतिद्वंद्वता नही रह जाती, कोई स्पर्धा नहीं रह जाती।

धन की दौड़ आत्महीन व्यक्ति की दौड़ है। जितना निर्धन होता है आदमी भीतर,उतना ही बाहर धन से भरने की कोशिश करता है। बाहर का धन भीतर की निर्धनता को भुलाने की व्यवस्था है। विधि है। जितना गरीब आदमी होता है,उतना धन के पीछे दौड़ता है।

इसीलिए तो हमने देखा कि कभी बुद्ध,कभी महावीर महाधनी लोग रहे होंगे,की सब छोड़कर निकल पड़े और भिखारी हो गए। इस आश्चर्य की घटना को देखते हो। यहां निर्धन धन के पीछे दौड़ते है। यहां धनी निर्धन हो जाते है। यह आपने को भूलने की विधि है। जितना गरीब आदमी होता है, उतना ही धन के पीछे दौड़ता है।

इसीलिए तो हमने देखा  कि कभी बुद्ध,कभी महावीर महाधनी लोग रहे होंगे, जो कि सब छोडकर  निकल पड़े और भिखारी हो गए। इस आश्चर्य की घटना को देखते हो। यहा निर्धन धन के पीछे दौड़ते है,यहां धनी निर्धन हो जाते है। जिन्हें भीतर का धन मिल गया,वे बाहर की दौड़ छोड़ देते है।
🌹ओशो🌹

CamScanner

11:36 am 35 KB/s VoLTE 4G 74%

🌹आत्महीन व्यक्ति की दौड़🌹

जनक के सामने एक प्रश्नचिन्ह खड़ा किया अष्टावक्र ने,की तूझसे पूछता हूं जनक,जब एक का तुझे पता चल गया और तुझे बोध हो गया कि तू स्वयं तू परमात्मा है। तो क्या धन के पीछे तू अब भी दौड़ सकता है ? तू तलाश अपने भीतर की कहि धन का अब भी मोह तो शेष नही रह गया ?

यह पहली बात धन की ही क्यों उठाई? क्योंकि इस जीवन मे बड़ी से बड़ी हमारी दौड़,और बड़े से बड़ा हमारा पागलपन धन के लिए ही है। हम भीतर खाली,रिक्त है, सुख से धन से उसे भरते है। खालीपन काटता है। खालीपन से बड़ी बेचैनी होती है। कि मैं ना कुछ, कुछ करके दिखाना है। मैं कैसे दिखाऊ।

क्योंकि इस जीवन मे बड़ी से बड़ी हमारी दौड़ और बड़े से बड़ा हमारा पागलपन धन के लिए है। हम भीतर है खाली,रिक्त, सुख को हम धन से भरते है। खालीपन काटता है, खालीपन में बड़ी बेचैनी होती है। कि मैं और ना कुछ? अत: कुछ करके दिखाना है। मैं कैसे कर के दिखाऊ? तो पद,प्रतिष्ठा, धन वे सब धन के ही रूप है। उनसे हम अपने को भरते है,त की मैं कह सकु के मैं भी कुछ हुँ-मैं ना कुछ नहीं हूं।देखो कितना धन है मेरे पास।ता की  मैं प्रमाण दे सकु,की देखो मैं भी कुछ हुँ। अष्टावक्र कहते है कि धन की दौड़ तो उस आदमी की है जिसे भीतर के परमात्मा का कुछ पता नही है। जिसे भीतर के परमात्मा का पता चल गया वह तो धनी हो गया,उसे तो मिल गया धन। राम रतन धन पायो। अब उससे कुछ बचा नही पाने को। अब कोई धन धन नही है। धन तो उसे मिल गया,परम् धन मिल गया। और परम् धन को पाकर फिर कोई धन के पीछे दौड़ेगा?

छोटे थे तुम खेल-खिलौने से खेलते थे। टूट गया खिलौना तो रोते भी थे, कोई छीन लेता तो रोते भी थे।

फिर एक दिन तुम युवा हुए। फिर तुम भूल गए वे खेल-खिलोने कहा गए, किस कोने में पड़े है। फिर धीरे-धीरे झाड़कर,बुहरकर कचरे में फेंक दिए गए। तुम्हे उनकी याद भी नही है। एक दिन तुम लड़ते थे,एक दिन

CamScanner

प्राणी है तो आप समय में आगे और पीछे कहीं भी जा सकते हैं.

## Fifth Dimensional-पाचवां आयाम

अगर आप 5th Dimension के प्राणी हैं तो आप समय में आगे पीछे जाने के अलावा समय में किसी भी दिशा में जा सकते हैं. समय में किसी भी दिशा में जाना !! सुनकर दंग रह गए ना. इसे इमेजिन करना भी हमारे लिए नामुमकिन हैं क्योंकि हम अपने से ऊपर के Dimensions को कभी नहीं समज सकते. लेकिन मेरे ख्याल से यहाँ पर समय में किसी भी दिशा में जाने का मतलब हैं : संभावनाए. मतलब 5th Dimension के प्राणी समय में किसी भी संभावना को देख सकते हैं या महसूस कर सकते हैं.

मेरा सुजाव हैं की आप 5th Dimension को अच्छे से समजने के लिए Christopher Nolan की मूवी Interstellar जरुर देखिएगा. String Theory के मुताबिक कुदरत में 11 Dimensions हो सकते हैं. 6th से 11th Dimensions अनंत और सोच की सीमाओं के बहार की संभावनाओं से भरे हो सकते हैं. लेकिन उन्हें देखना हमारे लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हैं.

Share This: F

Google+




CamScanner




CamScanner

1:05 pm 13 KB/s 59%

28 4 comments • 2 shares

Like Comment Send Share

Write a comment...

**Doha Glassdoor**
Sponsored ·

कस्तूरी कुन्डल बसे, मृग ढूंढत बन माहिं।... See more




Doha Glassdoor

2.1K 56 comments • 2 shares

Like Comment Share

**Osho international**
5m ·

*भगवान, क्या संतोष रखकर जीना ठीक नहीं है..!

देवदास, संतोष और संतोष में बड़ा भेद है। एक तो है सं... See more

CamScanner




CS CamScanner




CamScanner

*मन ही मनुष्यों के बंधन और मुक्ति का कारण है।*

11 1 comment

Like Comment Send Share

**Osho Nirvana (ओशो निर्वाण समूह)**
Virendra Kumar · 14h ·

एक बच्चा पैदा हुआ। चेतना को लेकर आया है, वह माइंड को लेकर नहीं आया है। माइंड तो अब पैदा किया जाएगा। चेतना को वह लेकर आया है, सीखने की क्षमता लेकर आया है, एक कॉन्शसनेस लेकर आया है, एक आत्मा लेकर आया है। इस आत्मा के चारो तरफ अब मन की एक दीवार खड़ी की जाएगी, जिसमे सिखाया जाएगा कि तू हिंदू है और दीवार पर लिखा जाएगा, तू हिंदू है। इसको सारी बातें सिखायी जाएंगी, ऊंचा है, नीचा है ;ब्राह्मण है, शूद्र है ;क्या है, क्या नहीं है ;यह सब सिखाया जाएगा। यह दीवार खड़ी होगी। इसी को हम लर्निंग कह रहे हैं - इस माइंड को क्रिएट करने को। यह खड़ा हो जाएगा माइंड। इस लड़के को, इस बच्चे को यह भूल ही जाएगा कि मैं इसके अलावा कुछ हूँ। यह समझेगा, मैं यही हूँ। यह आइडेंटिटी हो जायेगी।

ध्यान की प्रक्रिया में जाने का मतलब, इस आइडेंटिटी को तोड़ना। जो मैं जानता हूं, क्या वही मैं हूँ? जो मैंने समझा है, सुना है, क्या वही मैं हूँ? क्या मेरा मन ही मैं हूँ? इसके बाबत बोध है, इसके बाबत अवेयरनेस है।

🪷 आचार्य श्री रजनीश 🪷

🙏🌹🙏

CamScanner

1:03 pm 11 KB/s VoLTE 4G 60%

Parshotam Rai · 5h ·

*मन ही मनुष्यों के बंधन और मुक्ति का कारण है।*

*राजा जनक ब्रह्म विद्या में पारंगत विद्वान माने जाते थे। दूर दूर से लोग उनके पास धर्म सम्बन्धी जिज्ञासा का समाधान करने आते थे। एक बार एक महात्मा व्यक्ति उनसे मिलने आये। उन्होंने चंचल मन के पाश से छूटने का उपाय पूछा। राजा जनक अपने स्थान से उठे और एक वृक्ष को जोर से पकड़ कर बोले- "अगर यह वृक्ष हमें छोड़ दे तो हम आपके प्रश्न का उत्तर दे पाये।" प्रश्न पूछने वाले महात्मा का दिमाग चकरा गया। उसके मन में शंका हुई क्या यही राजा जनक है जो सम्पूर्ण भूमण्डल में ब्रह्म विद्या के ज्ञाता के रूप में प्रसिद्द है और एक वृक्ष को पकड़ कर कह रहे हैं की अगर यह वृक्ष हमें छोड़ दे तो हम आपके प्रश्न का उत्तर दे पाये। महात्मा बोले- महाराज! आपको जड़ वृक्ष कैसे पकड़ सकता है? यह तो आपने स्वयं ही पकड़ा हुआ है। आप वृक्ष छोड़ दे, आप स्वयं छूट जायेंगे। महाराज जनक ने कहा- क्या आपको दृढ़ विश्वास है की यह छूट जायेगा? महात्मा बोले महाराज यह तो बिलकुल प्रत्यक्ष है कि आप वृक्ष छोड़ दें तो आप छूट जायेंगे। महाराज जनक ने कहा ,"बस इसी भाँति आपने मन को पकड़ा हुआ है। यदि आप मन को वश में कर ले और इसके फंदे में न आयें तो मन कुछ नहीं कर सकता। आप इस जड़ मन को चाहे सुमार्ग पर चलाये, चाहे कुमार्ग पर। यह आपके अधीन है। बिना जीव कि इच्छा के मन में संकल्प नहीं हो सकते। इसलिये मन को वश में करना व्यक्ति के अधीन है।" यह सुनकर ब्राह्मण राजा जनक के ब्रह्मज्ञानी होने की प्रशंसा करने लगा।*

*मन ही मनुष्यों के बंधन और मुक्ति का कारण है।*

11 1 comment

Like Comment Send Share

Osho Nirvana (ओशो निर्वाण समूह)

Virendra Kumar · 14h ·

एक बच्चा पैदा हुआ। चेतना को लेकर आया है, वह माइंड को लेकर नहीं आया है। माइंड तो अब पैदा किया जाएगा। चेतना को वह लेकर

CamScanner

CamScanner

1:01 pm 16 KB/s VoLTE 4G 60%

करवाते है और लम्बा लम्बा प्रोसेस बता के भरपूर पैसा एठते है.
लेकिन आज कल ये बाते ओशो शिविर में बैठे लोग भी करने लगे है हा ओशो शिविर वाले तांत्रिको को तरह नही करते वो लोग लेकिन फिर भी परमात्मा से मिलने का वादा करते है,
लेकिन इसके पीछे एक मानोविज्ञान ही है कुछ लोगो को मनसूस भी होता है अब उन्हें परमात्मा के दर्शन हो गए.

कुछ लोगो को भगवान दिखते है
तो कुछ लोगो को खुद ओशो भी दिखते है.
माना ये सच सच है लेकिन सिर्फ मानो स्थल पर वास्तव में नही लेकिन ये अनुभव इतना ध्रुड होता है की सत्य प्रतीत होता.
लेकिन मेरे भाइयों ये सब एक तरह से आदमी की चेतना की ही लहर होती है आपका प्रेम आपकी भक्ति जिस किसी ईस्ट भगवान के प्रति होती है वही आपको दिखाई देता है.
लेकिन एक असली शून्य में उतरना ये नही होता
शून्य का मतबतलब तो होता शांति निर्विचार peace full life
एक असली ध्यानी व्यक्ति तो वही माना जायेगा जिसे कोई भी तनाव ना आए टेंशन ना आए
ना आए .
बस इतना ही काफी है.

और जब दिमाग शांत होता है तो हर बात का हल निकलता है हर चीज सुलझ जाती है
बस एक बार ध्यान करवाके आपका वो डर वो लालच वो अहंकार निकाला जाए,
फिर आप पुन: अपने दिल से जीना शुरू करते है.
लेकिन इसका ये मतलब नही की आप सन्यासी ही हो जाए.
हा अब जिसको होना हो वो जाए
लेकिन हर किसी को सन्यासी ही हो जाना चाहिए ये जरूरी नही
फिर जिसकी जो इच्छा वो करे
बस जीवन आजादी से जिए.

#आपका_मित्र_वैभव

CamScanner

1:01 pm 10 KB/s 60%

#ओशो_नमन_दोस्तो
क्या है ध्यान के असल मायने

सत्य कहूं तो ध्यान एक ऐसी चीज है जो किसी भी तरह के.
मानसिक त्रास पीड़ा दुख इन सबसे मुक्ति देता है.
लेकिन ये सब मानसिक लेवल पर ही होता है.
ध्यान का बाहरी तल से कोई संबंध नही है.

और इस मे ईश्वर मिल जाए ऐसी भी कोई बात नही,
सच कहूं तो ये एक तरह का मनोविज्ञान है.
और ये ध्यान कोई नई बात भी नही है ये भारत में कई सो साल से हर तरह के बाबा लोग करते आ रहे है खासकर तत्रिक लोग इसने ज्यादा एक्सपर्ट है,

लेकिन तांत्रिको को खुद भी नही पता ये क्या है कैसे काम करता है,
उनके लिए किसी की सोई चेतना जागृत करवा बोहोत बड़ा काम है,
लेकिन वैसे ये बड़ा है नही, ये ओशो ने साबित कर दिखाया,
तात्रीक लोग
चेतनाओं को जागृत करने लोगो को डराते है उनसे उल्टी सीधी चीजे करवाते है और लम्बी लम्बी प्रोसेस बता के भरपूर पैसा ऐंठते है.
लेकिन आज कल ये बाते ओशो शिविर में बैठे लोग भी करने लगे है हा ओशो शिविर वाले तांत्रिको को तरह नही करते वो लोग लेकिन फिर भी परमात्मा से मिलने का वादा करते है,
लेकिन इसके पीछे एक मानोविज्ञान ही है कुछ लोगो को मनसूस भी होता है अब उन्हें परमात्मा के दर्शन हो गए.

कुछ लोगो को भगवान दिखते है
तो कुछ लोगो को खुद ओशो भी दिखते है.
माना ये सच सच है लेकिन सिर्फ मानो स्थल पर वास्तव में नही लेकिन ये अनुभव इतना ध्रुड होता है की सत्य प्रतीत होता.
लेकिन मेरे भाइयों ये सब एक तरह से आदमी की चेतना की ही लहर होती है आपका प्रेम आपकी भक्ति जिस किसी ईस्ट भगवान के प्रति होती है वही आपको दिखाई देता है.

CamScanner




CamScanner

संत हम उसे कहते हैं जिसकी साधुता सधी हुई नहीं है, जिसकी साधुता सहज स्वभाव है। फिर कोई विश्राम नहीं है। तुम सांस लेने से तो कभी विश्राम नहीं लेते हो। तुम होने से तो कभी विश्राम नहीं लेते हो। जब तक तुम्हारे अन्तस् में प्रवेश न कर जाए शिवत्व तब तक सब ऊपर ऊपर है।

CamScanner

तुम्हारे भीतर शिवत्व तो बैठा ही हुआ है। वह तुम्हारा सदा का खजाना है। उसे पाने के लिए देर नहीं करने की जरूरत है सिर्फ आंख मोड़कर देखने की जरूरत है। अगर वह कहीं भविष्य में होता तो फिर कठिनाई थी, फिर समय लगता,जन्म-जन्म लगते,पहुंचते। इसलिए शिवत्व को पाना नहीं है सिर्फ आविष्कृत करना है।

osho suvichar

CamScanner

12:58 pm 9 KB/s 4G 61%

osho suvichar
1d ·

शिवतुल्य जो हो गया, वह जो भी बोलता है वही जप है। तुम उसे प्रार्थना करते न पाओगे, क्योंकि अब प्रार्थना को अलग करने की कोई जरूरत नहीं है। तुम उसे पूजा करते हुए न पाओगे, क्योंकि अब पूजा करने का हिस्सा न रही। अब वह स्वयं पूजा है। इसलिए वह जो भी करता है, उसमे अगर तुम गौर से देखोगे, तो सब जगह पूजा पाओगे। अगर वह स्वास भी लेता है तो भी जप है। वह अगर हाथ भी हिलाता है, तो पूजा है। वह उठता है, बैठता है, वह परिक्रमा है। शिवतुल्य जो हो गया उसका आचरण साधन हो जाता है। उसे साधना भी नहीं पड़ता,क्योंकि उसे साधना पड़ता हो, वह कभी सहज नहीं होगा। और जिसे साधना पड़ता हो उससे हम कभी न कभी थक जाएंगे । थकेंगे तो विश्राम करेंगे। विश्राम का अर्थ होगा विपरीत में चले जायेंगे। इसलिए अगर तुमने अपनी साधुता को साधा है तो छह दिन साधोगे, सातवें दिन विश्राम करना पड़ेगा। उस दिन तुम असाधु हो जाओगे। इसलिए तुम्हारे जो साधु है, उनके जीवन में असाधुता का क्षण होगा ही, क्यंकि तुम साधुता से भी थक चुके हो। एक दिन तो तुम्हें छुट्टी लेनी ही पड़ेगी। कृत्य को कोई सतत नहीं कर पाता है। उससे थकान अवश्य आएगी। इसलिए साधु भी छुट्टी पर होता है और अगर वह छुट्टी पर न हो तो तनाव बहुत बढ़ जाएगा।

इसलिए साधु के जीवन में भी असाधुता के क्षण होते हैं, और असाधु के जीवन में भी साधुता के क्षण होते हैं। तुम ऐसा पापी न पा सकोगे, जिसके जीवन में पुण्य का क्षण न हो, क्योंकि वह पाप से थक जाता है, तो विपरीत में विश्राम लेना पड़ता है। और तुम ऐसा पुण्यात्मा न पा सकोगे जिसके जीवन में पाप का क्षण न हो, क्योंकि वह पुण्य से थक जाता है तो पाप में विश्राम लेना पड़ता है। हमेशा विपरीत में जाकर डूबना पड़ता है, ताकि मन हल्का हो जाये।

प्रवचन-शिवसूत्र

ओशो

CamScanner

12:55 pm 98 KB/s 61%
facebook

♦ युवराज ने कहा - "पिता जी ! आप वृद्ध हो चले हैं, फिर भी मुझे राज नहीं दे रहे थे । मैंने आज रात ही आपके सिपाहियों से मिलकर आपका कत्ल करवा देना था । लेकिन इस नर्तकी ने समझाया कि पगले ! आज नहीं तो कल आखिर राज तो तुम्हें ही मिलना है, क्यों अपने पिता के खून का कलंक अपने सिर पर लेता है । धैर्य रख ।"

♦ जब ये सब बातें राजा ने सुनी तो राजा को भी आत्म ज्ञान हो गया । राजा के मन में वैराग्य आ गया । राजा ने तुरन्त फैसला लिया - "क्यों न मैं अभी युवराज का राजतिलक कर दूँ ।" फिर क्या था, उसी समय राजा ने युवराज का राजतिलक किया और अपनी पुत्री को कहा - "पुत्री ! दरबार में एक से एक राजकुमार आये हुए हैं । तुम अपनी इच्छा से किसी भी राजकुमार के गले में वरमाला डालकर पति रुप में चुन सकती हो ।" राजकुमारी ने ऐसा ही किया और राजा सब त्याग कर जंगल में गुरु की शरण में चला गया ।

♦ यह सब देखकर नर्तकी ने सोचा - "मेरे एक दोहे से इतने लोग सुधर गए, लेकिन मैं क्यूँ नहीं सुधर पायी ?" उसी समय नर्तकी में भी वैराग्य आ गया । उसने उसी समय निर्णय लिया कि आज से मैं अपना बुरा धंधा बन्द करती हूँ और कहा कि "हे प्रभु ! मेरे पापों से मुझे क्षमा करना । बस, आज से मैं सिर्फ तेरा नाम सुमिरन करुँगी ।"

♦ समझ आने की बात है, दुनिया बदलते देर नहीं लगती । एक दोहे की दो लाईनों से भी हृदय परिवर्तन हो सकता है । बस, केवल थोड़ा धैर्य रखकर चिन्तन करने की आवश्यकता है ।

♦ प्रशंसा से पिघलना नहीं चाहिए, आलोचना से उबलना नहीं चाहिए । नि:स्वार्थ भाव से कर्म करते रहें । क्योंकि इस धरा का, इस धरा पर, सब धरा रह जायेगा

8 3 comments • 2 shares
Like Comment Send Share
CamScanner

12:54 pm 31 KB/s VoLTE 4G 61%

♦ नर्तकी फिर वही दोहा दोहराने लगी तो राजा ने कहा - "बस कर, एक दोहे से तुमने वैश्या होकर भी सबको लूट लिया है ।"

♦ जब यह बात राजा के गुरु ने सुनी तो गुरु के नेत्रों में आँसू आ गए और गुरु जी कहने लगे - "राजा ! इसको तू वैश्या मत कह, ये तो अब मेरी गुरु बन गयी है । इसने मेरी आँखें खोल दी हैं । यह कह रही है कि मैं सारी उम्र संयमपूर्वक भक्ति करता रहा और आखिरी समय में नर्तकी का मुज़रा देखकर अपनी साधना नष्ट करने यहाँ चला आया हूँ, भाई ! मैं तो चला ।" यह कहकर गुरु जी तो अपना कमण्डल उठाकर जंगल की ओर चल पड़े ।

♦ राजा की लड़की ने कहा - "पिता जी ! मैं जवान हो गयी हूँ । आप आँखें बन्द किए बैठे हैं, मेरी शादी नहीं कर रहे थे और आज रात मैंने आपके महावत के साथ भागकर अपना जीवन बर्बाद कर लेना था । लेकिन इस नर्तकी ने मुझे सुमति दी है कि जल्दबाजी मत कर कभी तो तेरी शादी होगी ही । क्यों अपने पिता को कलंकित करने पर तुली है ?"

♦ युवराज ने कहा - "पिता जी ! आप वृद्ध हो चले हैं, फिर भी मुझे राज नहीं दे रहे थे । मैंने आज रात ही आपके सिपाहियों से मिलकर आपका कत्ल करवा देना था । लेकिन इस नर्तकी ने समझाया कि पगले ! आज नहीं तो कल आखिर राज तो तुम्हें ही मिलना है, क्यों अपने पिता के खून का कलंक अपने सिर पर लेता है । धैर्य रख ।"

♦ जब ये सब बातें राजा ने सुनी तो राजा को भी आत्म ज्ञान हो गया । राजा के मन में वैराग्य आ गया । राजा ने तुरन्त फैसला लिया - "क्यों न मैं अभी युवराज का राजतिलक कर दूँ ।" फिर क्या था, उसी समय राजा ने युवराज का राजतिलक किया और अपनी पुत्री को कहा - "पुत्री ! दरबार में एक से एक राजकुमार आये हुए हैं । तुम अपनी इच्छा से किसी भी राजकुमार के गले में वरमाला डालकर पति रुप में चुन सकती हो ।" राजकुमारी ने ऐसा ही किया और राजा सब त्याग कर जंगल में गुरु की शरण में चला गया ।

♦ यह सब देखकर नर्तकी ने सोचा - "मेरे एक दोहे से इतने लोग सुधर गए, लेकिन मैं क्यूँ नहीं सुधर पायी ?" उसी समय नर्तकी में भी वैराग्य

CamScanner

12:53 pm 14 KB/s 61%

♦ एक राजा को राज भोगते हुए काफी समय हो गया था। बाल भी सफ़ेद होने लगे थे। एक दिन उसने अपने दरबार में एक उत्सव रखा और अपने गुरुदेव एवं मित्र देश के राजाओं को भी सादर आमन्त्रित किया। उत्सव को रोचक बनाने के लिए राज्य की सुप्रसिद्ध नर्तकी को भी बुलाया गया।

♦ राजा ने कुछ स्वर्ण मुद्रायें अपने गुरु जी को भी दीं, ताकि यदि वे चाहें तो नर्तकी के अच्छे गीत व नृत्य पर वे उसे पुरस्कृत कर सकें। सारी रात नृत्य चलता रहा। ब्रह्म मुहूर्त की बेला आयी। नर्तकी ने देखा कि मेरा तबले वाला ऊँघ रहा है, उसको जगाने के लिए नर्तकी ने एक दोहा पढ़ा -
*"बहु बीती, थोड़ी रही, पल पल गयी बिताय।*
*एक पलक के कारने, क्यों कलंक लग जाय।"*

♦ अब इस दोहे का अलग-अलग व्यक्तियों ने अपने अनुरुप अलग-अलग अर्थ निकाला। तबले वाला सतर्क होकर बजाने लगा।

♦ जब यह बात गुरु जी ने सुनी तो उन्होंने सारी मोहरें उस नर्तकी के सामने फैंक दीं।

♦ वही दोहा नर्तकी ने फिर पढ़ा तो राजा की लड़की ने अपना नवलखा हार नर्तकी को भेंट कर दिया।

♦ उसने फिर वही दोहा दोहराया तो राजा के पुत्र युवराज ने अपना मुकट उतारकर नर्तकी को समर्पित कर दिया।

♦ नर्तकी फिर वही दोहा दोहराने लगी तो राजा ने कहा - "बस कर, एक दोहे से तुमने वैश्या होकर भी सबको लूट लिया है।"

♦ जब यह बात राजा के गुरु ने सुनी तो गुरु के नेत्रों में आँसू आ गए और गुरु जी कहने लगे - "राजा! इसको तू वैश्या मत कह, ये तो अब मेरी गुरु बन गयी है। इसने मेरी आँखें खोल दी हैं। यह कह रही है कि मैं सारी उम्र संयमपूर्वक भक्ति करता रहा और आखिरी समय में नर्तकी का मुज़रा देखकर अपनी साधना नष्ट करने यहाँ चला आया हूँ, भाई! मैं

CamScanner

12:52 pm 19 KB/s 4G 62%




289 10 comments • 87 shares • 1.9K views

Like Comment Send Share

**Raju Daiya**
सद्गुरु शरणम् गच्छामि ओशो शरणम् गच्छामि।

Like Reply

Write a comment...

**Ananda Kriya Yoga Home Study**

CamScanner

12:52 pm 15 KB/s VoLTE 4G 62%

कोई रूमी कहीं मिल गया होगा, कोई मंसूर कहीं मिल गया होगा। लेकिन तुम चूक गए। तुम देख नहीं पाए। तुम्हारी आंख पर चश्मा है। यह चश्मा तुम्हारे मन का है। यह मन तुम्हें देखने नहीं देता। यह मन तुम्हें गुरुओं को देखने ही नहीं देता, क्योंकि गुरु को देखना मन की मौत का प्रारंभ है।

को खोलै कपट-किवरिया हो
बिन सतगुरु साहिब।

और जब तक तुम सदगुरु को न देखोगे, कौन खोलेगा किवाड़ प्रभु के मंदिर के? कौन खोलेगा झरोखे, जिनसे तुम झांक सको शाश्वत को–उस परम रहस्यमय को, उस परम विस्मय को!

नैहर में कछु गुन नहिं सीख्यो
ससुरे में भई फुहरिया हो
तुम्हारी जिंदगी यूं ही जा रही है।
जनम गुजर जाते हैं, तुम कुछ सीखते ही नहीं।

नैहर में कछु गुन नहिं सीख्यो
ससुरे में भई फुहरिया हो
न तो नैहर में कुछ सीखा,न ससुराल आकर।
ससुराल में आकर और फूहड़पन आ गया।

अपने मन की कुलवंती
छुए न पावै गगरिया हो

और अपने अहंकार से तुम इतने भरे हो कि सागर को पाना तो दूर, गागर को पाना भी मुश्किल है। तुम अपने अहंकार से इतने भरे हो कि सागर तो कहां तुम्हारे भीतर जगह पाएगा, एक गागर को रखने की भी जगह नहीं है। गुरु गागर है; परमात्मा सागर है
🌹ओशो🌹

Osho Prem Naman 🙏💞
Osho international

CamScanner

12:52 pm 15 KB/s VoLTE 4G 62%

तुम अनेक बार बुद्धों के करीब आ गए हो और चूक गए। तुम कोई नये तो नहीं हो, शाश्वत यात्री हो। तुममें से कुछ जरूर गौतम बुद्ध के करीब से गुजरे होंगे; ऐसे ही किसी सुबह बैठ कर तुमने गौतम बुद्ध को सुना होगा। कुछ जीसस के पास से गुजरे होंगे; ऐसे ही किसी सुबह बैठ कर तुमने जीसस के वचन सुने होंगे। या जरथुस्त्र, या मोहम्मद, या कबीर, या कौन जाने कोई तुम में से पलटू के वचन भी सुना हो। तुम यहां सदा से हो। अनेक-अनेक रूपों में, अनेक देशों में, अनेक जातियों में तुम पैदा हुए हो। अनेक योनियों में तुम पैदा हुए हो। असंभव है यह बात कि इतनी लंबी यात्रा में कभी तुम किसी बुद्धपुरुष के पास से न गुजरे होओ। कोई नानक कहीं मिल गया होगा, कोई फरीद कहीं मिल गया होगा, कोई रूमी कहीं मिल गया होगा, कोई मंसूर कहीं मिल गया होगा। लेकिन तुम चूक गए। तुम देख नहीं पाए। तुम्हारी आंख पर चश्मा है। यह चश्मा तुम्हारे मन का है। यह मन तुम्हें देखने नहीं देता। यह मन तुम्हें गुरुओं को देखने ही नहीं देता, क्योंकि गुरु को देखना मन की मौत का प्रारंभ है।

को खोलै कपट-किवरिया हो
बिन सतगुरु साहिब।

और जब तक तुम सदगुरु को न देखोगे, कौन खोलेगा किवाड़ प्रभु के मंदिर के? कौन खोलेगा झरोखे, जिनसे तुम झांक सको शाश्वत को−उस परम रहस्यमय को, उस परम विस्मय को!

नैहर में कछु गुन नहिं सीख्यो
ससुरे में भई फुहरिया हो
तुम्हारी जिंदगी यूं ही जा रही है।
जनम गुजर जाते हैं, तुम कुछ सीखते ही नहीं।

नैहर में कछु गुन नहिं सीख्यो
ससुरे में भई फुहरिया हो
न तो नैहर में कुछ सीखा,न ससुराल आकर।
ससुराल में आकर और फूहड़पन आ गया।

अपने मन की कुलवंती

CamScanner

12:51 pm 17 KB/s VoLTE 4G 62%

आध्यात्मिक सफ़र [spiritual journey]

सुरजीत सिंह रिबॉर्न · 2d ·

"हम खोते हैं तो होते हैं.."

सत्य बड़ा बदत्मीज है और अगर बदतमीज है तो, उस बदतमीज सत्य के तर्क भी तर्क संगत नहीं लगेंगे क्योंकि, सत्य है ही ऐसा जो सारी धारणाओं को तोड़ दे और अगर धारणा टूट रही है तो उसमे तर्क बचता ही कहां है।
वहां तो सत्य जैसा है ..वैसा ही दिखाई देता है..

CamScanner

12:50 pm 12 KB/s 4G 62%

**Osho international**
1h ·

मृत्यु कीमती चीज है। अगर दुनिया में मृत्यु न होती तो संन्यास न होता। अगर दुनिया में मृत्यु न होती तो धर्म न होता। अगर दुनिया में मृत्यु न होती तो परमात्मा का कोई स्मरण न होता, प्रार्थना न होती, पूजा न होती, आराधना न होती; न होते बुद्ध, न महावीर, न कृष्ण, न क्राइस्ट, न मोहम्मद। यह पृथ्वी दिव्य पुरुषों को तो जन्म ही न दे पाती, मनुष्यों को भी जन्म न दे पाती। यह पृथ्वी पशुओं से भरी होती है। यह तो मृत्यु ने ही झकझोरा। मृत्यु की बड़ी कृपा है, उसका बड़ा अनुग्रह है। मृत्यु ने झकझोरा, याद दिलाई। बुद्ध को भी स्मरण आया था, मृत्यु को ही देखकर। एक मरे हुए आदमी की लाश को देख कर पूछा था अपने सारथी से, इसे क्या हो गया?

उस सारथी ने कहा कि यह आदमी मर गया। बुद्ध ने कहा, क्या मुझे भी मरना होगा? सारथी झिझका, कैसे कहे? बुद्ध ने कहा, झिझको मत। सच-सच कहो, झूठ न बोलना। क्या मुझे भी मरना होगा? मजबूरी में सारथी को कहना पड़ा कि कैसे छिपाऊं आपसे! आज्ञा तो यही है आपके पिता की कि आपको मौत की खबर न होने दी जाए, क्योंकि बचपन में आपके ज्योतिषियों ने कहा था कि जिस दिन इसको मौत का स्मरण आएगा, उसी दिन यह संन्यस्त हो जाएगा। मगर झूठ भी कैसे बोलूं! मृत्यु तो सबको आएगी। आपको भी आएगी, मालिक! मृत्यु से कोई कभी बच नहीं सका है। मृत्यु अपरिहार्य है।

बुद्ध ने उसी रात घर छोड़ दिया, क्रांति घट गई। जब मृत्यु होने ही वाली है तो हो ही गई; तो जितने दिन हाथ में हैं इतने दिनों में हम उसको खोज लें जो अमृत है।
🌹ओशो🌹

Osho Prem Naman 🙏💞
Osho international

CamScanner

12:50 pm 14 KB/s 62%

facebook

419 37 comments

Like Comment

**Osho Osho**
2h ·

स्त्री को तो शरीर के पार के देखने की सुविधा है।
उसके पास एक झरोखा है, जहां से वह देह को भूल जाती है और परमात्मा को देख लेती है। पुरुषों ने नहीं समझाया है स्त्री को कि पति परमात्मा है। यह स्त्रियों की प्रतीति है; कि जिसको भी उन्होंने प्रेम किया उसमें परमात्मा देखा। जहां प्रेम की छाया पड़ी, वहीं परमात्मा प्रगट होता है। जहां प्रेम की भनक आयी, वहीं परमात्मा के आने का प्रारंभ हो जाता है। प्रेम की पगध्वनि में परमात्मा की पगध्वनि अपने आप सुनायी पड़ने
लगती है।

ओशो
एस धम्मो सनंतनो-(प्र-06)

CamScanner

स्त्रियों की प्रतीति है; कि जिसको भी उन्होंने
प्रेम किया उसमें परमात्मा देखा।
ओशो अहोभाव
एस धम्मो सनंतनो
(प्र-06)

CamScanner

#viralvideoreels #explorereels #viralshort #ex... See more

294 13 comments • 42 shares • 5.4K views

Like Comment Send Share

**Osho Rishi Valley. Shimla** is 😇

CamScanner

12:49 pm 13 KB/s VoLTE 4G 62%

12m ·

तिब्बत में बारदो नाम की प्रक्रियाएं हैं। मरते हुए आदमी को बौद्ध भिक्षु बारदो की प्रक्रिया करवाते हैं। जब वह मर रहा होता है, तब उसे सब सुझाव देते हैं कि- देख, अब तेरा शरीर छूट रहा है। अब तू स्मरण से भर कि तेरा शरीर छूट रहा है। अभी यह देह हट जाएगी तू स्मरण कर, तू होशपूर्वक मर कि अब तेरे साथ जो देह है वह भौतिक देह नहीं है, सूक्ष्म देह है। अब तूने शरीर छोड़ दिया अब तेरे सामने विकल्प हैं कि तू किस तरह से गर्भ को ग्रहण करे। ऐसे सब सुझाव बारदो की प्रकिया में मरते हुए आदमी को दिए जाते हैं।
और तिब्बत ने जितनी गहरी खोज मृत्यु के संबंध में की है किसी दूसरी जाति ने नहीं की है। आदमी मर रहा है और भिक्षु यह सुझाव दे रहा है। आखिरी क्षण तक जब शरीर छूट रहा है तब तक वह सुन रहा है भिक्षु को। यहां आदमी मर जायेगा और भिक्षु बोले चला जायेगा। तुम कहोगे कि अब तुम किससे बोल रहे हो अब बंद करो, आदमी तो मर गया। लेकिन भिक्षु अभी बोले चला जायेगा, क्योंकि अब तुम्हें मर गया है आदमी लेकिन भिक्षु को अभी भी नहीं मर गया है। और यह आदमी अभी भी सुन रहा है क्योंकि इससे कोई भी फर्क नहीं पड़ता कि शरीर छूट गया है यह अभी भी सुन रहा है।
और इसके अगले जन्म को प्रभावित किया जा सकता है कि कैसा गर्भ ग्रहण करे। और इसे इस जन्म के मोह और आसक्ति से मुक्त किया जा सकता है और इन क्षणों में इस आदमी को पूरी याद दिलाई जा सकती है कि तू शरीर नहीं है जो कि किसी और क्षण में याद दिलाना बहुत कठिन है-क्योंकि अब यह पायेगा की मैं हूँ और शरीर अलग पड़ा है। भिक्षु कहेगा कि देख अब तू ऊपर है और शरीर नीचे पड़ा है, गौर से देख। इसी शरीर के साथ तूने अपने को एक समझ रखा था और अब तेरे मित्र, प्रियजन इस शरीर को मरघट ले जाएंगे और तू पीछा कर। वहां तू इसे जलता देख, वहां यह राख हो जाएगा, फिर भी तेरे होने में रत्तीभर कमी नहीं पड़ती। स्मरण रखना इसको आगे यात्रा में। दुबारा शरीर के साथ ग्रस्त मत होना। अगले जन्म में पहले ही क्षण से स्मरण रखना कि तू शरीर नहीं है। सब कहेंगे कि तू शरीर है लेकिन तू अपनी स्मृति को मत खोना। तुम अपनी स्मृति को उनके सुझाव से ढकने मत देना।
प्रवचन- शिवसूत्र
ओशो

CamScanner

12:46 pm 13 KB/s 63%

62 · 9 comments • 5 shares

Like · Comment · Send · Share

**ओशो,मेरा मुझमे कुछ नही**

6d ·

विराट को पकड़ो क्षुद्र अपने आप छूट जाता है,

'प्रेम' की दिव्यता में डूबों 'काम' अपने से धुआ बन उड़ जायेगा,

प्रेम सहज योग है।

"ध्यान" भी मुक्ति है ,
यदि 'साक्षी' जाग जाये!

निर्विचार चित्त किसी प्रकार की कल्पना नहीं करता ,

कल्पना शून्य होते ही वासना तिरोहित हो जाती है।

ॐ ओशो प्रेम प्रणाम ॐ

6 · 1 comment

Like · Comment · Send · Share

**Pooja A Shah - Life Coach**

Sponsored ·

Sign Up Now
FREE Awareness Webin




CamScanner

CamScanner

12:42 pm 13 KB/s VoLTE 4G 64%

**Osho Rishi Valley. Shimla**

**Osho Rishi Valley. Shimla** is 😇 feeling blessed.

13h ·

ओशो कहते हैं - परमानंद तुम्हारा सबसे आंतरिक मूल है। आनंद आपको दूसरों से भीख मांगना पड़ता है। स्वाभाविक रूप से, आप निर्भर हो जाते हैं। परमानंद आपको एक मास्टर बनाता है। परमानंद कुछ ऐसा नहीं है जो होता है; यह पहले से ही मामला है।

Rate this translation




Write a comment...

CamScanner


प्रत्येक मनुष्य 'उसका'
मंदिर है। कहीं और मंदिर
खोजने मत जाना, नहीं तो
असली मंदिर से वंचित
रह जाओगे।
~ओशो
Oshoravi

CamScanner


पहाड़ की ऊंचाई से नीचाइयों की तरफ देखना आसान है,
नीचाइयों से ऊंचाइयों की तरफ देखना कठिन है।
जितने हम नीचे होते हैं, उतनी हमारी चेतना नैरोड,
संकीर्ण हो जाती है;
जितने हम ऊंचे होते हैं, उतनी विस्तीर्ण हो जाती है।
तो कृष्ण को तो देखना आसान है कि वे देख लें सबको।
लेकिन सब को देखना कठिन है कि वे कृष्ण को देख लें।
हां, जो कृष्ण की थोड़ी-सी भी झलक देख ले,
वह समर्पण के लिए राजी हो जाएगा।
क्योंकि वह देखेगा कि पास में एक विराट खड़ा है।
और तब वह अपने छोटे-से अहंकार और अपनी छोटी-सी
बुद्धि से नहीं जीएगा; तब वह समर्पण करके जीना शुरू कर देगा।
और जब वह समर्पण करके जीएगा, तब वह जानेगा;
तब वह जानेगा कि जो कहा गया था, वही हुआ है।
जो कहा गया था, वही हो रहा है।
अन्यथा कुछ होता नहीं है।
अन्यथा कुछ भी नहीं होता है।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7.प्र.87/30कामना और प्रार्थना
0sh0

CamScanner

12:28 pm 33 KB/s 66%

Osho Osho

1h ·

प्रेम का जो विकास है, वह काम की शक्ति का ही रूपांतरण है। दूर दूर रहकर जो प्रेम है, वह अलग है, उससे प्रकृति का निर्माण नहीं हो सकता। और संभोग एक प्राकृतिक क्रिया है, बगैर उसके प्रकृति का बने रहना संभव नहीं। स्वस्थ संभोग स्वस्थ प्रकृति के जरूरी है। और स्वस्थ संभोग तभी संभव है, जब उसे पाप या जहर न बताया जाए।

जैसे कोयला रूपांतरित होकर हीरा बन जाता है। हीरे और कोयले में कोई फर्क नहीं है। हीरे में भी वे ही तत्व हैं जो कोयले में हैं। कोयला एक लंबी प्रक्रिया से गुजर कर हीरा बन जाता है। कोयले की शक्ति ही हीरा बनती है। और अगर आप कोयले के दुश्मन हो गए.. तो हीरे के पैदा होने की संभावना भी समाप्त हो गई, क्योंकि कोयला ही हीरा बन सकता था।

सेक्स की शक्ति ही, काम की शक्ति ही प्रेम बनती है। धीमे-धीमे धरती की गर्मी से तपता रहता है, तब जाकर हीरा बन पाता है। यह भी एक तरह का संभोग ही है। ठीक वैसे ही जैसे औरत की गर्मी से आदमी धीर-धीरे तपता रहे तो, उस संभोग की यात्रा से प्रेम निकल सकता है।

ओशो

CamScanner

7

**Sohit Kumar Sen**
Atma aur kuchh nhi wo param chetna hi hai usse alag nhi hai
Swaroop iska nirakar nirvikar hai yah maya ya prakrati se pare hai
Yah swayam mai ot prot hai jis tarah makdi jaal bnati hai usme vichran karti hai fir use hi nigal jati hai ese hi parmatma maya nirman karta hai usme vichran karta hai aur khud maya ka bhanjan karta hai yah khud hi khud ka srot hai bs swaroop parivartan hota hai ye tha hai aur rahega
Jese energy $e=mc^2$
Parmatma pahle maya ka nirman karta hai fir maya ke dwara hi shrasti rachi jati hai....
💐❤️🙏 achha prashn hai apka

4h Like Reply 2 ❤️

**Gaurav Rai Dilse** Sohit Kumar Sen Chetna sharir...

**हरि और हाइड्रोजन**
आत्मा परमात्मा की ही एक प्रजाति 🙏

3h Like Reply

**Gaurav Rai Dilse**
Atma kuch nahi h. Chetna sharir aur Parmatma hai. Ek sikke k 3 pehlu hai. Ek paheli h. Jo nirakar hai. Aur do saakaar hai.

5m Like Reply

**Sunil Humane**
Atma.parmatan
pahale.swaym.k
r.sakta..hai.




3h Like Reply

Write a comment...

CamScanner

12:23 pm 19 KB/s VoLTE 4G 67%

geetmanjusha.com/lyrics

Hindi Songs's Lyrics

Lyrics

# Zindagi Khwab Hai / ज़िन्दगी ख्वाब है

रंगी को नारंगी कहे, बने दूध को खोया
चलती को गाडी कहे, देख कबीरा रोया

ज़िन्दगी ख्वाब है
ख्वाब में झूठ क्या और भला सच है क्या
सब सच है

दिल ने हम से जो कहा, हम ने वैसा ही किया
कितने जन्मों की लम्बी यात्रा है ।
हिंदू कहते हैं, चौरासी करोड़ योनियों में तुम एक ही
चीज को खोज रहे हो कि गंध कहां से आ रही है ?
आनंद कहां से मिलेगा ?
जीवन का राज कहां छिपा है । परमात्मा कहां है ?

और कबीर कहते हैं ,
' कस्तूरी कुंडल बसै ।
तेरा साईं तुज्झ में, जागि सकै तो जाग । '

ओशो : घूंघट के पट खोल--प्रवचन -04

CamScanner

10:39 pm VoLTE 4G 34%

पश्चिम में लोग मजाक करते हैं ।
पूरब के योगियों को कहते हैं , ' वे लोग जो अपने नाभि में टकटकी लगाकर देखते रहते हैं । '
वहां क्या रखा है ? वहीं सब कुछ रखा है ।
तुम्हें शायद पता नहीं कि
मां के गर्भ में तुम नाभि से ही मां से जुड़े थे ।
नाभि तुम्हारे जीवन का केन्द्र है ।
वहीं से मां की जीवन-ऊर्जा तुम्हारे जीवन में प्रवाहित हो रही थी । फिर तुम तैयार हो गये ,
मां की जीवन-ऊर्जा की जरूरत न रही ,
तो नाल काट दी गई । तुम मां के गर्भ से बाहर आ गये ।
लेकिन तुम्हारी नाभि से एक अदृश्य नाल अभी भी परमात्मा से जुडी़ है । एक रजतरेखा तुम्हें जोड़े हुए है अस्तित्व से । तुम नाभि से ही जुड़े हो ।
नाभि में ही तुम्हारी जड़ है ।
न केवल शरीर के अर्थों में तुम नाभि से जुड़े हो ।
आत्मा के अर्थों में भी तुम नाभि से ही जुड़े हो ।

जिन लोगों को कभी शरीर के बाहर जाने का अनुभव हुआ है -- कई बार हो जाता है , कभी तो दुर्घटना में हो जाता है कि कोई आदमी ट्रेन से गिर पडा़ और उस झटके में उसकी आत्मा शरीर के बाहर निकल गई -- तो जिन लोगों को भी ऐसा अनुभव हुआ है दुर्घटना में , या योग की साधना में , या जान-बूझकर जो प्रयोग कर रहे थे शरीर के बाहर जाने का , उन सभी को एक बात दिखाई पडी़ है , और वह यह कि उनकी आत्मा कितनी ही दूर चली जाए , एक रजतरेखा नाभि से जुडी़ ही रहती है । अगर वह टूट जाये , फिर वापस शरीर में लौटने का उपाय नहीं रह जाता । वह कितनी ही ऊंचाई पर उड़ जाये , लेकिन वह रजत-रेखा बडी़ लोचपूर्ण है , वह खिंचती जाती है । वह कोई पदार्थ नहीं है ;
वह सिर्फ शुद्ध विद्युत-ऊर्जा है , इसलिए शुभ्र चांदी की भांति दिखाई पड़ती है ।

CamScanner



तेरा साईं तुज्झ में ,
जागि सकै तो जाग ।
कस्तूरी कुंडल बसै ,
मृग ढूढ़ै वन माहिं ।
घूंघट के पट खोल
( कबीर-वाणी पर ओशो प्रवचन )


CamScanner

10:35 pm 34%

#Zarathustra

All Videos Posts People Groups Reels E

और #दरिया कहते हैं: लोग कुछ भी मानते रहें, दरिया झूठ सो झूठ है, सांच सो सांच!

विश्वासों से मुक्त होना है और अनुभव की तलाश करनी है। सिद्धांतों से मुक्त होना है और स्वानुभूति में उतरना है। चित्त को निर्विचार करना है। ये विचार के चश्मे हैं, जो हर चीज को रंग देते हैं और हमारी देखने की क्षमता ही खो जाती है। जब चित्त निर्विचार होता है तो वह नजर पैदा होती है जो आर-पार देख लेती है। और तब सत्य के सिवाय कुछ भी नहीं बचता है। तब तुम जानते हो कालातीत को, समयातीत को। और जिसने समयातीत को जाना, वह समयातीत हो जाता है। जिसने कालातीत को जाना वह कालातीत हो जाता है। वह अमृत को उपलब्ध हो जाता है। वेद कहते हैं: अमृतस्य पुत्र:! तुम अमृत के पुत्र हो।

मगर मृत्यु को तुमने अपना सब कुछ मान रखा है, क्योंकि परिवर्तनशील को पकड़ कर बैठे हो। परिवर्तनशील को छोड़ो और अपने भीतर उसको तलाशो जो कभी नहीं बदलता। तुम्हारे भीतर क्या है जो नहीं बदलता? शरीर तो रोज बदलता है, मन तो प्रतिपल बदलता है। हृदय तो और भी जल्दी बदलता है। ये तीन तुम्हारी पर्तें हैं। और इन तीन के पार तुम्हारा जाग्रत चैतन्य है, तुम्हारा होश है। वह होश कभी नहीं बदलता। तुम जब बच्चे थे, तब भी वही होश था। फिर तुम जवान हुए, तब भी वही होश है। बूढ़े हो जाओगे, तब भी वही होश है। जीते जी भी वही होश है; और काश तुम मरते क्षण भी उस होश को सम्हाले रहो, फिर तुम्हारी कोई मृत्यु नहीं है। फिर तुम उस सूत्र को पकड़ लिए, जो मिटता ही नहीं।

एक ही चीज शाश्वत है, वह चैतन्य है। वही है #सच्चिदानंद। उसकी ही तलाश करनी है। उसकी ही तलाश में सारा जीवन लगा देना है।

– ओशो

सांच सांच सो सांच
प्रवचन - ०१
हे कोई शंख टटाई

CamScanner

# जरथुस्त्र से मुझे प्रेम हैं!

जरथुस्त्र से मुझे प्रेम है, क्योंकि जरथुस्त्र जैसा कोई व्यक्ति पृथ्वी पर शायद दूसरा नहीं हुआ। बुद्ध में कुछ न कुछ जीवन-निषेध है महावीर में तो बहुत कुछ जीवन-निषेध है। जीवन का इनकार कहीं न कहीं है। लेकिन जरथुस्त्र में जीवन की परम विधायकता है, जीवन का परिपूर्ण स्वीकार है। जीवन ही ढंग से जीने का नाम धर्म है। इसलिए जरथुस्त्र ने जो काम किया है, वह मेरे काम से बहुत मिलता-जुलता है।

**ओशो**

सांच सांच सो सांच - १

CS CamScanner


EkKadamSafaltakiOrr
कल तक मैं चालाक था,इसलिए दुनिया को
बदलना चाहता था। आज मैं बुद्धिमान हूँ,
इसलिए खुद को बदल रहा हूँ~रुमी
एक कदम सफलता की ओर

CamScanner




CamScanner

11:28 pm 27%

22h ·

हमने ज्ञानियों को परमहंस कहा है। तुमने कभी समझा, क्यों? दो कारणों से। एक तो हंस सार को असार से अलग कर लेता है। और दूसरा, हंस सभी दिशाओं में गतिवान है। वह जल में तैर सकता है, जमीन पर चल सकता है, आकाश में उड़ सकता है। उसके स्वातंत्र्य पर कहीं कोई सीमा नहीं है। जमीन हो तो चल लेता है। सागर हो तो तैर लेता है। आकाश हो तो उड़ लेता है। तीनों आयामों में, तीनों डायमेंशन्स में उसके लिए कहीं कोई रुकावट नहीं है। जिस दिन तुम सार और असार को पहचानने लगोगे, उस दिन तुम्हारा स्वातंत्र्य भी इतना ही अपरिसीम हो जाएगा जैसा हंस का। इसलिए हमने ज्ञानियों को परमहंस कहा है।

न जानने से ही बंधे हो। जमीन पर ही ठीक से रहना नहीं आता, पानी पर चलने की तो बात अलग! आकाश में उड़ना तो बहुत दूर! शरीर में ही ठीक से रहना नहीं आता, मन की तो बात अलग, आत्मा की तो बात बहुत दूर!

शरीर यानी जमीन। मन यानी जल। आत्मा यानी आकाश। इसलिए मन जल की तरह तरंगायित। शरीर थिर है पृथ्वी की तरह। सत्तर साल तक डटा रहता है। गिर जाता है उसी पृथ्वी में जिससे बनता है। मन बिलकुल पानी की तरह है। पारे की तरह कहो। छितर-छितर जाता है। आत्मा आकाश की तरह निर्मल है। कितने ही बादल घिरे, कोई बादल धुएं की एक रेखा भी पीछे नहीं छोड़ गया। कितनी ही पृथ्वियां बनीं और खो गयीं। कितने ही चांद-तारे निर्मित हुए और विलीन हो गए। आकाश कूटस्थ है, अपनी जगह, हिलता-डुलता नहीं।

शरीर में ही रहना तुमसे नहीं हो पाता, मन की तो बात अलग। मन में जाते ही चिंता पकड़ती है। विचारों का ऊहापोह पकड़ता है। आत्मा तो फिर बहुत दूर है। क्योंकि आत्मा यानी निर्विचार ध्यान, आत्मा यानी समाधि-आकाश, मुक्त, असीम।

🌺आचार्य रजनीश ओशो🌺

एस धम्मो संनतनो--( भाग 2)

CamScanner


ahobhav_
ओशो अहोभाव
अंदर की यात्रा तभी शुरू होती है जब आप
यह स्पष्ट रूप से समझ लेते हैं कि बाहर की
कोई भी चीज़ आपको संतुष्टि नहीं देगी।

CamScanner




CamScanner




CamScanner


इस ब्रह्मांड का एक बहुत
बड़ा नियम काम
करता है! अगर तुम किसी
को गाली भी दोगे!
तो ज़रूरी नहीं कि, वहीं
आदमी आपको पलटकर
"गाली दे.!
हो सकता है उसकी इतनी
सामर्थ्य ना हो! पर
अस्तित्व इसको छोड़ता
नहीं! किसी दूसरे
द्वारा उसको गाली मिलेगी,
लेकिन मिलेगी जरूर.!
ओशो

CamScanner

CamScanner




CamScanner




CamScanner


anamcara Rames
कोई भाषा
परमात्मा की नहीं है।
सब भाषायें आदमी की हैं।
परमात्मा की भाषा
तो मौन है।
Osho
अष्टावक्र: महागीता--(प्रवचन--45)
धर्म एक आग है—प्र.15

CamScanner


जो हमें मिला है,
उसका हमें कोई भी स्मरण नहीं है।
जो हमें नहीं मिला है,
उसका हमें बहुत तीव्र बोध है।
वह कांटे की तरह छाती में चुभता रहता है।
धार्मिक आदमी ऐसी प्रार्थना करने नहीं जाता मंदिर में,
जिसमें कुछ मांगता हो।
इस बात का धन्यवाद देने जाता है
कि जो तूने दिया है,
वह मेरी सामर्थ्य से भी ज्यादा है।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7 प्र.87/30कामना और प्रार्थना
0sh0

CamScanner

# नथनी

एक बार कबीरदास जी हरि भजन करते एक गली से निकल रहे थे। उनके आगे कुछ स्त्रियाँ जा रही थीं। उनमें से एक स्त्री की शादी कहीं तय हुई होगी तो उसके ससुरालवालों ने शगुन में एक नथनी भेजी थी। वह लड़की अपनी सहेलियों को बार-बार नथनी के बारे में बता रही थी कि नथनी ऐसी है वैसी है। ये ख़ास उन्होंने मेरे लिए भेजी है। बार बार बस नथनी की ही बात।

उनके पीछे चल रहे कबीरजी के कान में सारी बातें पड़ रही थीं। तेजी से कदम बढ़ते कबीर उनके पास से निकले और कहा-

**नथनी दीनी यार ने, तो चिंतन बारम्बार,**
**नाक दिनी करतार ने, उनको दिया बिसार।**

सोचो यदि नाक ही ना होती तो नथनी कहां पहनती ! यही जीवन में हम भी करते हैं। भौतिक वस्तुओं का तो हमें ज्ञान रहता है परंतु जिस परमात्मा ने यह दुर्लभ मनुष्य देह दी और इस देह से संबंधित सारी वस्तुऐं, सभी रिश्ते-नाते दिए, उसी को याद करने के लिए हमारे पास समय नहीं होता ।

CS CamScanner

लाखों लोग पीड़ित हैं:
वे प्यार पाना चाहते हैं।
लेकिन वे नहीं जानते कि
प्यार कैसे करें। और प्रेम
एकालाप के रूप में मौजूद
नहीं हो सकता; यह एक
संवाद है, बहुत सामंजस्यपूर्ण
संवाद है।
ओशो अहोभाव

CamScanner


जिस दिन मनुष्य का चित्त
"स्वस्थ्य होगा.!!
उस दिन.. बादशाहतें नहीं
होंगी, जो स्वस्थ्य हुए!
उनसे बादशाहतें सदा ही,

CamScanner

11:21 pm 28%

Like Comment Send Share

**ओशो - जीवन-मृत्यु**

दिनेश कौशिक · 13h ·

एक बार तैमूर और बैजद के बीच भयंकर युद्ध हुआ! उनके बीच हुई एक चर्चा मुझे स्मरण आती है।

सुलतान बैजद युद्ध में हार गया था! और विजेता तैमूर के समक्ष बंदी बनाकर लाया गया था। उसे देख कर अनायास ही तैमूर जोर से हंसने लगा था। इस पर अपमानित बैजद ने बडे अभिमान से सर उठा कर कहा था: "जंग में फतह पाकर इतना गर्व मत करो तैमूर, याद रखो कि दूसरे की शिकस्त पर हंसने वाला एक दिन खुद अपनी शिकस्त पर आंसू बहाता है!"

सुलतान बैजद काना था और तैमूर लंगडा। काने बैजद की बात सुन कर लंगडा तैमूर और दुगनी तेजी से हंसने लगा और बोला: "मैं इतना बेवकूफ नहीं कि इस छोटी सी जीत पर हंसूं! मुझे तो अपनी और तुम्हारी स्थिति पर हंसी आ रही है! देखो न, तुम काने और मैं लंगडा! मैं तो यह सोच कर हंसा कि खुदावंद हम-तुम जैसे लंगडों-कानों को क्यों बादशाहतें देता है? "

मैं कब्र में सोए तैमूर से कहना चाहता हूं: "यह दोष खुदावंद का नहीं है। वस्तुत: लंगडों-कानों के अतिरिक्त और कोई बादशाहतें पाने को उत्सुक ही नहीं होता है।"

क्या यह सत्य नहीं है कि जिस दिन मनुष्य-चित्त स्वस्थ होगा, उस दिन बादशाहतें नहीं होंगी? क्या यह सत्य नहीं है कि जो स्वस्थ हुए हैं, उनसे बादशाहतें सदा ही छूटती रही हैं?

ओशो..✍️

CamScanner

11:19 pm 28%
248 3 comments • 20 shares
Like Comment Send Share

**Osho Human Being To Be.In.God**
12m ·

जीवन में जो भी सुंदर है वह अकेले में ही खिलता है, फूलता है, सुगंधित होता है। जीवन में जो भी श्रेष्ठ है वह सब अकेले में पैदा हुआ है। भीड़ ने कुछ भी महान को जन्म नहीं दिया--न कोई गीत, न कोई सौंदर्य, न कोई सत्य, न कोई समाधि। नहीं, भीड़ में कुछ भी पैदा नहीं हुआ। जो भी जन्मा है, एकांत में, अकेले में जन्मा है।

लेकिन हम अकेले होते ही नहीं। हम सदा भीड़ में घिरे हैं। या तो बाहर की भीड़ से घिरे हैं या भीतर की भी भीड़ से घिरे हैं। भीड़ से हम छूटते ही नहीं। क्षण भर को अकेले नहीं होते। इसलिए जो भी महत्वपूर्ण है जीवन में, वह चूक जाता है।

समाधि में तो केवल वे ही जा सकते हैं, जो बाहर की ही भीड़ से नहीं, भीतर की भीड़ से भी मुक्त हो जाते हैं, बस अकेले रह जाते हैं। निपट अकेले, टोटली अलोन, कुछ है ही नहीं, बस अकेला हूं, अकेला हूं, अकेला हूं। सत्य भी यही है। अकेले ही जन्मते हैं, अकेले ही मरते हैं, अकेले ही होते हैं, लेकिन भीड़ का भ्रम पैदा कर लेते हैं कि चारों तरफ भीड़ है। उस भीड़ के बीच इस भांति खो जाते हैं कि कभी पता ही नहीं चलता कि मैं कौन हूं।

आचार्य रजनीश ओशो

*समाधि के द्वार पर*

CamScanner


यह संसार एक विद्यालय है
संसार बुरा नहीं है, विद्यालय है।
इसको घृणा मत करना।
यह अस्तित्व की देन है।
ओशो...

CamScanner




CamScanner

11:18 pm 28%

अमेय विक्रमा · 1d ·

तीसरा नेत्र (third I) कोई नेत्र नहीं जो इसे नाम दे दीया गया तीसरी आंख का यह वही परमात्मा है जो सभी के ही भीतर विद्यमान है !

और आपके संपर्क में आने वाले को पहले ही पहचान जाता है की इसकी वास्तविकता क्या है !

सामने वाला व्यक्ति अपने आप को लाख छुपा ले और आपसे जिस भी बनावटी प्रयोजन सहित ही क्यों ना आया हो !
आपके भीतर का यही परम तत्त्व सामने वाले को पहचान लेगा जिसे ही दिव्या दृष्टी का भी नाम दिया गया है , यह सत्य भी है ! यह वही परम चेतना है जिसे आपने जाग्रत कर लिया है और वह अपना कार्य करने लगा जब यह परम् चेतना जागृत होती है आप कम से कम लोगों की संगति में होने लगते हैं आपको हर किसी का संग या बात करना पसंद नहीं आयेगा !
ज़रुरी नहीं की आप जिससे पहले इतने घुले मिलन सार थे अब भी वैसे ही उसके साथ रहें ,
दृष्टी का कार्य किसी को पास लाना या दूर करना नहीं है यह वही चेतना शक्ति है जो जाग्रत होने पर
आपके फायदे नुकसान दोनों को ही आपके संपर्क में आने से पहले ही आपको चेता देती है ,!

और आप सतर्क हो जाते हैं , इसे केवल दृष्टी नहीं समझें दृष्टी का कार्य केवल देखना होता है, उसे देख कर समझने का कार्य वह दृष्टी नहीं आपकी बुध्दि ही करेगी इसीलिए आप ज्यादातर लोगों के संपर्क से कटना सुरु हो जाते हैं , क्योंकि यह आपको निगेटिव परसन के संपर्क में रहने ही नहीं देगी क्योंकि यह वही परम शक्ति है परम् चेतना है !

जिसे आपने जाग्रत कर लिया है यह आपका आगे का मार्ग दर्शक दिव्य प्रकाश के रूप में आपके हर क्षण आपके साथ होगा 😊🌹🙏

॥ ❤️ हर हर महादेव ❤️॥

CamScanner

11:17 pm 28%

लेकिन इस बात को मन हर एक इंसान को कहते देखा है.

लेकिन वो परमात्मा कोन है कैसा है कोई नही जानता.
बस मानने को मानते है.

कहते है वो सबके अंदर होता है.
लेकिन वो कैसे सबके अंदर होता है.
वो क्या है ये भी नही पता
बस मानने को मानते है.

तो इसे देखते हुए कुछ मेरे जैसे लोग जो स्वयं विचार रखते है.
काफी सोचा ऊस परमात्मा को
कैसे पता चलता है.
मैं क्या करता हू
मै क्या सोचता हु
ये जरूर पास मे ही होना चाहिए.
पास मे क्या अंदर ही होना चाहिए,
वर्णा मैं कैसे जानता हू.
कोण मेरे बारे मे किस तरह की सोच रखता है.

अगर कोई मेरे बारे मे बुरा भी सोचता होगा, तो पता नहीं हम लोग ऊस व्यक्ती से दूर रहणे लगते है.

भले ही उस व्यक्ती ने हमे कभी ना बोला हो लेकीन हमे फिर भी पता चल जाता है
सामने वला आदमी किस तरह का है.

वैसे ही सामने वाले को भी पता चल जाता है हम किस तरह के व्यक्ती है .

इस लिए किसी के बारे मे बूरा सोचने से पहले
अंदर ही एक बार सोच लीजिये परमात्मा सब जाणता है
वो सामने वाला भी एक दिन जान जायेगा.

#आपका_मित्र_वैभव

CamScanner

गौतम बुद्ध ने कहा था-
जिस दिन हम ये समझ जायेंगे कि
सामने वाला गलत नहीं है
सिर्फ उसकी सोच हमसे अलग है,
उस दिन जीवन से सब दुःख
समाप्त हो जायेंगे...

CamScanner




CS CamScanner


'इम्तिहान और भी बाकी हैं क्या,
क्या है, जो मैंने सहा नहीं?'
कोई इम्तिहान बाकी नहीं है।
अगर तुमने जो सहा है, उसे मूर्च्छा में नहीं सहा है
तो फिर कोई इम्तिहान बाकी नहीं है।
तुमने जो सहा है, अगर होशपूर्वक सह लिया है
तो तुम आ गए हो साक्षी के किनारे;
वह घटना घटने के ही करीब है,
किसी भी क्षण घट सकती है।
अष्टावक्र: महागीता-प्रवचन-16
धर्म है जीवन का गौरी शंकर
छठवां प्रश्न
आचार्य श्री रजनीश
ओशो
anamcara Rames
OSHO

CamScanner




CamScanner


मैं निरंतर कहता हूं
कि इस आखिरी क्षण तक भी जीसस क्राइस्ट नहीं थे।
इस आखिरी क्षण तक वे जीसस ही थे।
लेकिन यह आखिरी वक्तव्य,
एक सेकेंड में सब दुनिया बदल गई।
वह आंख से दो आंसू का गिर जाना
और जीसस का कहना,
दाय विल बी डन, तेरी मर्जी पूरी हो।
और फिर प्रसन्न हो जाना और
उस सूली पर ऐसे झूल जाना, जैसे वह झूला हो।
वह जीसस, क्राइस्ट हो गए उसी क्षण।
उसी क्षण वे मनुष्य न रहे,परमात्मा हो गए।
जिस क्षण कोई व्यक्ति अपने को
परमात्मा की शरण में छोड़ देता है,
उसी क्षण परमात्मा के साथ एक हो जाता है।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7.प्र.88/31
धर्म का सार: शरणागति0sh0

CamScanner

CamScanner

CS CamScanner

11:05 pm VoLTE 4G 30%

बोधिधर्म ने कहा जल्द ही पता चल जाएगा। मेरे लोगों से मिलो तो बस इतना कह देना की हम हमेशा के लिए हिमालय में जा रहे हैं।

अधिकारी जितनी जल्दी हो सके तुरंत पहुंच गया, पहाड़ पर मठ जहां बोधिधर्म रह रहा था। और वहां उसने सुना कि उसे ज़हर दिया गया था और वह मर गया था.... और वहां कब्र थी। अधिकारी ने इसके बारे में नहीं सुना था, क्योंकि वह साम्राज्य की सीमा रेखाओं पर तैनात था। उसने कहा, हे मेरे भगवान, लेकिन मैंने उसे देखा है, और मैंने उसे देखा है, और मैं धोखा नहीं खा सकता क्योंकि मैंने उसे पहले भी कई बार देखा है। वह वही आदमी था, वही घोर आंखें, वही उग्र और जंगली नजरिया, और ऊपर से एक चप्पल, अपनी लाठी लेकर बैठा था।

शिष्य अपनी जिज्ञासा को रोक न सके, और उन्होंने कब्र खोल दी। वह जो भी पा सकते थें वह केवल एक चप्पल थी। और फिर अधिकारी समझ गया कि उसने क्यों कहा था, इसका मतलब पता चल जाएगा जल्द पता चल जाएगा।

हमने जीजस के पुनरुत्थान के बारे में बहुत सुना है। लेकिन किसी ने भी बोधिधर्म के पुनरुत्थान के बारे में ज्यादा बात नहीं कि है। शायद वह कोमा में ही था जब उन्होंने उसे दफनाया, और वह फिर होश में आया, कब्र से निकल गया, एक चप्पल वहां छोड़ दिया और दूसरी चप्पल अपने लाठी पर डाल ली, और योजना के मुताबिक, वह चला गया।

वह हिमालय की अनन्त बर्फों में मरना चाहता था। वह चाहता था कि उनकी न समाधि हो, न मंदिर हो, न मूर्ति हो। वह नहीं चाहता था कि कोई पदचिह्न अपने पिछे छोड़कर कर पूजने के लिए; जो उसे चाहते हैं वह अपने वजूद में उतर जाये- मैं नहीं पूजने वाला"

और वह लगभग पतली हवा में गायब हो गया। उनके बारे में किसी ने कुछ नहीं सुना--क्या हुआ, कहां मर गया। उसे कहीं तो हिमालय की अनन्त बर्फों में दफनाया गया होगा।

ओशो; बोधिधर्म : महानतम झेन मास्टर

CS CamScanner

11:03 pm 4G 30%

था एक चट्टान पर। सांझ का वक्त, और पास ही सिंह दहाड़ रहे थे। मगर वह बैठा था शांत, जैसे कुछ भी नहीं हो रहा है। दूसरा फकीर आया, तो सिंहों की दहाड़ सुनकर कंपने लगा, दूसरा फकीर कंपने लगा। निर्भय हो गया फकीर बोला: तो अरे, तो तुम्हें अभी भी भय लगता है! तुम अभी भी भयभीत हो! फिर क्या खाक साधना की, क्या ध्यान साधा, क्या समाधि पाई! कंप रहे हो सिंह की आवाज से, तो अभी अमृत का तुम्हें दर्शन नहीं हुआ, अभी मृत्यु तुम्हें पकड़े हुए है! उस कंपते फकीर ने कहा कि मुझे बड़ी जोर की प्यास लगी है, पहले पानी, फिर बात हो सके। मेरा कंठ सूख रहा है, मैं बोल न सकूंगा।
निर्भय हो गया फकीर अपनी गुफा में गया पानी लेने। जब तक वह भीतर गया, उस दूसरे फकीर ने, जहां बैठा था निर्भय फकीर, उस पत्थर पर लिख दिया बड़े–बड़े अक्षरों में: नमो बुद्धाय–बुद्ध को हो नमस्कार। आया फकीर पानी लेकर। जैसे ही उसने पैर रखा चट्टान पर, देखा नमो बुद्धाय पर पैर पड़ गया, मंत्र पर पैर पड़ गया; झिझक गया एक क्षण। आगंतुक फकीर हंसने लगा और उसने कहा: डर तो अभी तुम्हारे भीतर भी है। सिंह से न डरते होओ, लेकिन पत्थर पर मैंने एक शब्द लिख दिया–नमो बुद्धाय, इस पर पैर रखने से तुम कंप गए! भय तो अभी तुम्हें भी है। भय ने सिर्फ रूप बदला है, बाहर से भीतर जा छिपा है, चेतन से अचेतन हो गया है। भय कहीं गया नहीं है।
निर्भय आदमी में भय नहीं जाता, सिर्फ भय नए रूप ले लेता है, निर्भयता का आवरण ओढ़ लेता है। जो व्यक्ति समाधिस्थ होता है, न तो भयभीत होता है, न निर्भय होता है। निर्भय होने के लिए भी भय का होना जरूरी है, नहीं तो निर्भय कैसे होओगे? विरक्त होने के लिए आसक्ति का होना जरूरी है, नहीं तो विरक्त कैसे होओगे?

ओशो

CamScanner

**Ramana Hridayam**
2d ·

Shut your eyes. Do not observe thought. Observe awareness. Awareness observing awareness is empty. There is no thing to observe there. Don't complicate it by thinking there is more to it. Awareness is subtle. In awareness observing awareness, there is only being-awareness. It is simple. Remain in awareness becoming aware of itself. (edited)

- Michael Langford

393. One who has wisely chosen the straight path of Self-inquiry
can never go astray;
for like the bright, clear Sun,
the Self-Awareness reveals itself to whomever turns towards it.

451. The deeper into the Heart one dives,
the greater grows the bliss enjoyed,
the intense bliss of the sole Self-Awareness,
which once appeared in various forms.

- Bhagavan in Guru Vachaka Kovai

> अपनी आँखें बंद करो। विचार मत करो। जागरूकता का पालन करें। जागरूकता पालन जागरूकता खाली है। वहाँ देखने के लिए कोई चीज नहीं है। यह सोचकर इसे जटिल मत बनाओ कि इसमें और भी कुछ है। जागरूकता सूक्ष्म है। जागरूकता में ही जागरूकता-जागरूकता है। यह सरल है। स्वयं जागरूक होकर जागरूक बने रहें। (संपादित)

Write a comment...

CS CamScanner

12:36 pm 76%

एक कंकड़ जैसा
दूसरा कंकड़ भी पूरी पृथ्वी पर खोजना कठिन है, एक जड़ कंकड़ जैसा-यहां हर चीज यूनिक है, हर चीज अद्वितीय है। और जब तक हम प्रत्येक की अद्वितीय प्रतिभा को सम्मान नहीं देंगे तब तक दुनिया में प्रतियोगिता रहेगी, प्रतिस्पर्धा रहेगी, तब तक दुनिया में मार-काट रहेगी, तब तक दुनिया में हिंसा रहेगी, तब तक दुनिया में सब बेईमानी के उपाय करके आदमी आगे होना चाहेगा, दूसरे जैसा होना चाहेगा। और जब हर आदमी दूसरे जैसा होना चाहता है तो क्या फल होता है?

फल यह होता है-अगर एक बगीचे में सब फूलों का दिमाग फिर जाए या बड़े-बड़े आदर्शवादी नेता वहां पहुंच जाएं या बड़े-बड़े शिक्षक वहां पहुंच जाएं और उनको समझाएं कि देखो, चमेली का फूल चंपा जैसा हो जाए, चमेली का फूल चंपा जैसा, चंपा का फूल जुही जैसा, क्योंकि देखो, जुही कितनी सुंदर है...और सब फूलों को अगर पागलपन आ जाए, हालांकि आ नहीं सकता! क्योंकि आदमी से पागल फूल नहीं है। आदमी से ज्यादा जड़ता उनमें नहीं है कि वे चक्कर में पड़ जाएं। शिक्षकों के, उपदेशकों के, संन्यासियों के, साधुओं के, आदर्शवादियों केचक्कर में कोई फूल नहीं पड़ेगा। लेकिन फिर भी समझ लें, कल्पना कर लें कि कोई आदमी पहुंच जाए और समझाए उनको और वे चक्कर में आ जाएं और चमेली का फूल चंपा का फूल होने लगे तो क्या होगा उस बगिया में। उस बगिया में फूल फिर पैदा नहीं होंगे, उस बगिया में फिर फूल पैदा ही नहीं हो सकते। उस बगिया में फिर पौधे मुरझा जाएंगे, मर जाएंगे। क्यों?

क्योंकि चंपा लाख
उपाय करे तो चमेली नहीं हो सकती, वह उसके स्वभाव

CamScanner

12:36 pm 76%

दो व्यक्तियों की तुलना न करें

___________________________

जब तक दुनिया में हम एक आदमी को दूसरे आदमी से कम्पेयर करेंगे, तुलना करेंगे तब तक हम एक गलत रास्ते पर चले जाएंगे। वह गलत रास्ता यह होगा कि हम हर आदमी में दूसरे आदमी जैसा बनने की इच्छा पैदा करते हैं; जब कि कोई आदमी किसी दूसरे जैसा न बना है और न बन सकता है।

राम को मरे कितने दिन हो गए, या क्राइस्ट को मरे कितने दिन हो गए? दूसरा क्राइस्ट क्यों नहीं बन पाता और हजारों-हजारों क्रिश्चिएन कोशिश में तो चौबीस घंटे लगे हैं कि क्राइस्ट बन जाएं। और हजारों हिंदु राम बनने की कोशिश में हैं, हजारों जैन, बुद्ध, महावीर बनने की कोशिश में लगे हैं, बनते क्यों नहीं एकाध? एकाध दूसरा क्राइस्ट और दूसरा महावीर पैदा क्यों नहीं होता?

क्या इससे आंख नहीं खुल सकती आपकी? मैं रामलीला के रामों की बात नहीं कह रहा हूं, जो रामलीला में बनते हैं राम। न आप समझ लें कि उनकी चर्चा कर रहा हूं, कई लोग राम बन जाते हैं। वैसे तो कई लोग बन जाते हैं, कई लोग बुद्ध जैसे कपड़े लपेट लेते हैं और बुद्ध बन जाते हैं। कोई महावीर जैसा कपड़ा लपेट लेता है या नंगा हो जाता है और महावीर बन जाता है। उनकी बात नहीं कर रहा। वे सब रामलीला के राम हैं, उनको छोड़ दें। लेकिन राम कोई दूसरा पैदा होता है? यह आपको जिंदगी में भी पता चलता है कि ठीक एक आदमी जैसा दूसरा आदमी कहीं हो सकता है?

एक कंकड़ जैसा दूसरा कंकड़ भी पूरी पृथ्वी पर खोजना कठिन है, एक

CamScanner

12:34 pm 76%

Satish Purohit · 4h ·

एक सा पात्र दो दशाएं

एक आदमी रास्ते पर भीख मांग रहा है, बुद्ध ने भी भीख मांगी। बुद्ध भी रास्ते पर भीख मांग रहे हैं। दोनों भिखारी हैं, लेकिन फर्क करोगे या नहीं? दोनों के हाथ में भिक्षापात्र है माना, लेकिन दोनों का अंतरबोध बड़ा भिन्न है।

एक भिखारी है, सिर्फ भिखारी है। और एक ऐसा भिखारी है, जो सम्राट था। एक ऐसा भिखारी है, जिसने व्यर्थता जानी है सबकी। और एक ऐसा भिखारी है, जो अभी भी कौड़ी—कौड़ी इकट्ठा करके सम्राट होने की चेष्टा में लगा है। दोनों एक से मालूम पड़ते हैं।

यह हालत ऐसी ही है, जैसे कि तुम सीढ़ियों से जा रहे हो, बीस सीढ़ियां हैं, तुम दसवीं सीढ़ी पर पहुंच गए हो। और कोई सीढ़ियों से उतर रहा है, बीस सीढ़िया हैं, और वह भी दसवीं सीढ़ी पर आ गया है। तुम दोनों एक ही सीढ़ी पर खड़े हो, लेकिन एक उतर रहा है, एक चढ़ रहा है। एक ही सीढ़ी पर खड़े होने से भ्रम में मत पड़ जाना कि तुम एक ही जगह हो। एक उतर रहा है, एक चढ़ रहा है।

बुद्ध उतर आए हैं सिंहासन से, भिखारी चढ़ने की कोशिश कर रहा है। जन्म—जन्म लगेंगे उसे, शायद कभी चढ़ पाए। दोनों भिक्षा के पात्र लिए खड़े हैं एक ही जगह। बड़ी भिन्न है उनकी दशा। बुद्ध जाग गए हैं, सिंहासन की व्यर्थता दिखाई पड़ गई है। यह भिखारी अभी सोया हुआ है। अभी यह सिंहासन बनाने के सपने देख रहा है।

-ओशो.
एस धम्मो सनंतनो--(प्रवचन--028)
*संकलन-रामजी*🙏🌹🌹

9 1 comment • 4 shares
Like Comment Send Share
To return to your call, open Meet
Vk Bhesaniya
CamScanner




CamScanner

12:23 pm 79%

उसकी हालत मरणासन्न जैसी हो गयी। बार—बार सातवें दिन पूछता था —सूरज के डूबने में और कितनी देर है? आवाज भी मुश्किल से निकलती थी। घर में रोआ—गायी मची थी। मेहमान इकट्ठे हो गये थे। दूर —दूर से प्रियजन आ गये थे अंतिम विदा देने।

और सूरज डूबने के ठीक पहले एकनाथ ने द्वार पर दस्तक दी। एकनाथ भीतर आये। एकनाथ उसके पास गये। वह तो आंख बंद किये पड़ा था। हाथ से उसकी आंखें खोलीं और कहा कि एक बात तुझे बताने आया हूं। यह तू क्या कर रहा है, ऐसा क्यों पड़ा है?

उसने कहा: और क्या करू? सूरज डूबने में कितनी देर है? ये सात दिन मैंने इतना नर्क भोगा है जितना कभी नहीं। अब तो ऐसा लगता है मर ही जाऊं तो झंझट कटे।

एकनाथ ने कहा कि मैं तुझे तेरे प्रश्न का उत्तर देने आया हूं। वह तूने मुझसे पूछा था न कि आपके मन में पाप कभी उठता है। मैं पूछने आया हूं तुझसे कि सात दिन में तेरे मन में कोई पाप उठा? उस आदमी ने कहा: कहां की बातें कर रहे हो! कैसा पाप, कैसा पुण्य? सात दिन तो कोई विचार ही नहीं उठा, बस एक ही विचार ही था—मौत,मौत, मौत; एक दिन गया, दो दिन गये, तीन दिन गये, चार दिन गये, यह घड़ी—घड़ी बीती जा रही है, पल—पल चूका जा रहा है। सातवां दिन दूर नहीं है, सूरज के डूबते ही सब जाएगा। मौत थी और भी न था। इन सात दिनों में अंधकार था अमावस का और कुछ भी न था। कहां का पाप, कहां का पुण्य?

एकनाथ ने कहा: तो उठ, अभी तुझे मरना नहीं है। तेरी हाथ की रेखा अभी काफी लंबी है। यह तो मैंने सिर्फ तेरे प्रश्न का उत्तर दिया था। ऐसे ही जिस दिन से मुझे मौत दिखाई पड़ गयी है, पाप नहीं उठा। जिसको मौत दिखाई पड़ जाती है पाप नहीं उठता, एकनाथ ने कहा।

ऐसा उत्तर कोई सद्गुरु ही दे सकता है। मगर ऐसे उत्तर महंगे तो हैं। यह सौदा सस्ता तो नहीं है।

ओशो; गुरू प्रताप साध की संगति

CamScanner

**ओशो का हिन्दी साहित्य**
Seema Mangal · 3d

एकनाथ के जीवन में ऐसा उल्लेख है। एक युवक एकनाथ के पास आता था। जब भी आता था तो वह बड़ी ऊंची ज्ञान की बातें करता था। एकनाथ को दिखाई पड़ता था, वे ज्ञान की बातें सिर्फ अज्ञान को छिपाने के लिए हैं। एक दिन उसने एकनाथ को पूछा सुबह—सुबह कि एक संदेह मेरे मन में सदा आपके प्रति उठता है। आपका जीवन ऐसा ज्योतिर्मय, ऐसा निष्कलुष, ऐसी कमल की पंखडियों जैसा निर्दोष क्वांरा, लेकिन कभी तो आपके जीवन में भी पाप उठे होंगे? कभी तो अंधेरे ने भी आपको घेरा होगा? कभी आपकी जिंदगी में भी कल्मष घटा होगा? ऐसा तो नहीं हो सकता कि पाप से आप बिलकुल अपरिचित हों! मैं यही पूछना चाहता हूं। आज यही सवाल लेकर आया हूं, ओर चूंकि और कोई मौजूद नहीं है, आज आपको अकेला ही मिल गया हूं, इसलिए निस्संकोच पूछता हूं कि आपके मन में पाप उठता है कभी या नहीं; उठा है। कभी या है नहीं?

एकनाथ ने कहा; यह तो मैं पीछे बताऊं; इससे भी ज्यादा जरूरी बात पहले बतानी है कि कहीं मैं भूल न जाऊं, बातचीत में कहीं अटक न जाऊं, कहीं भूल ही न जाऊं, जरूरी बात चूक न जाए! कल अचानक जब तू जा रहा था तेरे हाथ पर मेरी नजर पड़ी तो मैं दंग रह गया; तेरे उम्र की रेखा समाप्त हो गयी है। सात दिन और जिएगा तू। बस, सातवें दिन सूरज के डूबने के साथ तेरा डूब जाना है। अब तू पूछ क्या पूछता था।

वह युवक तो उठकर खड़ा हो गया। अब कोई पूछने की बात, अब कोई समस्या समाधान, अब कोई जिज्ञासा, अब कोई दार्शनिक मीमांसा...वह तो उठकर खड़ा हो गया, उसने कहा: मुझे कुछ नहीं पूछना है। मुझे घर जाने दो।

एकनाथ ने कहा: बैठो भी, अभी आये, अभी चले, इतनी जल्दी क्या है?

सत्संग होगा चर्चा होगी, तत्व विचार होगा, रोज की ज्ञान की बातें—ब्रह्म, मोक्ष कैवल्य...।

CamScanner

CamScanner


अब बंदगी करनी हो तो
कहीं भटकने की जरूरत है?
कोई मक्का, मदीना, काशी,
गिरनार, कि सारनाथ,
कि बोधगया जाने की जरूरत है?
बदगी करनी हो तो
यहीं नमन हो जाये।
बंदगी तो झुकने का नाम है,
जहां झुक गये बंदगी हो गयी।
तुम जहा झुके,
वहीं परमात्मा मौजूद हो जाता है
तुम्हारे झुकने में मौजूद हो जाता है।
Osho
अष्टावक्र: महागीता-56
आलसी शिरोमणि

CamScanner

12:17 pm 80%

में, वह विवेकानंद के सामने नाचेगी—तो विवेकानंद ने जाने से इनकार कर दिया: कि मैं नहीं जाऊंगा। मैं संन्यासी हूं, वेश्या का नृत्य देखूं! पास ही शामियाना था जहां विवेकानंद ठहरे थे, जहां उत्सव होनेवाला था। लेकिन राजा तो राजा, राजा ने कहा अब नहीं आते तो न आएं, उत्सव तो चलेगा ही। अब वेश्या भी आ गयी, मेहमान भी आ गए, शराब भी आ गयी, अब जलसा तो बंद नहीं हो सकता; तो उनके बिना चलेगा।

जलसा शुरू हुआ। लेकिन उस वेश्या ने बड़ा अद्भुत गीत गाया। उसने नरसी मेहता का एक भजन गाया। पास ही था शामियाना, विवेकानंद को सुनायी पड़ने लगा नरसी मेहता के भजन उस वेश्या के टपकते आंसू और नरसी मेहता का भजन! नरसी मेहता के भजन में यह कहा गया है कि पारस पत्थर को इस बात की चिंता नहीं होती कि जो लोहा वह छू रहा है, वह पूजागृह में रखा जानेवाला लोहा है या कसाई के घर जिस लोहे से जानवरों की हत्या की जाती है, वह लोहा है। पारस पत्थर तो दोनों लोहों को छूकर सोना बना देता है। तो वह वेश्या अपने गीत में कहने लगी कि तुम कैसे पारस हो? तुम्हें अभी वेश्या दिखायी पड़ती है! मैं तो कितने भाव लेकर आई थी, मैं तो कितने भजन संजोकर आई थी —वेश्या सच में भजन संजोकर आयी थी। सोचा वेश्या ने कि विवेकानंद, संन्यासी के सामने नृत्य करना, गीत गाने हैं, तो मीरां के भजन लायी थी, नरसी मेहता के भजन लाई थी; जीवन को धन्य समझा था, कि आज मेरा नृत्य भी सार्थक होगा।

विवेकानंद को बहुत चोट लगी जब उन्होंने सुना यह नरसी मेहता का भजन। उठे और पहुंच गए समारोह में और वेश्या से क्षमा मांगी और कहा, मुझसे भूल हो गयी। मेरी गलती। मैं ही अभी पारस नहीं हूं, इसीलिए यह विचार किया कि कौन लोहा पात्र, कौन लोहा अपात्र। विवेकानंद ने कहा है कि उस दिन मेरी आंख खुल गयी। उस दिन से मैंने भेद करने छोड़ दिए पात्र—अपात्र के। वह पुरानी आदत उस वेश्या ने छुड़ा दी। वह वेश्या मेरी गुरु हो गयी।

जीवन बहुत अनूठा है। रहस्यपूर्ण है। कहां से द्वार खुलेगा परमात्मा का, कहना मुश्किल है।

राम दुवारे जो मरै-(प्रवचन-04)

CamScanner

23

Top comments

**अमित कुमार**
घड़ी घोड़ा के तरह यत्र नहीं दौड़ता होता है फिर भी एक स्थान पर स्थिर होकर निरंतर चलायमान रहता है उसी प्रकार मन को अन्यत्र न दौड़ा कर आत्मा मे हीं स्थिर रख कर चलायमान रखना चाहिए।

श्रीराधा 🙏

2d Like Reply 1

**Vishnu Srivastava**
आत्मा के ज्ञान के लिए मन से ज्यादा अवरोध बुद्धि द्वारा उत्पन्न किया जाता है।

2d Like Reply 1

Rules

Write a public comment...

CamScanner

**आध्यात्मिक सफ़र [spiritual journey]** ••• ✕

Babulal N Prajapati · 2d ·

मन , न रुकने वाला मायावी यन्त्र है ।
आरम्भ (सदीयो) से इस की गति को रोकने के लिये कोशिश हो रही है । जिन्होंने जाना है उनका कहना है मन कभी रुक सकता ही नही । असम्भव है इसका रुकना । इसकी प्रकृति ही चलायमान रहना है ।

फिर क्या उपाय है आत्मा को जानने का । क्यों कि ऐसा कहा गया है कि मन न रहे तब आत्मा को जाना जाता है ।
विवेक से इस गूढ़ रहस्य को समझने की कोशिश करे तो समझ सकते है ।

( 1 ) मन , सच के साथ नही रह सकता ।
( 2 ) सभी मान्यतायें मन को जिन्दा रखती है ।
(3 ) स्वयं पर ओढ़े सभी झूठे आवरण , मन को जिन्दा रखने का भोजन है ।
( 4 ) मन , अभी इसी क्षण में नही रहता ।

एक बात समझ ले कि मन कभी मरता नही है । सत्य बोलने , सत्य जीने से मन समझ जाता है कि अब मेरा वजूद केवल यन्त्र मात्र का है । लम्बे अन्तराल में मन निर्मल होकर आत्मा मे समर्पित हो उसी की शक्ति के रूप मे कार्य करने लगता है या कहें कि आत्मा ही हो जाता है।।।
परमशांति।। ((राज)

23 2 comments • 4 shares

Like Comment Send Share

**आध्यात्मिक सफ़र [spiritual journey]** ••• ✕

अमेय विक्रमा · 1h ·

CamScanner

ओशो-Life with Osho

प्रत्येक व्यक्ति एक विशिष्ट भाग्य के साथ इस दुनिया में आता है – उसके पास जो कुछ है उसे परिपूर्ण करना पड़ता है, कुछ सन्देश दुनिया को देना होता है – कुछ कार्य जिन्हें पूरा करना पड़ता है. आप यहाँ संयोगवश नहीं हो – आपकी यहाँ सार्थकता है. आप के पीछे एक उद्देश्य है. सृष्टि आपके माध्यम से कुछ कराना चाहती है.

– ओशो.

CamScanner




CamScanner

CS CamScanner

अगर
प्रभु के द्वार
पर ही जाना हो,
तो क्षुद्र वासना लेकर मत जाना।
वासना पूरी भी हो जाए,
तो भी कुछ हाथ नहीं लगने वाला है।
प्रभु के द्वार पर तो
खाली होकर जाना,
बिना कोई वासना लिए।
प्रभु से तो
यही कहते जाना कि
जो तूने दिया है,
वह जरूरत से ज्यादा है।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शनअ.7 प्र.87/30
कामना और प्रार्थना

CamScanner

19 >

**Parveen Kumar** Manoj Vyas जी गिना था शरीर का एक...

**Ashish Verma**
Sriman ji,suna hua hi bata sakte hain ,112 chakra sukshm shareer me hain aur 2 chakra us se oopar ke karan shareer ke h.hindu dharm 7 chakra ko mukhya manta h.jain dharm 24 chakra aur bauddh dharm 12 chakra mante hain.

2d Like Reply

**Parveen Kumar** Ashish Verma जी सहमत हैं हम आपसे...

**View 1 more reply...**

**Ashish Verma**
सर जिस प्रकार पैसेंजर ट्रेन सभी स्टेशनों पर रूकती है उसी प्रकार के ये ११२ चक्र हैं ।लेकिन मुख्या ट्रेन केवल इम्पोर्टेन्ट स्टेशन पर ह रूकती है।तो ये ७ स्टेशन हि मुख्या हैं।

2d Like Reply 1

**Anil Alate**
Yes

2d Like Reply

**अभिलव चतुर्वेदी**
Ida pingla or sushumna nadi ke meeting point ko chakra kaha jata hai

2d Like Reply

**Chandan Kumar Pandey Mk**
Dhogi pal ke chela kabhi padte nahi dhogi ke chakr me pade hai

2d Like Reply

Write a comment...

CS CamScanner

12:09 pm 82%

**Osho Osho**

22h ·

फूँक मार कर हम दीये को बुझा सकते हैं
पर अगरबत्ती को नहीं, क्यों कि
जो महक़ता है उसे कौन बुझा सकता है
और जो जलता है वह ख़ुद बुझ जाता है !

Osho Osho and 18 others 3 comments • 3 shares

Like Comment Send Share

CamScanner

12:08 pm 82%

और ध्यान रखना, बस एक ही बात ध्यान में रखना है, उस ज्योति को खोज लेना है, जो बिना ईंधन के जलती है।

आज इतना ही।

- मृण्मय घट में चिन्मय दीप, (बिन बाती बिन तेल -01)
OSHO.. 🙏🌹

CamScanner

एक युवक, एक ईसाई युवक एक झेन फकीर के पास गया और उसने झेन फकीर से कहा कि मैं यह बाइबिल लाया हूं, मेरी आस्था बाइबिल में है। तुमने कभी बाइबिल पढ़ी? उस फकीर ने कहा कि नहीं, पढ़ने की फुरसत नहीं मिली। अपने को ही पढ़ने में सारी शक्ति लगी जा रही है। फिर भी तुम ले आए हो तो कुछ पढ़कर सुना सकते हो। ईसाई युवक आया ही इसलिये था कि झेन फकीर को ईसाई बना ले। तो वह बड़ा प्रसन्न हुआ। उसने 'सरमन आन द माउन्ट', 'पर्वत-प्रवचन' के कुछ हिस्से पढ़कर सुनाए कि: 'धन्य हैं वे, जो निर्बल हैं क्योंकि परमात्मा का राज्य उन्हीं का होगा।'

'धन्य हैं वे, जो विनम्र हैं और अंतिम खड़े हैं क्योंकि मेरे राज्य में वे ही प्रथम खड़े होंगे; वे ही सर्वोपरि होंगे।'

उस फकीर ने कहा, कि बस रुक जाओ। मुझे पता नहीं किसने ये वचन कहे हैं, लेकिन जिसने भी ये वचन कहे हैं उसने भीतर की लौ पहचान ली थी। और जिसने भी ये वचन कहे, वह बुद्ध था।

उस युवक ने कहा कि अभी और आगे वचन हैं।

उसने कहा, बस! सागर का एक घूंट काफी है नमकीनपन को जान लेने के लिए। अब तुम किताब बंद करो। एक बूंद चख ली, पूरा सागर चख लिया। जिसने भी ये वचन कहे, यह आदमी बुद्धत्व को उपलब्ध हो गया था। इसने भीतर की पहचान कर ली थी। और यह मैं तुमसे कहता हूं–उस फकीर ने कहा–इसलिये नहीं कि ये वचन बड़े मधुर हैं, लेकिन इसलिये कि यही मेरी भी पहचान है, ऐसा ही मैंने भी जाना।

वेद अर्थहीन हैं, जब तक तुम गवाही न दे सको। गीता कचरा है, जब तक तुम अपने अनुभव का सहारा न दे सको। तुम्हारे अनुभव के सहारे से गीता का स्वर्ण प्रगट होगा। तुम गवाह हो। वेद, बाइबिल, कुरान कुछ भी अर्थ नहीं रखते। तुम अर्थ डालोगे। लेकिन तुम अर्थ तभी डाल सकोगे, जब तुम्हारी अपनी अनुभूति, तुम्हारी अपनी प्रज्ञा, तुम्हारी अपनी ज्योति जलेगी–प्रखरता में, तीव्रता में, त्वरा में।

मैं तो एक दीवाना हूं।

तुम मुझे पागल कह लेना,

वह ज्यादा ठीक, लेकिन कभी महात्मा
मत कहना क्योंकि तुमने इतने गलत
लोगों को महात्मा कहा है, उस कतार में
मैं खड़े होने को राजी नहीं हूं।

ओशो कोपले फिर फूट आई

CamScanner


ऐसा मत सोचना कि देवता कहीं
आकाश में रहते हैं और नारकीय कहीं
दूर पाताल में रहते हैं। तुम भी कभी—कभी
देवता हो जाते हो और कभी—कभी
नारकीय हो जाते हो। कभी—कभी
पशु हो जाते हो और कभी—कभी
परमात्मा हो जाते हो। क्षणभर को कभी
तुम भी झलक जाते हो प्रकाश से।
तुम भी भर जाते हो रस से।
उन्हीं क्षणों में तुम प्यारे आदमी हो जाते हो।

CamScanner

मैं प्रकृति में ही परमात्मा को देखता हूं, प्रतिक्षण प्रति घड़ी उसका मुझे अनुभव हो रहा है।
एक श्वास भी ऐसी नहीं आती जाती है ,जब उससे मिलना ना हो जाता हो।
OshO



211 47 comments • 8 shares

Like Comment Send Share

**ओशो का हिन्दी साहित्य**
Roshni Verma · 2h ·

#photographychallenge

CamScanner

12:04 pm 83%

facebook



Osho Osho

1d ·

जिस भक्ति के प्राप्त होने पर मनुष्य न किसी वस्तु की इच्छा करता है, न द्वेष करता है, न आसक्त होता है और न उसे विषय-भोगों में उत्साह होता है।'

"इतिब्दा वो थी कि जीने के लिए मरता था मैं

इतिन्हा ये है कि मरने की भी हसरत न रही।

ऐसे भी दिन थे जब जीने के लिए ऐसी आतुरता थी कि मरने को भी तैयार हो जाता था। और आखिरी वक्त–इन्तिहा यह है–और आखिरी बात यह है, पहुंच जाने की बात यह है कि मरने की भी हसरत न रही। जीने की तो बात छोड़ो, मरने की भी आकांक्षा नहीं उठती।

ओशो

CS CamScanner

CamScanner

तुम पूछते हो: मनुष्य क्या है? निर-अहंकार होने की खोज। सीमाओं के पार जाने की कामना। अपना अतिक्रमण! इस जगत में मनुष्य के अतिरिक्त और कोई अपना अतिक्रमण नहीं कर सकता। इसलिए स्वात्म-अतिक्रमण मनुष्य की परिभाषा है। कोई आम का वृक्ष आम के वृक्ष के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं हो सकता--आबद्ध है। नीम का वृक्ष नीम ही रहेगा, कुछ और होने का उपाय नहीं; अपना अतिक्रमण नहीं कर सकता, अपने से पार नहीं जा सकता। सिंह सिंह है, कुत्ता कुत्ता है। इससे पार जाने का कोई उपाय नहीं है। सिर्फ आदमी की क्षमता है कि आदमी के पार जा सकता है, बुद्धत्व को पा सकता है, भगवत्ता पा सकता है।

ओशो

CamScanner


प्रकृति जो है,
वह परम स्वतंत्र है भीतर से।
और हम उसके हिस्से हैं,
हम परम स्वतंत्र हैं।
हम जो करना चाहते हैं,
कर रहे हैं।
इस करने में सब चीजों में
उसका सहारा है।
लेकिन चुनाव हमारा ही है।
और जब मैं कहता हूं, हमारा ही,
तो भ्रांति में मत पड़ जाना।
क्योंकि हम भी
प्रकृति के हिस्से ही हैं।
मैं मृत्यु सिखाता हूं प्र.11
Osho

CamScanner



Words are very superficial.
Vibration speaks a lot and
silence speaks even more.

~ Gurudev Sri Sri Ravi Shankar

CamScanner

11:52 am 85%



**Maitreyi Nivi**
7 Jul 2022 ·

Ramana says, "keep quiet"
Poonja ji says, "keep quiet"
Mooji says, "keep quiet"
Osho says, "keep quiet"
Buddha says, "keep quiet"
Eckhart Tolle says,"keep quiet"
Robert Adams says, "keep quiet"

So many masters - I haven't mentioned all of them here - have one essence in their teachings: silence... Isn't it enough to know that silence/awareness is God, formless and everywhere, and we are in it and of it? So, all living beings - human beings, animals, birds, trees - everything is God and that alone is.

~ Maitreyi Nivi (Shoonya)

> रमण कहती है चुप रहो
> पूंजा जी कहते हैं चुप रहो
> मूजी कहते हैं चुप रहो
> ओशो कहते हैं, "चुप रहो"
> बुद्ध कहते हैं चुप रहो
> एकहार्ट टोले कहते हैं, "चुप रहो"
> रॉबर्ट एडम्स कहते हैं, "चुप रहो"
>
> इतने सारे स्वामी - मैंने उन सभी का यहां उल्लेख नहीं किया है - उनकी शिक्षाओं में एक सार है: मौन ...
> क्या यह जानना पर्याप्त नहीं है कि मौन/जागरूकता ईश्वर है, निराकार और हर जगह, और हम इसमें हैं और इसमें हैं? तो, सभी जीव-जंतु, मनुष्य, पशु, पक्षी, वृक्ष सब कुछ ईश्वर है और वही एकमात्र है।

Write a comment...

CamScanner

SEED CUM FERTILIZER DRILL
POTATO PLANTER
AG. ENGG.
2023 11 06 10:15

CamScanner

CamScanner

हाई-एंड ग्रुप में शामिल हों

1K 46 comments

Like Comment

**आध्यात्मिक सफ़र [spiritual journey]**

S P Rathod · 12h

आप हर क्षण उस ब्रह्मांडीय शक्ति की निगरानी में है, जो बेहद करुणामयी है।

48 2 comments • 7 shares

Like Comment Send Share

**आध्यात्मिक मार्ग Aadhyaatmik Marg**

CamScanner

CamScanner




CamScanner

10:35 am 95%

Osho_Gyan
Reels · 13h ·

☯कोई कर्ता नही,क्रिया हो रही है। ओशो

54 53 shares • 3.1K views

Like Comment Send Share

CamScanner

आप अपने जीवन में जिस व्यक्ति से सबसे अधिक बच रहे हैं, वह आप ही हैं। आपका पूरा जीवन इस तरह से प्रबंधित किया जाता है। कि आप कभी भी आप से नहीं मिलते। ओशो अहोभाव

CamScanner

CamScanner


ahobhav_
ओशो अहोभाव
"अपने दिमाग से बाहर निकलो और
अपने दिल में उतरो। कम सोचो
अधिक महसूस करो।"

CamScanner

10:32 am 96%

ओ शो वाणी
Subhash Chandra · 34m

*मिल जाए तो मिट्टी, खो जाए तो सोना*

मुल्ला नसरुद्दीन एक शराबखाने में बैठा था। एक मित्र के साथ गपशप चल रही थी, पी रहे थे। मुल्ला नसरुद्दीन ने उस मित्र से पूछा कि बड़ी देर हो गई, आज घर नहीं जाना है? मित्र ने कहा, घर जाकर क्या करूं? घर है कौन? गैर शादी शुदा हूं। घर खाली और सूना है। मुल्ला नसरुद्दीन ने हाथ सिर से मार लिया; उसने कहा, हद्द हो गई! तुम इसलिए यहां बैठे हो? हम इसलिए बैठे हैं कि घर पत्नी है। घर जाएं तो कैसे जाएं! जितनी देर कट जाए उतना अच्छा है।

कल मैं एक गीत पढ़ रहा था:
दुनिया जिसे कहते हैं,जादू का खिलौना है।
मिल जाए तो मिट्टी है,खो जाए तो सोना है।

जो मिल जाता है, वही मिट्टी हो जाता है। जिस स्त्री के पीछे दीवाने थे, मिल गई और मिट्टी हो गई। जिस पुरुष के पीछे पागल थे, मिल गया और मिट्टी हो गया। मिल जाए तो मिट्टी है, खो जाए तो सोना है। न मिले...मजनू सौभाग्यशाली था, लैला नहीं मिली, सोना बनी ही रही। इतने सौभाग्यशाली सभी मजनू नहीं होते। मजनुओं को लैला मिल जाती है। और तब गले में फांसी लग जाती है। मजनू कभी जाग ही न सका अपने स्वप्न से, क्योंकि लैला मिली ही नहीं। मिल जाती तब बच्चू को पता चलता ! तब फिर लैला लैला न करता।

कितनी बार तो सुख मिले! या तो खो गए और नहीं खो गए तो तुम्हारे हाथ में मिट्टी हो गए। और कितनी बार तो दुख मिले! या तो खो गए या धीरे धीरे तुम उनके आदी हो गए, वे तुम्हारी आदत बन गए। सुख और दुख के पार भी कुछ है, इसीलिए जीवन में अर्थ है, गरिमा है, महिमा है, परमात्मा है। सुख दुख के पार उठना है।
ओशो🌹❤️🙏

7 · 1 comment • 3 shares

CamScanner

EkKadamSafaltakiOrr



# सारी चिडियों को खत्म कर दो.!

1958 में चीनी सरकार ने फैसला किया-देश को आगे बढ़ाना है तो चिड़ियों को मार दो। क्योंकि चिड़िया किसी काम नहीं आती। वो हर साल करोडों रुपय का अनाज मुफ्त में खा जाती है। **करोड़ो की संख्या में चिड़िया,चूहे,मच्छर और मक्खी मारे गए।** सरकार इससे खुश हुई लेकीन, इसके 2 साल बाद बुरा परिणाम हुआ। चीन की फसलों में कीड़े लग गए। क्योंकि **चिड़ियाँ सिर्फ दाने नहीं कीड़े भी खाती थी।** सारी फसल खराब हो गई,चीन में अकाल पड़ा और 2.5 करोड़ लोग मारे गए। सीख-ईश्वर की व्यवस्था पर शक ना करें **जो आपको मिला हुआ है वो बेहतरीन है। उसे बदलने के प्रयास में आप मिट जाएंगे।**

एक कदम सफलता की ओर

CamScanner

CamScanner

10:31 am 96%



ओशो प्रेम नमन 🙏💗🙏

🌻 विरह की पीड़ा प्रसव की पीड़ा है।🌻

लेकिन जितनी बड़ी पीड़ा है उतना ही बड़ा आनंद है वह तो जब एक बच्चा पैदा होता किसी स्त्री को और कोई स्त्री मां बनती है, तब बहुत बार उसके मन में भी आता है, जब बच्चा पैदा होता है कि यह तो अच्छा हुआ होता अगर मुझे पहले ही पता होता कि इतनी पीड़ा होनी थी, तो यह जन्म देने का उपद्रव हाथ में ही न लेते। नौ महीने तक बच्चे को गर्भ में ढोना, फिर पीड़ा उसके जन्म की..जैसे मौत आती हो, जैसे मरने-मरने को हो जाती हो।

कभी प्रसव-पीड़ा में किसी स्त्री को देखा? जैसे प्राणों की गहराई से रुदन उठता है! पूरा तन-प्राण कंप जाता है! उस वक्त उसके मन में न होता होगा कि अच्छा हुआ होता कि इस उपद्रव में ही न पड़े होते लेकिन फिर बच्चे का जन्म हो गया। फिर स्त्री के चेहरे पर आई हुई आनंद की आभा देखी है! फिर वह जिस शांति और प्रेम और लगन से बच्चे की तरफ देखती है! बच्चे का ही थोड़े जन्म होता है, उसी दिन मां का भी जन्म होता है उसके पहले वह मां न थी; उसके पहले एक साधारण स्त्री थी, अब मां है। मां की बात ही और है। मां का अर्थ है, अब वह सृजनदात्री है; अब उसने जन्म दिया जीवन को। अब वह ऐसी सीप है जिस में मोती पला। अब वह साधारण देह नहीं है; वह परमात्मा का धर बनी है; वह परमात्मा का माध्यम बनी।

स्त्री अपने परम सौंदर्य को उपलब्ध होती है मां बन कर। लेकिन प्रसव की बड़ी पीड़ा है। विरह की भी बड़ी पीड़ा है। उसी विरह की पीड़ा से गुजर कर, निखर कर, आग से छन कर व्यक्ति कुंदन बनता है, स्वर्ण बनता है। फिर मिलन का महासुख है।

अकथ कहानी प्रेम की-(प्रवचन-06)

CamScanner


जब तक
कोई सलाह मांगे नहीं,
तब तक देना मत।
और जब कोई सलाह मांगे,
तो तभी देना ,जब तुम्हारे
जीवंत अनुभव से
निकलती हो।
anamcara Rames
Osho

CamScanner

10:29 am 96%

काम नहीं आएगी।
जब तक कोई सलाह मांगे नहीं, तब तक देना मत। और जब कोई सलाह मांगे, तो तभी देना जब तुम्हारे जीवंत अनुभव से निकलती हो। तो किसी के काम पड़े। तो किसी के जीवन में राह बने। तो किसी के अंधेरे में दीया जले।
ये दो कसौटी खयाल रख लेना। पहले तो बिन मांगी सलाह देना मत। क्योंकि बिन मांगी सलाह कोई पसंद नहीं करता, अपमानजनक है। बिन मांगी सलाह का मतलब होता है कि तुम दूसरे को अज्ञानी सिद्ध करने की कोशिश कर रहे हो। दूसरे के अहंकार को चोट लगती है। वह तुमसे बदला लेगा। तुम्हारी सलाह से उसे तो कोई लाभ न होगा, शायद तुम्हें हानि पहुंचाए। सलाह देने वालों को लोग माफ नहीं कर पाते।
तो पहले तो बिन मांगी सलाह देना मत। और सौ में निन्यानबे सलाहें बिन मांगी दी जाती हैं। फिर अगर कोई मांगे भी, तो विचार कर लेना कि तुम्हारी अपनी अनुभूइत क्या है। अपनी अनुशइत के विपरीत सलाह मत देना। अगर तुम ये दो बातें करने में सफल हो जाओ तो न तो तुम किसी को हानि पहुंचा सकोगे, न तुम किसी का अपमान करोगे, न तुम लोगों का मन व्यर्थ कचरे से भरोगे। यह कुशलता छोड़ो! यह कुशलता काम की नहीं है! यह गले में फांसी है तुम्हारे। और अगर ये दो बातें तुमने ध्यान में रखीं तो तुम्हारे जीवन में धीरे—धीरे निखार आएगा, क्योंकि तुम वही करोगे जो कहोगे, और वही कहोगे जो तुम करोगे।

जब किसी व्यक्ति के जीवन में कृत्य में और विचार में तालमेल हो जाता है तो परम संगीत पैदा होता है। नहीं तो ऐसा ही समझो कि तबला एक ढंग से बज रहा है और सितार एक ढंग से बज रहा है, दोनों में कोई तालमेल नहीं है। बेसुरापन है। ऐसे तुम्हारे विचार एक ढंग से चल रहे हैं और तुम्हारा जीवन एक ढंग से चल रहा है। दोनों में कोई तालमेल नहीं है। बैलगाड़ी में जुते बैल, एक इस तरफ को जा रहा है, एक उस तरफ को जा रहा है, और बैलगाड़ी की दुर्दशा हुई जा रही है। जीवन में संगीत तभी पैदा होता है, शांति तभी पैदा होती है, सुख तभी पैदा होता है, जब तुम्हारे विचार और जीवन में एक तालमेल होता है, एक सामंजस्य होता है, एक समन्वय होता है।

सोमवार, 17 अप्रैल 2017
एस धम्मो सनंतनो-(ओशो)-प्रवचन-095

CamScanner

10:28 am
VoLTE 4G 97%



लुकमान से किसी ने पूछा था, ऐसी कौन सी चीज है दुनिया में जिसे सभी देते हैं और कोई नहीं लेता? लुकमान ने कहा, सलाह। दी खूब जाती है, लेता कोई भी नहीं। तुम खुद ही अपनी सलाह मानने को तैयार नहीं हो, थोड़ा सोचो!

मैंने सुना है, एक सूफी फकीर के पास एक स्त्री अपने बेटे को लेकर आयी और उसने कहा कि इसे जरा समझा दें, मैं हार गयी, इसके पिता हार गए, इसके शिक्षक हार गए, हम सबसे समझवा चुके हैं, यह समझता नहीं, अब आप ही एकमात्र आशा हैं, यह बहुत गुड खाता है। फकीर ने कहा, सात दिन बाद आओ।
स्त्री तो समझी नहीं। इसमें सात दिन बाद आने की क्या बात थी? सात दिन बाद पहुंची बेटे को लेकर। फकीर ने कहा कि क्षमा करो, सात दिन और लगेंगे, सात दिन बाद आओ। ऐसा तीसरी बार भी कहा तो उस स्त्री ने कहा, बात क्या है? उसने कहा, बात तो मैं सात दिन बाद आओ तभी बताऊंगा।
इक्कीसवें दिन उस फकीर ने कहा, बेटा, गुड़ खाना बंद कर दे। स्त्री ने तो सिर से हाथ मार लिया कि इस सलाह के लिए इक्कीस दिन भटकाया! तीन बार बुलाया। उसने कहा, यह इतनी सी सलाह नहीं, मैं खुद ही गुड़ खाने का बहुत शौकीन हूं। इस छोटे से बच्चे को मैं कहूं कि गुड़ खाना छोड़ दे, बुरा है, इसके पहले मैं तो छोड़ दूं। इक्कीस दिन मुझे छोड़ने में लग गए। और इसे सलाह देता तो बेईमानी की होती, झूठी होती। उस बेटे ने फकीर की तरफ आंख उठाकर देखा, उसके चरणों में झुका और उसने कहा, तो मैं भी छोड़ देता हूं।

तुम्हारी सलाह में मूल्य तभी आता है जब तुम भी उसे करते हो। तुम्हारा जीवन अगर तुम्हारे विचार के विपरीत है, तो लोग तुम्हारा जीवन देखते हैं, तुम्हारा विचार थोड़े ही। विचार से कोई प्रभावित नहीं होता, लोग प्रभावित जीवन से होते हैं। तुम्हारे भीतर की अग्नि से होते हैं। बातें तुम आग की करो और तुम्हारे जीवन में राख ही राख हो। तुम्हारा जीवन तुम्हारे वचनों को झुठला देगा। बातें तो सभी अच्छी करते हैं। बातें अच्छी करने में क्या लगता है। हल्दी लगे न फिटकरी, रंग चोखा हो जाए। कुछ खर्च तो होता नहीं है बात करने में। लोग जानते हैं कि बातें तो कचरा हैं।

CamScanner

CamScanner

10:26 am 97%

यह पीड़ा तो तभी मिटेगी जब सांवलिया खुद वैद्य होकर आएगा, खुद प्रियतम वैद्य होगा। खुद परमात्मा ही जब हाथ रखेगा इस घाव पर, तभी यह भरेगा। किसी और हाथ से भर नहीं सकता। किसी और हाथ से भरे जाने की इच्छा भी नहीं है, संभावना भी नहीं है।

भक्त कहना भी नहीं चाहता और कभी कह उठता है, तो सिर्फ भीतर की आह के कारण। दर्द ही बोलता है। इसलिए। ये गीत मीरा ने गाए, ऐसा मत समझना, अन्यथा भूल हो जाएगी। वह जो मीरा का घाव है हरा, उसने गाए हैं। अन्यथा मीरा चुप रहती। कहने को क्या था? कहना किससे था? जिससे कहना था, उससे शब्दों में कहने की कोई जरूरत नहीं। और जिनकी समझ में शब्द आते हैं, उनसे कहने का कोई सार नहीं, क्योंकि वे समझ न सकेंगे।

घायल की गति घायल जाणे।

फिर भी मीरा रो रही है। ये कहे गए हैं शब्द। ये अनायास प्रकट हुए हैं। ये गहन पीड़ा से निकले हैं। इनको मीरा रोक नहीं सकी। जैसे घाव से खून बह गया है, ऐसे ये शब्द बहे हैं।

मिलन बहुत प्यारा है! विरह बहुत खारा है! और जिसने विरह के खारेपन को न सहा, उसे मिलन की मिठास भी नहीं मिलेगी। मिलन तो सभी चाहते हैं। विरह कोई भी नहीं झेलना चाहता। इसलिए मिलन नहीं हो पाता। विरह झेलना होगा। विरह की कसौटी से गुजरना होगा। वह परीक्षा देनी ही पड़ेगी। और परीक्षा कठिन है, बहुत कठिन है! क्योंकि तोड़ती ही चली जाती है। तोड़ती ही चली जाती है। जलाती ही चली जाती है। रोज—रोज पीड़ा सघन होती चली जाती है।

जैसे—जैसे परमात्मा के करीब आते हो, पीड़ा बढ़ती है, पीड़ा मिटती है जरूर, जब मिलन हो जाता है। तब बड़ा स्वाद है, बड़ी मिठास है, बड़ा माधुर्य है, बड़ी मदिरा है! लेकिन उसके पहले बड़ा खारापन है। सागर के सागर पी लेने पड़ते हैं, तब कहीं स्वाति की एक बूंद हाथ लगती है।

पद घुंघरू बांध-(प्रवचन-15)

CamScanner

10:26 am 97%

मीरा कहती है: हम कीचड़ में घसिट रहे हैं। और प्रभु विराजमान है गगन में। बड़ी दूरी है। किस विधि मिलना होइ? तड़फते हैं प्राण। हम इस पार, तुम उस पार। नाव का कुछ पता नहीं। कैसे हम उस पार आएं? कैसे तुम इस पार आओ? कैसे मिलना हो? और जब तक मिलना न हो तब तक कैसी सांत्वना, कैसी शांति, कैसा विश्राम?

सूली ऊपर सेज हमारी, सोवण किस विधि होइ।

गगन मंडल पे सेज पिया की, किस विधि मिलना होइ।

दरद की मारी बन बन डोलूं, बैद मिल्या नहिं कोइ।

वैद्य मिल भी नहीं सकता। यह बीमारी ऐसी नहीं कि जिसकी चिकित्सा हो जाए। यह तो परम वैद्य मिलेगा, तो ही बीमारी जाएगी।

दरद की मारी बन बन डोलूं...

मीरा कहती है: घूमती हूं—इस कोने से उस कोने, इस नगर से उस नगर, इस वन से उस वन। पुकारती फिरती हूं। सब तरफ आवाज देती हूं। सब द्वार खटखटाती हूं—इस मंदिर के, उस मंदिर के—लेकिन कहीं कोई वैद्य नहीं मिलता। कहीं कोई नहीं मिलता जो इस बाण को खींच ले, घाव को भर दे। नहीं कोई वैद्य मिल सकता। और अच्छा ही है कि वैद्य नहीं मिल सकता। उस वैद्य का उपाय ही नहीं किया है परमात्मा ने। जिसको भक्ति का घाव लगा, वह फिर भरने वाला नहीं है; वह बढ़ता ही चला जाता है।

भक्त एक दिन पूरा का पूरा घाव हो जाता है, पूरा प्यास हो जाता है। उस दिन मिलन है। उसके पहले मिलन नहीं। यह कीमत चुकानी पड़ती है।

मीरा की प्रभु पीर मिटेगी, जब बैद सांवलिया होइ।

यह पीड़ा तो तभी मिटेगी जब सांवलिया खुद वैद्य होकर आएगा, खुद प्रियतम वैद्य होगा। खुद परमात्मा ही जब हाथ रखेगा इस घाव पर, तभी यह भरेगा। किसी और हाथ से भर नहीं सकता। किसी और हाथ से भरे जाने की इच्छा भी नहीं है, संभावना भी नहीं है।

CamScanner

10:23 am 98%

---

कुछ लोग अपना सारा जीवन इसमें ही व्यतीत करते हैं कि उनके बच्चे बड़े हों, उनके बच्चे शिक्षित हों, उनके बच्चे विवाहित हों, उनके बच्चे व्यवस्थित हो जाएं। उनसे कोई पूछे कि यही तुम्हारे पिता कर रहे थे तुम्हारे लिए, यही तुम्हारे बच्चे उनके बच्चों के लिए करेंगे, यह गोरखधंधा किसलिए है? तुम्हारे पिता इसलिए जिए कि तुम बड़े हो जाओ, शिक्षित हो जाओ, व्यवस्थित हो जाओ; तुम इसलिए जी रहे हो कि तुम्हारे बच्चे बड़े हो जाएं; तुम्हारे बच्चे भी इसलिए जिएंगे। इस जीने का प्रयोजन क्या है?

कहीं ऐसा तो नहीं कि जीने का ढंग समझ में नहीं आता है, इसलिए कहीं भी लगाकर मन को व्यस्त रख लेते हैं? बच्चों में लगाकर व्यस्त रख लेते हैं। जिनके बच्चे हैं, वे परेशान हैं कि इनकी वजह से जी नहीं पाते; जिनके बच्चे नहीं हैं, वे परेशान हैं कि जिएं कैसे, बच्चे हैं ही नहीं?

